3 राजधानी
केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम केजरीवाल का खत

6 अभिमत
रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

10 स्पोर्ट्स
कार्तिक ने केकेआर की कप्तानी छोड़ी

11 विदेश
ब्रिटेन में भारतीय छात्र बिठा रहे तालमेल



RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 341
नई दिल्ली, शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com






जैनुअरी जोन्स ने स्तन कैंसर के प्रति किया जागरूक
विविध-12


# पराली जलाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल

## पंजाब, हरियाणा, यूपी पर नजर रखने को बनाई निगरानी समिति, रिटायर्ड जस्टिस मदन बी लोकुर को किया नियुक्त

- समिति करेगी स्थलीय सर्वेक्षण, हर 15 दिन में सौंपेगी रिपोर्ट तीनों राज्यों के मुख्य सचिव करेंगे सहयोग
- एक सदस्यीय समिति के गठन को लेकर केंद्र के ऐतराज को किया दरकिनार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली और उससे जुड़े शहरों में पराली के धुएं से हो रहे वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने दखल दिया है। सर्वोच्च अदालत ने पंजाब ,हरियाणा और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने से रोकने को कदम उठाने के लिए सेवानिवृत्त न्यायाधीश मदन बी लोकुर की अध्यक्षता में एक सदस्यीय समिति गठित कर दी है। यह समिति हर 15 दिन में स्थलीय सर्वे करेगी और तीनों राज्यों के मुख्य सचिव उनका सहयोग करेंगे। मुख्य न्यायाधीश एसए बोबडे की अगुवाई और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना व न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की सदस्यता वाली पीठ ने समिति के सहयोग के लिए राष्ट्रीय कैडट कोर (एनसीसी) और राष्ट्रीय सेवा योजना और भारत स्काउट्स की तैनाती के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही समिति के गठन पर सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता की आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि संबंधित राज्यों की दलीलें सुनी जा चुकी हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने अदालत द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकार (ईपीसीए) तथा हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिवों को उन खेतों की निगरानी में लोकुर समिति की मदद करने का निर्देश दिया, जिनमें पराली जलाई जाती है।

पीठ ने कहा कि हम बस इतना चाहते हैं कि दिल्ली और एनसीआर के लोग बिना किसी प्रदूषण के स्वच्छ हवा में सांस ले सकें। केंद्र, उत्तर प्रदेश और हरियाणा की ओर से पेश मेहता ने पीठ से कहा कि एक सदस्यीय समिति के गठन से उन्हें कुछ आपत्तियां हो सकती हैं। साथ ही कहा कि ईपीसीए को पराली जलाने से रोकने के लिए निगरानी प्राधिकार होना चाहिए। उन्होंने पीठ से मामले की सुनवाई दशहरे की छुट्टी के बाद करने का अनुरोध किया। मेहता ने कहा कि केन्द्र और संबंधित राज्यों को समिति गठित करने के संबंध में कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था। शीर्ष अदालत ने संबंधित राज्यों को निर्देश दिया कि वे लोकुर समिति को पर्याप्त सुरक्षा, सचिवालीय अवसंरचना और आने-जाने की सुविधा प्रदान करें।

अदालत ने समिति को अपनी रिपोर्ट हर पखवाड़े पेश करने के निर्देश दिए। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान न्यायमूर्ति मदन लोकुर ने पराली जलाने के पहलू सहित प्रदूषण से जुड़े मामलों की सुनवाई की थी। पीठ पराली जलाने की वजह से प्रदूषण की स्थिति को लेकर आदित्य दुबे की जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

पराली जलाए जाने के मामले की निगरानी के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा लोकुर समिति के गठन के फैसले का स्वागत करते हुए आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को दावा किया कि केंद्र समिति के गठन के पक्ष में नहीं था, क्योंकि वह पराली जलाए जाने के मुद्दे का महत्व कम दिखाना चाहता था। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप के प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा केंद्र समिति के गठन के पक्ष में नहीं था क्योंकि वह चाहता था कि उत्तर भारत में प्रदूषण की मुख्य वजह के तौर पर पराली जलाए जाने के मुद्दे को महत्व न दिया जाए क्योंकि यह भाजपा के नजरिए के हिसाब से उपयुक्त नहीं है। भारद्वाज ने कहा, हम इस मामले में उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हैं।

### हवा की गति बढ़ने से प्रदूषण में कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राजधानी** और आसपास के शहरों में तीन दिन वायु प्रदषण से बुरा हाल रहा, लेकिन शुक्रवार को स्थिति में मामूली सुधार दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, हवा की अनुकूल गति के कारण प्रदूषकों के व्यापक स्तर पर फैलने में मदद मिली। इससे राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर में आंशिक कमी आई है। शहर में शुक्रवार सुबह 10 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 250 दर्ज किया गया। वहीं, गुरुवार को 24 घंटे का औसत 315 था, जो 12 फरवरी (एक्यूआई 320) के बाद से सबसे खराब स्थिति थी।

# बेटियों के ब्याह के लिए सही उम्र तय करने पर फैसला जल्द: मोदी

- केंद्र ने शादी की उम्र और मातृत्व के अंतर्संबंधों की जांच परख को गठित की है टास्क फोर्स

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन के कार्यक्रम को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि लड़कियों की शादी की उपयुक्त उम्र को लेकर गठित की गई समिति की रिपोर्ट आते ही सरकार इस पर कार्रवाई करेगी। प्रधानमंत्री ने यह बात वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

उन्होंने कहा कि बेटियों की शादी की उचित उम्र क्या हो, ये तय करने के लिए भी चर्चा चल रही है। मुझे देशभर की जागरूक बेटियों की चिट्ठियां आती हैं कि जल्दी से निर्णय कीजिए। मैं उन सभी बेटियों को आश्वासन देता हूं कि बहुत ही जल्द रिपोर्ट आते ही उस पर सरकार अपनी कार्रवाई करेगी।' मालूम हो कि 15 अगस्त को इस साल लाल किले की प्राचीर से अपने संबोधन में मोदी ने लड़कियों की शादी की उपयुक्त उम्र तय करने के लिए एक समिति के गठन की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था, 'बेटियों में कुपोषण खत्म हो, उनकी शादी की सही आयु क्या हो, इसके लिए हमने कमेटी बनाई है। उसकी रिपोर्ट आते ही बेटियों की शादी की उम्र के बारे में भी उचित फैसले लिए जाएंगे।

देश में अभी लड़कियों की शादी की कम से कम उम्र 18 वर्ष निर्धारित है जबकि लड़कों की उम्र सीमा 21 वर्ष है। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने आज कहा कि छोटी आयु में गर्भ धारण करना, शिक्षा की कमी, जानकारी का अभाव, शुद्ध पानी न होना, स्वच्छता की कमी, ऐसी अनेक वजहों से कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में जो अपेक्षित परिणाम मिलने चाहिए थे, वह नहीं मिल पाए। उन्होंने कहा कि देश में अलग-अलग स्तर पर कुछ विभागों द्वारा प्रयास हुए थे, लेकिन उनका दायरा या तो सीमित था या टुकड़ों में बिखरा पड़ा था। उन्होंने कहा, 'जब 2014 में मुझे देश की सेवा करने का मौका मिला तब मैंने देश में नए सिरे से प्रयास शुरू किए गए। हम एकीकृत सोच लेकर आगे बढ़े, होलिस्टिक अप्रोच लेकर आगे बढ़े। तमाम बाधाओं को समाप्त करके हमने एक बहुआयामी रणनीति पर काम शुरू किया।

उन्होंने कहा कि कुपोषण से निपटने के लिए एक और महत्वपूर्ण दिशा में काम हो रहा है। अब देश में ऐसी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमें पौष्टिक पदार्थ- जैसे प्रोटीन, आयरन, जिंक इत्यादि ज्यादा होते हैं।

## नवरात्र आज से
## प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम। वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम॥**

मां दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के यहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

## सुशांत मामले में अफवाहें फैलाने के लिए दिल्ली का व्यक्ति गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**सुशांत** सिंह राजपूत केस में झूठी खबरें फैलाने के आरोप में दिल्ली के एक वकील विभोर आनंद को मुम्बई पुलिस की स्पेशल सेल ने गिरफ्तार किया है। विभोर पर आरोप है कि उसने कथित तौर पर महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे और राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख के साथ सुशांत और उनकी मैनेजर दिशा सालियान की मौत को जोड़ते हुए यूट्यूब पर वीडियो पोस्ट किया था। इसके बाद अगस्त में एफआईआर दर्ज की गई थी। विभोर पर इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया गया है और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की गाइडलाइंस का उल्लंघन करने के आरोप में उसका ट्विटर अकाउंट भी निलंबित कर दिया गया है। अदालत ने विभोर को मुम्बई पुलिस की हिरासत में भेज दिया है। सुशांत की मैनेजर दिशा सालियान की 8 जून को मुंबई के एक रेजिडेंशियल बिल्डिंग के 14वें फ्लोर से गिरकर मौत हो गई थी। आनंद ने ट्विटर पर दावा किया था कि (शेष पेज 9)

# चीन से तनाव के बीच पुख्ता तैयारी, आ रहे और चार राफेल

- 28 जुलाई को पांच राफेल लड़ाकू विमानों की पहली खेप आई थी भारत, दस सितंबर को वायुसेना में हुए थे शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर जारी गतिरोध के बीच नवंबर की शुरुआत में तीन से चार और राफेल लड़ाकू विमानों के आने से भारत की ऑपरेशनल तैयारियों को मजबूती मिलेगी। पहले खेप में पांच विमान आएं थे, जो सितंबर में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) के बेड़े में शामिल हो गए थे।

अब ये विमान लद्दाख में सीमा पर लगातार गश्त कर रहे हैं। ये चीन द्वारा पेश किसी भी चुनौती का सामना करने की तैयारियों का एक हिस्सा हैं। आईएफ के बेड़े में और राफेल विमानों के शामिल होने से उसकी समग्र तैयारी को और बल मिलेगा। आईएएफ ने एसयू-30, मिग-29 और जगुआर समेत अपने सभी अग्रिम मोर्चे के विमानों को पश्चिम लद्दाख से लेकर पूर्व में अरुणाचल प्रदेश तक फैले एलएसी पर स्थित कुछ अहम अग्रिम ठिकानों पर पहले से ही तैनात कर रखा है। तीन से चार और राफेल विमानों के शामिल होने पर सूत्रों ने यहां शुक्रवार को बताया कि नए विमानों को कुछ ही दिन में सक्रिय ड्यूटी के लिए तैयार कर लिया जाएगा। उन्हें वर्तमान में मौजूदा राफेल विमानों के साथ अंबाला एयरबेस में रखा जाएगा। विमानों की पहली खेप 28 जुलाई को भारत आई थी और उन्हें औपचारिक रूप से 10 सितंबर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा उनके फ्रेंच समकक्ष फ्लोरेंस पैरी की मौजूदगी में औपचारिक रूप से बेड़े में शामिल किया गया था। इसी से संबंधित एक घटनाक्रम में असिस्टेंट चीफ ऑफ एयर स्टाफ (प्रोजेक्ट) एयर वाइस मार्शल एन तिवारी की अध्यक्षता में आईएएफ की एक टीम फ्रांस गई है, (शेष पेज 9)

# शौर्य चक्र विजेता बलविंदर को घर में घुसकर मारी गोली, मौत

- पंजाब में आतंकियों का काल बने थे, पिछले माह हटाई गई सुरक्षा, कैप्टन अमरिंदर सिंह ने गठित की एसआईटी

**पायनियर समाचार सेवा।** अमृतसर



बलविंदर सिंह संधू (फाइल फोटो)

**पंजाब** में आतंकवाद के खिलाफ लड़ चुके एवं शौर्य चक्र से सम्मानित बलविंदर सिंह संधू की पंजाब के तरन तारन जिले में शुक्रवार को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सरकार ने कुछ समय पहले उनकी सुरक्षा वापस ली थी।

पुलिस ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार हमलावरों ने 62 वर्षीय संधू पर उस समय चार गोलियां चलायीं जब वह जिले में भीखीविंड गांव स्थित अपने घर से लगे दफ्तर में थे। हमलावर हमला करने के बाद मौके से फरार हो गये। संधू को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। संधू कई साल राज्य में आतंकवाद के खिलाफ लड़े और पंजाब में खालिस्तानी आतंकवाद जब चरम पर था तब उन पर 16 आतंकवादी हमले किये गए। बलविंदर सिंह संधू के भाई रंजीत ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष पहले तरन तारन पुलिस की सिफारिश पर संधू की सुरक्षा वापस ले ली थी।

उन्होंने कहा कि उनका पूरा परिवार आतंकवादियों के निशाने पर रहा है। बलविंदर सिंह संधू कुछ वृत्तचित्रों में भी आये थे। संधू और उनके परिवार से प्रेरित होकर कई लोगों ने आतंकवादी हमलों से खुद का बचाव (शेष पेज 9)

## बलिया कांड का मुख्य आरोपी धीरेंद्र अब तक फरार, एक गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** बलिया

**उत्तर** प्रदेश के बलिया जिले के रेवती कांड के एक आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि मुख्य आरोपी अब भी पुलिस की पकड़ से दूर है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी ब्रज भूषण ने शुक्रवार को पत्रकारों को बताया कि पुलिस ने इस मामले में आरोपी नरेंद्र प्रताप को गिरफ्तार कर लिया है। नरेन्द्र, रेवती कांड के मुख्य आरोपी धीरेंद्र प्रताप सिंह डब्ल्यू के बड़े भाई हैं। पुलिस के एक अन्य अधिकारी ने बताया कि जिले के रेवती थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर ग्राम में बृहस्पतिवार को सरकारी सस्ते गल्ले के दुकान के चयन के दौरान एक व्यक्ति की हुई हत्या के मामले में तीन उप निरीक्षक सहित नौ पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। जिलाधिकारी हरि प्रताप शाही ने बताया कि मामले के आरोपियों के असलहा लाइसेंस को निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी तरफ भाजपा विधायक सुरेंद्र सिंह ने सीबीसीआईडी जांच की मांग की है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 39,982 | ↑ 254 | |
| निफ्टी | 11,762 | ↑ 82 | |
| सोना | 51,704 | ↑ 324 | /10g |
| चांदी | 62,972 | ↑ 1598 | /kg |

## क्विक न्यूज

### श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मालिकाना हक पर याचिका मंजूर, सुनवाई 18 को

**मथुरा।** मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मस्थान परिसर मे स्थित शाही ईदगाह मस्जिद को हटाकर उक्त भूमि वापस उसके मालिक श्रीकृष्ण जन्मस्थान ट्रस्ट को सौंपे जाने के अनुरोध वाली जिला न्यायाधीश की अदालत में दाखिल की गई याचिका मंजूर कर ली गई। लखनऊ निवासी अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री और छह अन्य लोगों ने जिला न्यायाधीश साधना ठाकुर की अदालत में यह याचिका सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता हरीशंकर जैन और विष्णु जैन के माध्यम से दाखिल की थी। इस पर सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया। अगली सुनवाई 18 नवंबर को होगी। अधिवक्ता जैन ने बताया, जब हम लोगों ने इस संबंध में एक याचिका मथुरा के ही दिवानी न्यायाधी (प्रवर वर्ग) की अदालत में 25 सितंबर को दाखिल की तो वहां प्रभारी दिवानी न्यायाधीश (अपर जिला एवं त्वरित न्यायालय संख्या दो) ने 30 सितम्बर को दिए फैसले में इस तर्क केसाथ याचिका खारिज कर दी कियाची न तो उक्त ट्रस्ट का सदस्य है और न ही मामले में किसी पक्ष से संबंधित है।

# दस साल बढ़ी भारतीयों की उम्र, पर बीमारियों के साथ

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

- तीन दशक पहले जीवन प्रत्याशा जहां 59.6 वर्ष थी, अब बढ़कर हुई 70.8 साल
- वायु प्रदूषण, उच्च रक्तचाप, तंबाकू, खराब आहार व हाई ब्लड शुगर मौत के सबसे बड़े कारण

**पिछले** तीन दशकों में भारतीयों की उम्र तेजी से बढ़ी है। नब्बे के दशक की शुरुआत के मुकाबले भारतीय अब औसतन एक दशक से अधिक समय तक जी रहे हैं यानी वर्ष 1990 में जीवन प्रत्याशा जहां 59.6 वर्ष थी, यह बढ़कर 2019 में 70.8 वर्ष हो गई है। हालांकि राज्य स्तर पर जीवन प्रत्याशा में असमानता बढ़ी है।

एक औसत केरलवासी जहां 77.3 वर्षों तक जीवित रहता है, वहीं, उत्तर प्रदेश में एक व्यक्ति की उम्र 66.9 वर्ष होती है। लांसेट पत्रिका में शुक्रवार को प्रकाशित ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) अध्ययन के मुताबिक भारतीयों की उम्र तो बढ़ी है लेकिन वे लंबे समय तक बीमारी और विकलांगता के साथ जीते हैं। इस अध्ययन में कहा गया है कि भारत में 2019 में सबसे ज्यादा मौतें पांच मुख्य कारणों वायु प्रदूषण, उच्च रक्त चाप, तंबाकू, खराब आहार और हाई ब्लड शुगर आदि से हुईं।

शोध में यह भी कहा गया है कि पुरानी बीमारियां कोविड-19 से मौतों की संख्या बढ़ा सकती है, क्योंकि सह-रुग्णता (शेष पेज 9)

# भाजपा गरजी-वोट कटवा है लोजपा, चिराग बोले-मैं मोदी का हनुमान

**उषा श्रीवास्तव।** नई दिल्ली

- तेजस्वी का तंज-थक गए हैं नीतीश कुमार, नहीं संभाल पा रहे बिहार लेकिन सत्ता की चाहत बरकरार

**बिहार** के चुनाव मैदान में रणबांकुरे कूद चुके हैं। वे अपने विरोधियों को न सिर्फ ललकार रहे हैं बल्कि उन्हें मात देने को शतरंजी चालें भी चल रहे हैं। सबसे रोचक लड़ाई राजग और हाल ही उससे नाता तोड़ने वाली लोजपा के बीच छिड़ी हुई है। लोजपा के चिराग किसी भी सूरत में भाजपा खासकर पीएम मोदी की सरमाएदारी से अलग होने को राजी नहीं।

दूसरी ओर, भाजपा नेता पूरी ताकत से यह समझाते फिर रहे हैं कि लोजपा से राजग का कोई लेना-देना नहीं। इसी कोशिश के तहत शुक्रवार को आक्रामक रुख अपनाते केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने लोजपा को वोट कटवा तक कह डाला। अपने आवास पर पत्रकारों को संबोधित करते जावडेकर ने कहा कि चिराग पासवान ने बिहार में अपना अलग रास्ता चुना है और बिहार में राजग से अलग होकर चुनाव लड़ रहे हैं। निजी स्वार्थवश वे भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का नाम लेकर भ्रम फैला रहे हैं। चिराग के इन प्रयासों की निंदा करते हुए जावडेकर ने स्पष्ट किया कि बिहार चुनाव में भाजपा की कोई बी, सी या डी टीम नहीं है।

लोजपा की झूठ और भ्रम की राजनीति सफल नहीं होगी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दो तिहाई बहुमत से विजयी होगा। राजग की एक ही टीम है और वह है भाजपा, जदयू, हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (हम) और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी)। चारों दलों की यह टीम बेहद मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है और, इस बार भी राजग के हाथों कांग्रेस, राजद और माले के अपवित्र गठबंधन को बुरी शिकस्त मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने दोहराया कि चिराग की पार्टी एक वोट कटवा पार्टी रह जाएगी। चुनाव पर बहुत ज्यादा असर नहीं नहीं डाल पाएगी। वे यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि उनसे दूर दूर तक हमारा कोई रिश्ता नहीं है।

वोट कटवा का प्रयोग सामान्यत: उस राजनीतिक दल या उम्मीदवार के लिए किया जाता है जो चुनाव तो नहीं जीत सकता लेकिन वोट काटकर किसी दूसरे दल के प्रत्याशी को हराने का माद्दा रखता है। जावडेकर से पहले बिहार (शेष पेज 9)

## बिहार विस चुनाव-दिलचस्प मोड़ पर



पटना में बिहार के लिए राजग का घोषणा पत्र जारी करते केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद, बिहार भाजपा प्रभारी देवेंद्र फडणवीस और जदयू नेता संजय झा

## मोदी करेंगे 12 रैलियां नीतीश के लिए पहली बार मांगेंगे वोट

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी बिहार चुनाव में राजग की जीत पक्की करने के लिए 12 रैलियां करेंगे जिनकी शुरुआत 23 अक्टूबर से होगी। प्रधानमंत्री की हर रैली राजग की रैली होगी जिसमें मुख्यमंत्री व जदयू सुप्रीमो नीतीश कुमार के अलावा गठबंधन के अन्य नेता मौजूद रहेंगे। बिहार में भाजपा के चुनाव प्रभारी और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शुक्रवार को प्रधानमंत्री के चुनावी कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी बिहार में 12 रैलियां करेंगे। 23 अक्टूबर को सासाराम में (शेष पेज 9)

# उद्योग एवं रोजगार से तरक्की की नयी राह

*कोविड -19 काल में योगी सरकार ने उद्योग को प्राथमिकता में रखकर मध्यम, छोटे एवं लघु इकाईयों को अनेक प्रकार की सुविधाएं व सहूलियतें प्रदान की हैं, जिनसे लाखों लोगों को रोजगार के साथ-साथ स्वरोजगार के भी अवसर प्राप्त हो रहे हैं। नतीजा यह है कि एमएसएमई उद्यम की नई इकाईयों में 23 लाख से अधिक नये रोजगार सृजित हुये हैं। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिये रिकार्ड सरकारी भर्तियों का रास्ता भी खोला है। इसकी प्रक्रिया प्रारम्भ हो गयी है।*

> *उत्तर प्रदेश आपदा को अवसर में बदलने में सफल रहा है। संकट में साहस और सूझबूझ दिखाने वाले को सफलता मिलती है। राज्य सरकार और प्रदेशवासियों ने जो साहस और सूझबूझ दिखाई उससे आपदा के समय में भी उत्तर प्रदेश सफलतापूर्वक आगे बढ़ा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा उनकी टीम सभी ने सराहनीय कार्य किया है।*
>
> **नरेन्द्र मोदी**
> **प्रधानमंत्री**



## 3 लाख से अधिक की सरकारी भर्तियां

| विभाग | भर्तियां |
|---|---|
| पुलिस विभाग | 1,37,253 |
| बेसिक शिक्षा विभाग | 54,706 |
| राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन | 28,622 |
| यूपी लोक सेवा आयोग | 26,103 |
| उत्तर प्रदेश अधीनस्थ चयन बोर्ड | 16,708 |
| चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग | 8,556 |
| माध्यमिक शिक्षा विभाग | 14,000 |
| यूपी पॉवर कॉर्पोरेशन | 6,446 |
| चिकित्सा शिक्षा विभाग | 1,112 |
| सहकारिता विभाग | 726 |
| नगर विकास विभाग | 700 |
| वित्त विभाग | 614 |
| तकनीकी शिक्षा विभाग | 365 |
| उच्च शिक्षा विभाग | 4,615 |

*उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने भी भर्तियों का कीर्तिमान बनाया है।*

| पद | पद संख्या |
|---|---|
| डिप्टी कलेक्टर | -119 |
| पुलिस उपाधीक्षक | - 94 |
| असिस्टेंट कमिश्नर (कॉमर्शियल टैक्स) | -44 |
| बीडीओ | -21 |
| कॉमर्शियल टैक्स ऑफीसर | -159 |
| आबकारी अधिकारी | -147 |
| यूपी कृषि सेवा | - 24 |
| वित्त अधिकारी | - 29 |
| खाद्य सुरक्षा अधिकारी | - 49 |
| जिला सूचना अधिकारी | -29 |
| प्रधानाचार्य | - 83 |

# उत्तर प्रदेश में बना भर्तियों का कीर्तिमान

**योगी सरकार में अब तक हर साल औसतन 1 लाख युवाओं को नौकरियां दी गई हैं जो पिछले 15 वर्षों में सबसे ज्यादा है।**



> *भर्ती की चयन प्रक्रिया में शुचिता और पारदर्शिता हमारी नीति है और इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जायेगा। करीब 3 लाख पदों पर भर्ती कर मार्च 2021 तक चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दे दिया जायेगा।*
>
> **-योगी आदित्यनाथ,**
> मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई मे प्रदेश में युवाओं के लिये नौकरियों का पिटारा खुल गया दिया है। कोविड काल विश्व में जहां रोजगार और उद्योग के लिए कड़ा संघर्ष देखने को मिल रहा है वहीं उत्तर प्रदेश में रोजगार के नये-नये अवसर सृजित हो रहे हैं।

यूपी में पिछले 15 साल पर नजर डालें तो प्रदेश की मौजूदा योगी आदित्यनाथ सरकार ने केवल तीन साल में ही 3,00,526 सरकारी नौकरियां दी हैं। यह आंकड़ा पिछले 15 वर्षों में सबसे अधिक है।

कार्मिक विभाग के आंकड़ों को देखा जाए तो प्रदेश में अब तक हर साल औसतन एक लाख युवाओं को नौकरियां मिली हैं। मौजूदा समय 85,629 पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसे मिला दिया जाए तो यह संख्या 3,86,155 हो जाती है। ऐसा सरकार द्वारा पारदर्शी ढंग से भर्तियां करने पर जोर देने के कारण संभव हो सका है।

### तीन सालों में 6566 अफसरों को पदोन्नति

उत्तर प्रदेश में नियुक्तियों में जहां रिकार्ड टूटा, वहीं कर्मचारियों को पदोन्नति देने में भी सरकार ने अच्छा कार्य किया है। लोकसेवा आयोग के आंकड़ों के मुताबिक तीन सालों में 6566 अफसरों को पदोन्नतियां दी गई हैं, इतना ही नहीं सरकारी भर्तियों से संबंधित विज्ञापन, परीक्षा कार्यक्रम और परीक्षा परिणाम समय पर घोषित किए गये एवं परीक्षा कैलेंडर जारी कर अभ्यर्थियों को तैयारी करने के लिए मौका दिया गया। अभ्यर्थियों से हर बुधवार को उनकी समस्याएं सुनकर उसका समाधान किया जा रहा है। तीन सालों में किसी भी परीक्षा के खिलाफ न्यायालय से कोई स्थगनादेश नहीं हुआ है।

राज्य सरकार ने सरकारी भर्तियों की विश्वनीयता, पारदर्शिता व सत्यनिष्ठा को मजबूत किया है।

**3,00,526**

*नौकरियां तीन साल में मिली हैं 85629 प्रक्रियाधीन*

- आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश रोजगार अभियान के तहत 1.25 करोड़ से अधिक रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं।
- 50 लाख से अधिक कामगारों को क्रियाशील औद्योगिक इकाईयों में रोजगार दिया गया है।
- 11 लाख से अधिक कामगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न औद्योगिक संस्थानों से एमओयू हस्ताक्षरित किया गया।
- अन्य राज्यों से वापस लौटे 2.57 लाख और आत्मनिर्भर ईसीजीएलएस योजना के तहत 4,31,571 कामगारों को रोजगार दिया गया है।
- मनरेगा के तहत 24.45 करोड़ मानव दिवस सृजित कर 11 सितम्बर 2020 तक 94 लाख से अधिक मजूदरों को रोजगार देकर 4681.97 करोड़ रुपये से अधिक मानदेय का का भुगतान किया गया।

# एमएसएमई इकाइयों से खुले आर्थिक विकास के द्वार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए एमएसएमई इकाइयों को अपनी प्राथमिकता में रखा है। इस समय यह इकाइयां प्रदेश के आर्थिक विकास के लिए संजीवनी का कार्य कर रही हैं। एक और जहां प्रदेश में उद्योग को प्रोत्साहन मिला है वहीं लाखों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। कोरोना संकट और लॉकडाउन के दौर में ही मुख्यमंत्री ने "एमएसएमई साथी" पोर्टल लान्च करते हुए उद्यमियों को सिंगल विंडो सिस्टम की सुविधा दी है जिस पर इस सेक्टर की कई समस्याओं के निदान की व्यवस्था है। प्रदेश सरकार ने औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिये "यूपी आइये-उद्योग लगाइये" का महाअभियान भी शुरू किया है। इसके तहत निश्चित समय सीमा में एनओसी देने की व्यवस्था है। प्रदेश के कई जनपदों में कॉमन फेसिलिटी सेंटर की शुरूआत की गयी है जिसमें उद्यमियों को विशेष सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं।

### एमएसएमई निर्यात को निरन्तर मिली गति

| 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|
| 80,000 करोड़ रूपये | 1,14,000 करोड़ रूपये | 1,20,000 करोड़ रूपये |

# उत्तर प्रदेश की नई उड़ान-नई पहचान

> एक जनपद-एक उत्पाद योजना से पिछले एक साल में प्रदेश के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इस योजना से राज्य के आर्थिक विकास के साथ ही युवाओं के लिए रोजगार बढ़े हैं। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के उत्पाद आत्मनिर्भर भारत का आधार बनेंगे। सरकार इन उत्पादों की ब्रांडिंग, डिजाइनिंग और मार्केटिंग के लिए सहयोग प्रदान कर रही है।
>
> **योगी आदित्यानाथ**
> **मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश**




एक जनपद-एक उत्पाद (ओडीओपी) कोरोना संक्रमण के इस दौर में राज्य के लोगों को रोजगार से जोड़ने के साथ ही अर्थव्यवस्था को संबल देने का बड़ा आधार बन गया है। लाखों की तादाद में लोग इस योजना के तहत रोजगार से जुड़ रहे हैं। प्रदेश सरकार प्रशिक्षण, अनुदान के साथ ही बैंको से ऋण दिलाने की मुहिम में जुटी है। टूल किट्स भी बांटे जा रहे हैं। राज्य सरकार ने ओडीओपी उत्पादों को बाजार मुहैया कराने की दिशा में भी कई ठोस कदम उठाए हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एमएसएमई उद्योगों को मिले प्रोत्साहन के फलस्वरूप प्रदेश की आर्थिक जीवनरेखा का आधार सशक्त हुआ है। इन औद्योगिक इकाइयों का संचालन राज्य की जीडीपी की बढ़ोत्तरी में विशेष भूमिका निभा रहा है।

इस वर्ष 20 लाख नई इकाइयों को लोन देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में नई एमएसएमई इकाइयों की स्थापना के लिए नियमों को सरल किया गया है। उद्यमियों को एक प्रोफार्मा पर 72 घंटे के अन्दर उद्यम लगाने की स्वीकृति प्रदान करने की सुविधा राज्य सरकार ने दी है। अन्य औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए 1000 दिन का अतिरिक्त समय उद्यमियों को मिलेगा।

# पीएमईजीपी में उत्तर प्रदेश को देश में प्रथम स्थान

**उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा 27957 लोगों को रोजगार से जोड़कर 135 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल की गई**




उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत 135 प्रतिशत की उपलब्धि हासिल कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। बोर्ड द्वारा 27957 व्यक्तियों को स्वरोजगार से जोड़ा गया। गत वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत रोजगार सृजन का लक्ष्य 20576 निर्धारित किया गया था, जिसके सापेक्ष 2363 इकाइयों को 327 करोड़ रुपये का ऋण वितरित कराकर 27957 लोगों को रोजगार के अवसर मुहैया कराए गए। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत गुजरात को दूसरा और महाराष्ट्र को तीसरा स्थान मिला है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन से हासिल की गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के माध्यम से सूक्ष्म श्रेणी की इकाइयों की स्थापना खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा कराकर रोजगार के अवसर सृजित किये गये हैं। इस योजना का क्रियान्वयन देश के सभी प्रदेशों में गठित खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा प्रभावी रूप से किया जा रहा है। इसमें उत्तर प्रदेश ने सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन सुनिश्चित कर रोजगार सृजन को विशेष प्रमुखता प्रदान की है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम का संचालन केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। जिसके माध्यम से सूक्ष्म श्रेणी की इकाइयों की स्थापना कराकर बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्राविधान किया गया है।

# 8.51 लाख इकाइयों को वितरित हुआ 24,064 करोड़ रूपये का ऋण

उत्तर प्रदेश सरकार ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों की 8.51 लाख इकाइयों को 24064 करोड़ रुपये का ऋण दिया है। इसमें से 13531 करोड़ रुपये का ऋण नई इकाइयों को मिला है। इस वर्ष 20 लाख नई इकाइयों को लोन देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में नई एमएसएमई इकाइयों की स्थापना के लिए नियमों को सरल किया गया है। उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिये इन इकाइयों को जो ऋण वितरित किये है उनमें से 4.33 लाख पुरानी औद्योगिक इकाइयों को 10533 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है। प्रदेश सरकार के इस अभियान के तहत 14 मई 2020 को प्रदेश में पहला ऑनलाइन लोन मेला आयोजित कर लगभग 57000 नई एमएसएमई इकाइयों को 2002 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किये गये थे।

प्रदेश में नये रोजगार सृजन से समाज के विभिन्न वर्गों के जीवन यापन में व्यापक परिवर्तन आ रहा है। एमएसएमई इकाइयों को ऋण सुविधा के लिए एक पोर्टल भी समर्पित है।




## हस्तशिल्पियों को प्रोत्साहन

**•विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना**

योगी सरकार प्रदेश के हस्तशिल्पियों को मंच प्रदान करने का कार्य कर रही है। वित्तीय समावेश के साथ कारीगरों को जोड़े जाने से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिलेगी। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के पारंपरिक कारीगरों की आजीविका के साधनों का सुदृढ़ीकरण विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत किया जा रहा है। इस योजना में लाभार्थियों को मार्जिन मनी का लाभ मिल रहा है एवं इसके तहत राज्य सरकार द्वारा जितने भी प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये जाएंगे ऐसे सभी आवेदकों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से लाभांवित किया जायेगा।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के कारीगरों को मुद्रा योजना से जोड़ते हुए उन्हें ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत पारंपरिक कारीगरों को प्रशिक्षण के साथ-साथ उन्नत टूल्स उपलब्ध कराने की व्यवस्था भी की है।

## निवेशकों के लिए वर्चुअल रोड-शो

**•माइक्रोसाफ्ट का बड़ा कैंपस उत्तर प्रदेश में**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ के दिशा निर्देशों पर यूपी में विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने के लिए किए गए वर्चुअल रोड-शो को बड़ी सफलता मिली है। प्रबंध निदेशक एवं कारपोरेट प्रेसिडेंट, माइक्रोसाफ्ट इंडिया ने प्रदेश में विश्वस्तरीय टेक्नोलाजी हब बनाने के लिए अपनी सहमति दी है। कंपनी ग्रेटर नोएडा में 4000 करोड़ रूपये की लागत से कैम्पस स्थापित करने जा रही है।

प्रदेश सरकार ने राज्य में निवेशकर्ताओं को हर सम्भव सहयोग और सुविधाएं मुहैया कराने की व्यवस्था की है। उत्तर प्रदेश में माइक्रोसाफ्ट कंपनी को कैम्पस की स्थापना के लिए राज्य सरकार रेड कारपेट की सुविधा देगी। इस कैम्पस की स्थापना से भारत को इलेक्ट्रानिक हब बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा गंतव्य बनेगा। प्रदेश को तकनीकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल होगी। इसके साथ ही राज्य सरकार नोएडा में जेवर एअरपोर्ट के निकट इलेक्ट्रानिक सिटी स्थापित कर रही है। इस सिटी में स्थापित होने वाली इकाइयों को सभी आवश्यक सुविधाएं सुलभ कराने के लिए राज्य सरकार दृढ़ संकल्पित है। प्रदेश में इलेक्ट्रानिक सिटी के विकास की अपार संभावनाएं होने के कारण सरकार ने इस क्षेत्र को प्रमुखता प्रदान की है। टीसीएस, विप्रो, हायर जैसी कंपनियां नोएडा/ग्रेटर नोएडा में अपना उद्यम स्थापित कर रही हैं।



महादीपक वर्मा निवासी कासगंज ने पीएमईएपी योजना के तहत ऋण अपने आर्टिफिशियल ज्वैलरी के व्यवसाय को बढ़ाने मे लिया था वर्तमान मे उसके साथ अन्य लोगो को इससे रोजगार मिला है जिनकी संख्या मे वृद्धि होने की पूरी उम्मीद है सरकार की तारीफ करने हुये ये कहते है कि यह योजना छोटे व्यवसाय के लिए वरदान है।

**महादीपक वर्मा**

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार ,17 अक्टूबर, 2020



### केंद्रीय शिक्षा मंत्री से सीएम केजरीवाल ने लगाई गुहार

# अंग्रेजों के जमाने का कानून बदलें

- लिखा पत्र, सरकार खोलना चाहती है नए कॉलेज और यूनिवर्सिटी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में दाखिले की दौड़ शुरू हो गई है। कई कॉलेजों में पहली कटऑफ 100 फीसदी है। ऐसे में कम अंक वाले छात्रों के सामने प्रवेश की समस्या खड़ी हो गई है।

इसके समाधान के किए नई यूनिवर्सिटी व कॉलेजों की जरूरत पर बल देते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यूनिवर्सिटी और कॉलेजों की संख्या काफी कम होने की वजह से कई कॉलेजों में कटऑफ सौ फीसदी तक पहुंच गया है। एडमिशन के लिए मारामारी हो रही है। वह राजधानी में कई नए कॉलेज और विश्वविद्यालय खोलना चाहते हैं लेकिन दिल्ली यूनिवर्सिटी एक्ट इसमें अड़चन पैदा कर रहा हैं।

ऐसे में उन्होंने अंग्रेजों के जमाने के डीयू एक्ट 1922 के सेक्शन 5(2) को हटाने के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री मेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर दिल्ली विवि एक्ट में संशोधन करने का अनुरोध किया है। डिजिटल संवाददाता सम्मेलन में अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि छात्रों को हायर एजुकेशन के लिए अधिक अवसर मुहैया कराने के लिए दिल्ली में और अधिक कॉलेज तथा विश्वविद्यालय खोलने की आवश्यकता है। यहां हर साल लगभग 2.5 लाख छात्र 12वीं कक्षा पास करते हैं। उनमें से केवल 1.25 लाख छात्रों को ही शहर के कॉलेजों में प्रवेश मिलता है।

दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध 91 कॉलेज और संस्थान हैं, जबकि पेशेवर डिग्री प्रदान करने वाले आईपी विश्वविद्यालय के 127 कॉलेज और संस्थान हैं।

डीयू अधिनियम की धारा 5 (2) के तहत शहर में स्थापित नए कॉलेजों को दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध करना होगा। सीएम ने दावा किया कि पिछले 30 वर्षों में, डीयू ने किसी भी नए कॉलेज को अपनी संबद्धता नहीं दी है।ऐसा क्षमता पूरी होने के कारण हो सकता है। कॉलेजों में कट-ऑफ बढ़कर 100 फीसदी तक पहुंच गई है। कम प्रतिशत 60, 70 वाले बच्चे कहां जाएंगे। उतनी तेजी से कॉलेजों व विवि की संख्या नहीं बढ़ी। कॉलेजों मे कटऑफ 100 प्रतिशत तक इसलिए पहुंच गया है।

### पहली कटऑफ के बाद दाखिला लेने वालों की बढ़ी तादाद : डीयू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने कहा है कि कोविड-19 के चलते ऑनलाइन प्रक्रिया होने से इस साल पहली कटऑफ के बाद दाखिला लेने वालों की संख्या में अच्छी खासी वृद्धि हुई है।

डीयू के अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल पहली कट-ऑफ आने के बाद लगभग 24,000 छात्रों ने दाखिला लिया था, लेकिन इस साल 29 हजार छात्र दाखिला ले चुके हैं। यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। कॉलेजों ने कहा कि 2020 में उनके यहां दाखिलों में अच्छी खासी वृद्धि हुई है।

दिल्ली विश्वविद्यालय की डीन शोभा बगाई ने कहा कि कॉलेजों में दाखिला लेने वालों की संख्या बढ़ी है। सुदूर में बैठा कोई छात्र कॉलेज आए बगैर ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इससे पहले उन्हें दाखिले के लिए कॉलेज आना पड़ता था, लेकिन अब वे अपने घर बैठे दाखिला ले सकते हैं।

# पानी के अनाप-शनाप बिल पर अफसरों को दी चेतावनी



- ज्यादा उपभोक्ता शिकायतों वाले जोनल कार्यालयों के खिलाफ होगी कार्रवाई : चड्ढा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के उपाध्यक्ष राघव चड्ढा ने अधिकारियों को पानी के बिल में मानवीय गलतियां कम करने का निर्देश देते हुए कहा कि ज्यादा उपभोक्ता शिकायतों वाले जोनल कार्यालयों के खिलाफ कार्वाई की जाएगी। चड्ढा ने सभी 41 जोनल राजस्व अधिकारियों (जेडआरओ) के साथ एक बैठक में कहा कि उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड के ट्विटर हैंडल पर गलत बिल के बारे में कई शिकायतें देखी हैं।

राघव चड्ढा ने कहा उनकी जानकारी में आया है कि पिछले कुछ समय से बिल गलत वॉटर मीटर रीडिंग के आधार पर जारी किए जा रहे हैं। कारण कई हो सकते हैं, जैसे गलत जानकारी फीड करना, लॉक किया हुआ वॉटर मीटर, मानवीय त्रुटि आदि। इसका डीजेबी के बिल तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

हर एक पानी मीटर रीडर उपभोक्ता के घर पर रीडिंग लेते समय स्वयं मौजूद रहना चाहिए।

डीजेबी के पास 1000 से अधिक मीटर रीडर हैं। चड्ढा ने कहा कि अधिक संख्या वाले उपभोक्ता शिकायतों और सबसे कम सही बिल वाले जेडआरओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को साथ ही एंड्रायड आधारित टैबलेट का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने का भी निर्देश दिया।

# एनडीएमसी पर लगा एक करोड़ का जुर्माना



- कूड़ा जलाने के मामले में कार्रवाई नहीं करने पर दिल्ली सरकार ने दिखाई सख्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने उत्तर पश्चिम दिल्ली के किरारी गांव में कूड़ा जलाए जाने के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने को लेकर उत्तरी दिल्ली नगर निगम(एनडीएमसी) पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

राय ने कहा कि स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर कूड़ा जलाने की नियमित रूप से हो रही घटना उनके संज्ञान में लाई गई थी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, दिल्ली की वायु गुणवत्ता क्रमिक रूप से बदतर हो रही है लेकिन एर्जेसियां अब भी इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। पर्यावरणीय नियमों का यहां धड़ल्ले से उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इलाके में कूड़ा जलाए जाने पर रोक नहीं लगाने को लेकर उत्तर दिल्ली नगर निकाय पर एक करोड़ रुपए का जुर्माना लगाने का निर्देश जारी किया गया है। गोपाल राय ने शुक्रवार को संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि गाड़ियों से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ अभियान के क्रियान्वयन के लिए रिपोर्ट तैयार करें।

राय ने अतिरिक्त मुख्य सचिव, पर्यावरण व परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, दिल्ली यातायात पुलिस और मंडल आयुक्तों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और निर्देश दिया।

# प्रदूषण को लेकर भाजपा और आप आमने-सामने

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता खराब होने के साथ ही राजनीतिक दलों में आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर कूड़ा जलाकर प्रदूषण के खिलाफ जंग लड़ने का आरोप मढ़ा है।

वहीं भाजपा ने कहा दिल्ली सरकार पर नगर निगमों को आर्थिक तौर पर पंगू बनाने की कोशिश कर रही है। बावजूद इसके बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए 90 प्रतिशत कार्य केवल तीनों निगमों द्वारा किए जा रहे हैं। फंड की कमी के बावजूद एमसीडी प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सकारात्मक कार्य कर रही है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राघव चड्ढा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन बताया कि किराड़ी विधानसभा में नगर निगम द्वारा कूड़ा जलाकर हवा में जहर घोलने की साजिश का पर्दाफाश किया गया है।

इलाके बाबा विद्यापति मार्ग में जलाए जा रहे कूड़े की ताजा तस्वीर और वीडियो मीडिया से साझा करते हुए चड्ढा कहा कि भाजपा शासित निगम कूड़ा जलाकर दिल्ली की हवा में जहर घोलने का काम कर रहे हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय को इसकी सूचना दे दी गई है ताकि दोषी के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जा सके।

### आईएसआईएस के 13 आतंकी दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को आतंकी संगठन आईएसआईएस के 13 आतंकियों को अलग-अलग सजाएं दीं।

ये सभी भारत में अपना आधार बनाने एवं आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए सोशल मीडिया के जरिए मुस्लिम युवाओं की भर्ती करने की आपराधिक साजिश रचने के दोषी पाए गए। विशेष न्यायाधीश प्रवीन ने नफीस खान को 10 वर्ष जेल की सजा सुनाई जबकि तीन दोषियों को सात वर्ष की कैद और एक व्यक्ति को छह साल कैद की सजा दी गई। अबु अनस, मुफ्ती अब्दुल समी कासमी और मुदब्बिर मुश्ताक शेख को सात साल जबकि अमजद खान को छह साल कैद की सजा सुनाई गई।

# बैट्री से चलने वाले वाहनों का पंजीकरण शुल्क माफ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि दिल्ली सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत बैट्री से चलने वाले सभी वाहनों का पंजीकरण शुल्क माफ कर दिया है। इस सप्ताह की शुरुआत में सरकार ने सभी इलेक्ट्रिक वाहनों को रोड टैक्स से छूट दी थी।

कैलाश गहलोत ने शुक्रवार को ट्वीट कर दिल्ली वालों को बधाई देते हुए कहा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की ओर से प्रोत्साहनों की अगली सूची में सरकार ने बैट्री से चलने वाले वाहनों को पंजीकरणशुल्क से मुक्त कर दिया है। इसके तहत उन्होंने चार पहिया वाहन की खरीद पर 1.5 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि, दुपहिया वाहन, ऑटोरिक्शा, ई-रिक्शा, माल ढुलाई करने वाले वाहन पर 30,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी। इसके अलावा उन्होंने पथकर और पंजीकरण शुल्क से भी छूट देने का वादा किया था।

### अंगूठे की क्लोनिंग कर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश विशेष कार्य बल की नोएडा साइबर प्रकोष्ठ थाना पुलिस ने एक ऐसे ठग को आज गिरफ्तार किया है, जो रजिस्ट्री ऑफिस में अंगूठा लगाने वाले लोगों के अंगूठे का फोटो लेकर, क्लोनिंग करके अंगूठा बना लेता था।

उनके आधार कार्ड की डिटेल लेकर खाते से पैसे निकाल लेता था उत्तर प्रदेश एसटीएफ साइबर प्रकोष्ठ के अधीक्षक एसपी त्रिवेणी सिंह ने बताया कि नोएडा के थाना साइबर प्रकोष्ठ पुलिस ने आज एक सूचना के आधार पर रोहित त्यागी नामक ठग को गिरफ्तार किया है। यह गाजियाबाद में रहता है।

# ग्रेनो में बिजली गुल, नहीं चले डीजल जेनरेटर

- सोसायटियों में छाया अंधेरा, लोग परेशान

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



एनसीआर में ईपीसीए के आदेश के बाद डीजल जेनरेटर चलाने पर पाबंदी है। डीजी सेट बंद होने से बाद ग्रेटर नोएडा वेस्ट में ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में रहने वाले लोगों की समस्या बढ़ गई।

ग्रेनो वेस्ट की कई सोसायटियों में 20 से 30 मिनट के लिए लाइट की कटौती हुई। ऐसे में पावर बैकअप न होने से घरों में अंधेरा रहा। डीजी न चलाने पर लिफ्ट रुक गई।

लोगों ने बिल्डर प्रबंधन से फाल्ट के लिए पूछा। पता लगा कि एनपीसीएल की तरफयह कटौती की गई है। जिसके बाद लोगों ने सोशल मीडिया पर भी इस इस बात को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। ग्रेनो वेस्ट की कई सोसायटियों में 20 से 30 मिनट के लिए लाइट की कटौती हुई। ऐसे में ग्रेनो वेस्ट की सुपरटेक इकोविलेज-3, स्प्रिंग मीडोज, अरिहंत अम्बर सोसायटी और अन्य सोसायटी में सुबह करीब 8 बजे बिजली गुल हुई। ऐसे में लाइट न होने से कई जगह पर डीजी नहीं चले।

साथ ही लिफ्ट भी बंद रही। लेकिन कुछ समय की देरी के बाद बिजली आ गई। अरिहंत अम्बर के निवासी अमित गुप्ता ने बताया कि सुबह 20 मिनट के लिए लाइट जाने पर चीजों को बंद कर दिया गया।

# तीन नाबालिग बच्चियों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग ने स्वरूप नगर इलाके से 3 नाबालिग लड़कियों को मानव तस्कर के चंगुल से छुड़ाया है।

आयोग की 181 हेल्पलाइन पर अज्ञात व्यक्ति ने बताया कि उसके घर के पास ही एक घर में नाबालिग लड़कियों को लाया जाता है और वहां से उन्हें बेचा जाता है। मामले में ढुलमुल रवैया अपने को लेकर डीसीडब्लयू ने पुलिस को नोटिस भेजा है। दिल्ली महिला आयोग के अनुसार आयोग की टीम पुलिस के साथ पताए गए पते पर पहुंची और वहां पहुंचकर देखा कि कुछ लोग वहां बैठकर शराब पी रहे थे। घर में 3 लड़कियां भी थी।

जानकारी मिली है कि टीम को देखकर लड़कियां डर गईं और भागने की कोशिश करने लगीं। टीम ने लड़कियों की काउंसलिंग की और उनसे बात करने पर पता चला वे झारखण्ड की रहने वाली है। उन्हें अलग अलग कारणों से यहां लागया गया था। लड़कियों और घर में उस वक्त मौजूद लोगों को स्वरूप नगर पुलिस स्टेशन ले जाया गया।

## संक्षिप्त समाचार




### डॉ. हर्षवर्धन ने की विश्व खाद्य दिवस समारोह की अध्यक्षता

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन ने विश्व खाद्य दिवस समारोह की अध्यक्षता की। इसका आयोजन भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने किया। डॉ. हर्ष वर्धन ने कहा कि विश्व में कोविड महामारी से उत्पन्न अभूतपूर्व चुनौती के कारण अब खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य, प्रतिरोधक क्षमता और निरंतरता पर फोकस किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एफएसएसएआई का ईट राइट इंडिया मूवमेंट का लक्ष्य प्रत्येक व्यक्ति के लिए पर्यावरणीय सतत् तरीके से सुरक्षित और स्वस्थ भोजन है। यह सभी नागरिकों को सुरक्षित पूर्ण भोजन प्रदान करने के संकल्प का एक अंग है। इससे खाद्य संरक्षा पारिस्थितिक तंत्र में सुधार होगा और नागरिकों की स्वच्छता और स्वास्थ्य का स्तर सुधरेगा।

### राहुल के हत्यारों को मिले फांसी: राष्ट्र निर्माण पार्टी



**नोएडा।** धर्म एक दूसरे से प्रेम करना सिखाता है और कोई भी धर्म ग्रंथ नफरत फैलाने के लिए नहीं लिखा जाता लेकिन पिछले कुछ समय से देश में कई तरह से कई कट्टर पंथियों द्वारा कई मासूम लोगों राहुल राजपूत अंकित सक्सेना या ध्रूव त्यागी की हत्या हो चुकी है। यह बात राष्ट्र निर्माण पार्टी, जिसके राष्ट्रीय महासचिव आनंद कुमार ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ जंतर मंतर पर धरना प्रदर्शन के दौरान कही। उन्होंने बताया की दिल्ली के आदर्श नगर क्षेत्र में कुछ मुस्लिम कट्टर पंथियों द्वारा राहुल राजपूत की जघन्य हत्या की गयी और हम अपराधियों के लिये फांसी की सजा की मांग करते है।

### ब्रांडेड कंपनियों का लेबल लगाकर बेचते थे नकली घी

**गाजियाबाद।** महानगर के शास्त्रीनगर और नई बस्ती इलाके में नकली घी बनाने वाली दो फैक्ट्री व उसके दो गोदामों पर छापा मारकर पुलिस एवं खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग दस कुंतल घी बरामद करने का दावा किया है, जिसकी कीमत चार लाख से भी ज्यादा बतायी गयी है। खास बात यह है कि यह गिरोह देश के प्रसिद्ध घी उत्पादक कम्पनियों के लेबल लगाकर बन्द डिब्बों व पॉलीपेक में इस नकली घी की काफी समय से बाजार में सप्लाई कर रहा था। मौके पर पकड़े गए आरोपियों के नाम श्यामलाल पुत्र रामेश्वर निवासी गांव छिछराना जिला सोनीपत हरियाणा व संजय पुत्र दुलीचन्द निवासी एसडी 376 शास्त्री नगर गाजियाबाद है। इनका दूसरा साथी मोहित मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया है।

# मधुबन-बापूधाम योजना से प्रभावित किसानों ने किया आर-पार का ऐलान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मधुबन-बापूधाम योजना के प्रभाावित छह गांवों के किसानों के समर्थन में आज 50 गांवों की महापंचायत हुई। मोदीनगर, भोजपुर, धौलाना जैसे क्षेत्रों के जैसे गांवों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

किसानों ने सर्वसहमति से कहा कि जब तक बढ़ा हुआ मुआवजा नहीं दिया जाएगा, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। मधुबन बापू योजना के लिए छह गांवों की जमीन ली गई थी। किसान काफी समय से बढ़े हुए मुआवजे की मांग कर रहे हैं। दो सप्ताह पहले किसानों ने जिला मुख्यालय को घेरने की चेतावनी दी थी लेकिन प्रशासन ने उनकी मांगों पर फैसला लेना का भरोसा दिलाया था।

किसानों ने कहा कि एडीएम और एसपी सिटी की बातों पर भरोसा करके किसानों ने जिला मुख्यालय घेरने के आंदोलन को स्थगित कर दिया था लेकिन अधिकारियों ने अपने वादे नहीं निभाये। 15 दिन बाद भी उनकी मांगों पर कोई गौर नहीं किया गया।

### लक्ष्मीबाई की मूर्ति को हटाकर अब पार्क में लगाया जाएगा

**नई दिल्ली।** राजधानी के झंडेवालान के एक मार्ग पर स्थित घोड़े पर सवार रानी लक्ष्मीबाई की एक प्रतिमा को इलाके में यातायात सुगम बनाने के लिए एक पार्क में लगाया जाएगा।

मेयर जयप्रकाश ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मूर्ति हटाने से उस इलाके में बनाए जा रहे एक फ्लाईओवर का विस्तार करने में भी मदद मिलेगी। प्रकाश ने कहा, मूर्ति करीब दस साल पहले लगाई गई थी। इसे अब डीसीएम चौक के पास एक पार्क में लगाया जाएगा। पार्क में मूर्ति लगाए जाने के बाद इसका नाम रानी झांसी के नाम पर करने की योजना बनाई है।

# भर्ती किए गए 620 सहायक शिक्षक



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक पद के लिए चयनित हुए नवनियुक्त सहायक अध्यापकों को जिले के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने नियुक्ति पत्र वितरित किए। आईटीएस मोहननगर में आयोजित कार्यक्रम में गाजियाबाद के एक अभ्यार्थी अमित कुमार और बुलंदशहर के 619 अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

इस दौरान प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने नवनियुक्ति शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक बनना सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार का सपना है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षा का स्तर सुधरे व हर वर्ग को शिक्षा मिले। डीएम अजय शंकर पांडेय ने कहा कि यह गौरव का दिन है, जब शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिये जा रहे हैं।

यह दिन युवाओं के लिए प्रेरणादायी साबित होगा। महापौर आशा शर्मा ने कहा कि सरकार का यह सराहनीय कदम है। ऐसा पहली बार हो रहा है कि प्रदेश के हर जिले में नियुक्ति पत्र समारोह के दौरान प्रदान किए जा रहे हैं।

# यमुना प्राधिकरण ने 46 कंपनियों को दी जमीन

- 757 करोड़ का निवेश होगा, 14 हजार को मिलेगा रोजगार



**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्राधिकरण ने गुरुवार को एकसाथ 46 कंपनियों को औद्योगिक भूखंडों का आवंटन कर दिया है। ये आवंटन सेक्टर-29 में किए गए हैं। इससे प्राधिकरण क्षेत्र में 757 करोड़ रुपये का निवेश होगा।

साथ ही करीब 14,702 लोगों को रोजगार मिलेगा। पांच साल के भीतर सभी को अपनी इकाई संचालित करनी होगी। अगर समय पर इकाई शुरू नहीं की तो आवंटन निरस्त किया जा सकता है।

जेवर एयरपोर्ट आने के बाद यमुना प्राधिकरण क्षेत्र निवेशकों की पसंद बना हुआ है। प्राधिकरण ने गुरुवार को सेक्टर-29 में 46 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया है। 5 हजार वर्ग मीटर के 40 भूखंडों के लिए 284 आवेदन आए थे। यमुना प्राधिकरण ने साक्षात्कार के जरिये भूखंडों का आवंटन कर दिया। इसमें एमएसएमई में 35, अप्रैल में 2 और हैंडीक्राफ्ट में 3 भूखंड आवंटित किए गए हैं। इसके साथ 10 हजार वर्ग मीटर के 6 भूखंड आवंटित किए गए हैं। इसमें से 3 अपेरल, 2 हैंडीक्राफ्ट और 1 भूखंड फार्मा के लिए है।

### स्थानीय लोगों को नौकरी देने पर रहेगा जोर

यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में 46 इकाइयों के लगने से करीब 14,702 लोगों को रोजगार मिलेगा। सबसे अधिक रोजगार एमएसएमई और अपैरल में मिलने की उम्मीद है। प्राधिकरण ने 30 प्रतिशत रोजगार स्थानीय लोगों को देने के लिए नियम बनाया है। आवंटन की शर्तों में यह शामिल है। ताकि बाद में कंपनियां इससे मुकर ना जाएं। यमुना प्राधिकरण का प्रयास है कि किसानों के बच्चों को घर के पास रोजगार मिल सके। नये नियमों के मुताबिक, 5 साल में हर हाल इकाई लगानी होगी। साथ ही 5 साल तक भूखंड बेच नहीं पाएंगे। 51 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखनी होगी।

# अपार्टमेंट के मीटर पैनल में लगी आग, बड़ा हादसा होने से बचा



**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

साहिबाबाद के शालीमार गार्डन स्थित अपार्टमेंट में अचानक आग लग गई। शुक्रवार की सुबह मीटर पैनल में लगी आग तेजी से फैलने लगी। लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को इसकी सूचना दी। इस बीच समय न गंवाते हुए मौके पर पहुंचे नगर निगम की टीम ने तत्परता व सूझबूझ दिखाते हुए आग पर काबू पाने का प्रयास किया।

नगर निगम के पानी छिड़काव वाली गाड़ी की मदद से कुछ देर की मशक्कत के बाद आग पर को पूरी तरह बुझा दिया गया। समय रहते आग पर काबू नहीं पाया जाता तो वहां खड़ी गाड़ियां और फ्लैट उसकी चपेट में आ जाते। जानकारी के अनुसार शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-2, प्लाट नंबर सी-42 स्थित अपार्टमेंट के ग्राउंड फ्लोर (पार्किंग एरिया) में शुक्रवार की सुबह अचानक आग लग गई। शार्ट सर्किट के चलते मीटर पैनल में लगी आग तेजी से फैलने लगी और धमाके भी होने लगे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# फोटो खिचवाने तक ही सीमित रह गया स्वच्छता पखवाड़ा

### तावडू के हर चौक चौराहे पर कूड़ा फेंकते हैं लोग

### प्रतिदिन धुएं के गुबार में उड़ता है स्वच्छता पखवाड़ा



बावला मोड़ पर कूड़े के ढेर से निकलता धुएं का गुबार।

पायनियर समाचार सेवा । तावडू

**दो** अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती से शुरू हुआ स्वच्छता पखवाड़ा 17 अक्टूबर तक चलेगा। यानि इस पखवाड़े की समाप्ति में केवल एक दिन शेष है। इस दौरान शहर की सफाई व्यवस्था व अतिक्रमण का जायजा लेने पर पाया कि यहां स्वच्छता पखवाड़ा केवल फोटो सेशन तक सीमित रहा है। न तो विधायक ने ही इस पखवाड़े ने गंभीरता से लिया और न ही स्थानीय प्रशासन, नगरपालिका व लोगों ने। जिसके चलते तावडू शहर अब भी हर और गंदगी व अतिक्रमण से पटा पड़ा है।

दो अक्टूबर को सरकार ने प्रदेश भर में पंद्रह दिवसीय स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत की। विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ झाडू लगाकर स्वच्छता पखवाड़े का बिगुल बजाया, लेकिन मूल धरातल पर यह पखवाड़ा केवल फोटो सेशन तक सीमित रह गया। स्वच्छता व अतिक्रमण एक दूसरे के पूरक हैं। क्योंकि बगैर अतिक्रमण से मुक्ति के स्वच्छता की कल्पना करना बेमानी जैसा है।

वहीं रामलीला मैदान में विधायक ने झाडू लगाई यहां भी हर और खरपतवार व पेशाब से पटी दीवारें देखी जा सकती हैं। शहर की नाली व नाले गंदगी से पटे पड़े हैं। शहर का कोई ऐसा चौक-चौराहा नहीं जहां सुबह व शाम लोग कूड़ा न फैंकते हों। शहर के बीचोंबीच स्थित बावला मोड़ पर तो प्रतिदिन कूड़े के बड़े ढ़ेर में धुएं का गुबार उठता है। यहां तक की बायोमेडिकल वेस्ट को भी सड़कों पर पर डाला जाता है। नगरपालिका प्रशासन ने न जाने कितनी ही बार लोगों से डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाले टेंपो टिपर वाहन में कूड़े को पृथक (सूखा व गीला कूड़ा) करके डालने की अपील कर ली लेकिन स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ाने वाली शहर की जनता को इससे सरोकार नहीं। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा का कहना है कि तावडू को जल्द अतिक्रमण से मुक्त करेंगे। वहीं स्वच्छता पखवाड़े की विस्तृत रिपोर्ट ली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### नवनियुक्त चेयरमैन राकेश दौलताबाद का किया स्वागत



**फर्रूखनगर।** दोहली संघर्ष समिति के संस्थापक कृष्ण शर्मा पातली, समिति के चेयरमैन राजबीर शर्मा सैहदपुर की अगुवाई में क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने हल्का बादशाहपुर विधायक राकेश दौलताबाद को हरियाणा सरकार द्वारा कृषि उद्योग निगम का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर बधाई दी गई। उनका भव्य सम्मान किया गया। विधायक एवं नवनियुक्त चेयरमैन राकेश दौलताबाद ने क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह क्षेत्रवासियों के आशीर्वाद का ही परिणाम है कि उन्हें सरकार द्वार चेयरमैन पद के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने विश्वास दिलवाया कि वह अपने पद की गरिमा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा प्रदेश के किसानों के हितार्थ कार्य करेंगे। हल्का बादशाहपुर में विकास को गति दी जा रही है, ताकि लम्बे समय से उपेक्षा की मार झेलते आ रहे लोगों को राहत मिले। उन्होंने चुने हुए जनप्रतिनिधियों से भी अपील करते हुए कहा कि वह आपसी गुटबाजी को छोड़कर क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी निभाये। ताकि लोगों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहना पड़े। इस मौके पर संदीप एडवोकेट, पार्षद अशोक कोहली, रायसिंह जाटव, सोनू यादव, सरपंच इन्द्रजीत शर्मा, होशियार सैनी, पूर्व बैंक अधिकारी कुदुराम सैनी, देवदास प्रधान आदि मौजूद थे।

### क्षेत्र को अपराध मुक्त बनाने के लिए पुलिस का सहयोग करें



**नूंह।** क्षेत्र को पूरी तहर अपराध मुक्त बनाने के लिए आमजन को भी पुलिस का सहयोग करना चाहिए। जुआ, सट्टा, चोरी, लूट डकैती जैसी घटनाओं की तुरंत पुलिस को सूचना दें, ताकि इस तरह के अपराध पर काबू पाया जा सके। ये बातें चांदडाका पुलिस चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने कहीं। उन्होंने कहा कि पुलिस हर वक्त जनता के सहयोग में हाजिर है। इसीलिए जनता का भी कर्तव्य बनता है कि पुलिस का सहयोग किया जाए। जनता के सहयोग से क्षेत्र को पूरी तरह अपराध मुक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पीओ, बेल जंफर, भगौडे आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। इसके अलावा जो लोग पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं और पुलिस को चकमा दे रहे हैं, उन्हें भी जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। चौकी इंचार्ज नरेंद्र कुमार ने कहा कि कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत लेकर स्वयं चौकी आए, किसी बिचौलिया को अपने साथ लाने की आवश्यता नहीं है। उन्होंने कहा कि अपराध पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त भी बढा दिया गया है। क्षेत्र में रात या दिन में किसी तरह की कोई अनहोनी घटना न हो इस पर पुलिस पैनी नजर बनाए हुए है।

### प्रभात फेरी से शुरू होंगे महाराजा अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम

**पलवल।** श्रीवैश्य अग्रवाल सभा पलवल द्वारा 17 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली महाराजा अग्रसेन जयंती की शुरुआत शनिवार को प्रात: 5 बजे से मीनार गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर मालार्पण तथा पूजा करने के उपरान्त प्रभात फेरी से होगी। जिसका सुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चीनी मिल के वाइस चैयरमेन देवी चरण मंगला करेंगे। जिसका समापन खेड़ेवालान धर्मशाला में स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में होगा। सेठ चुनीलाल धर्मशाला में हवन, यज्ञ तथा भजनों का आयोजन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि आर्य समाज शहर के प्रधान यशपाल मंगला होंगे। रात्रि को मीनार गेट स्थित महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर सभा की महिला इकाई के संयोजन में दीपोत्सव समारोह होगा। जिसकी अतिथि पलवल के विधायक दीपक मंगला की पत्नी मोनिका मंगला तथा उद्यमी एवं समाजसेवी पूनम बंसल अतिथि होंगी।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो की मौत

**पलवल।** अलग-अलग थाना अंतर्गत हुई सड़क दुर्घटनाओं में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला व 45 वर्षीय व्यक्ति मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस प्रवक्ता मनजीत सिंह के अनुसार गांव घुघेरा निवासी हरवीर ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दी है कि 15 अक्टूबर को मां बुधन देवी दवाई लेने के लिए गई थी। जिनको अल्हीका मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पीड़ित ने अपनी घायल मां को उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया जहां उपचार के दौरान उनकी मां की मौत गई। इसी प्रकार गांव सागरपुर (बल्लभगढ़) निवासी मनोज ने गदपुरी थाना पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है कि 14 अक्टूबर वह पिता यशवंत के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। रास्ते में बाइक खराब हो गई। पिता-पुत्र बाइक को पैदल लेकर जा रहे थे कि गांव बघौला के समीप बल्लभगढ़ की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने उसके पिता यशवंत को टक्कर मार दी। जिससे पिता की मौत हो गई। पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात वाहन चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### अपने अस्पतालों और लेबोरेट्री को कराएं पंजीकृत

**गुरुग्राम।** जिले में क्लीनिकल एस्टेबलिशमेंट एक्ट के लिए गठित जिला रजिस्टरिंग अथॉरिटी की पहली बैठक उपायुक्त अमित खत्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने जिला में संचालित हो रहे अस्पतालों तथा लेबोरेट्री को इस एक्ट के तहत स्वयं को रजिस्टर करवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे अस्पतालों तथा लेबोरेट्रियों की आम जनता में विश्वसनीयता बढ़ेगी। इस एक्ट के तहत जिला में अब तक 51 बैड से अधिक क्षमता वाले 23 अस्पतालों तथा 192 लैबोरेट्री ने अपना प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन करवाया है। बैठक में उप सिविल सर्जन डा. अनुज गर्ग ने बताया कि क्लिनिकल एस्टेबलिशमेंट एक्ट सन 2010 में बना था और इस एक्ट के अंतर्गत हरियाणा सरकार ने सन 2018 में रजिस्ट्रेशन तथा रेगूलेशन नियम लागू किए। एक्ट में दिए गए प्रावधान के अनुसार 51 बैड से अधिक क्षमता वाले अस्पतालों को रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। अभी तक हरियाणा में इस एक्ट के तहत अस्पतालों का प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है जिसे हर साल रिन्यू करवाना होता है।

# रामजी हुए अवतरित, बड़े होकर किया राक्षसों का संहार

## रामजी के जन्म पर जैकमपुरा बन गया अयोध्या नगरी

### रामलीला में राम जन्म की खुशियों में झूमे लोग

### रामलीला के मंचन को देख आनंदित हो रहे लोग



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित श्रीदुर्गा रामलीला में मंचन करते कलाकार।

पायनियर समाचार सेवा । गुरुग्राम

**रामलीला** मंचन के दूसरे दिन गुरुवार को राम जन्म की लीला का मंचन हुआ। रामजन्म पर लोगों ने नाच-गाकर खुशियां मनाईं। इसके बाद रामचंद्रजी बड़े हुए और फिर राक्षसों का भी सर्वनाश किया।

श्रीदुर्गा रामलीला जैकमपुरा में गुरुवार को रामप्रकाश ठाकुर, देवेंद्र जैन, अशोक भास्कर, नरेश सैनी, जेबी गुप्ता ने व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई। वहीं गगन गुलाटी व एक आवाज संस्था के पर्यावरण सैनिकों ने भी सुरक्षा का जिम्मा संभाला। राजा दशरथ की भूमिका में राजकुमार बिजली ने बेहतरीन अभिनय किया। राम जन्म से पूर्व दिखाई गई लीला में दर्शाया गया कि देवताओं को राक्षसों द्वारा परेशान किया जा रहा है।

विष्णु भगवान से आराधना की गई कि वे अवतार लेकर इनका सर्वनाश करें। राजा दशरथ का दरबार सजाया गया। राजा दशरथ को अपने महल में चिंतित दिखाया गया। राजा दशरथ तीन रानियों के होते हुए एक भी संतान नहीं होने को लेकर दुखी थे। इस दुख की घड़ी में उन्होंने मुनि वशिष्ठ के आश्रम में दस्तक दी और वशिष्ठजी से अपनी चिंता का इस तरह से कारण बताया-विवाह कर चुका तीन, फिर भी न मनोरथ सिद्ध हुआ। इस पर मुनि वशिष्ठ ने एक उपाय बताया कि वे अपने महल में हवन-यज्ञ करें। वह हवन भृंगि ऋषि से कराएं।

राजा दशरथ ने वैसा ही किया। इस दौरान मुनिजी की ओर से भेंट की गई खीर को तीनों रानियों कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा को खिला दिया। इस खीर को खाने से तीनों रानियों को चार बेटे हुए। लीला के मंच पर राम (करण बक्शी) लक्ष्मण (समीर तवर) भरत (कुणाल शर्मा) व शत्रुघ्न (भावेश सलुजा) के जन्म की जो खुशियां मनाई गई, वे बड़े ही आनंददायी रही। बहुत ही धार्मिकमय माहौल में यहां पर राम जन्म की खुशियां मनाई गई। राम जन्म की बधाई पर इस बार कोरोना के संक्रमण बचाव के हर वर्ष आने वाले किन्नरों की बधाई रामलीला के प्रधान लवली सलूजा ने फोन के माध्यम से ली। रामलीला के कलाकारों द्वारा संगीत के माध्यम से बधाईयां देने के गीतों पर खूब नृत्य किया। इसके बाद सभी राजकुमारों का बड़े ही बेहतर तरीके से लालन-पालन हुआ। उनको शिक्षा-दीक्षा दिलवाई गई। इसके बाद राम ने ताड़का राक्षसी का वध करके धरती को पाप से मुक्त करने का प्रयास शुरु किया गया। ताड़का के बाद सुबाहू व मारीच का भी वध किया गया।

# गुरुग्राम और फरीदाबाद में डीजी सेट पर प्रतिबंध

### पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए लिया गया निर्णय

**गुरुग्राम।** जिले में पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जिला प्रशासन ने सक्रियता दिखाई है। अब जारी आदेशों में कहा गया है कि गुरुग्राम जिले में पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम एवं नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) के निर्देशों को अमलीजामा पहनाने के लिए विभिन्न विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। जारी आदेशों में कहा गया है कि आवश्यक तथा आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर गुरुग्राम व फरीदाबाद में डीजी सैट के प्रयोग पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

ईपीसीए ने गुरुग्राम सहित दिल्ली एनसीआर में वायु की गुणवत्ता कम होने की वजह से 15 अक्टूबर से ग्रेडिड रिस्पांस एक्शन प्लान के तहत उपाय लागू करने के निर्देश दिए थे। ईपीसीए के निर्देशों की पालना में उपायुक्त अमित खत्री ने आदेश जारी करते हुए सभी सरकारी विभागों तथा एजेंसियों को उनकी अनुपालना सुनिश्चित करने को कहा है। ईपीसीए ने कुछ आवश्यक सेवाओं जैसे मेडिकल उद्देश्यों के लिए अस्पताल, नर्सिंग होम तथा स्वास्थ्य सुविधाओं, लिफ्ट, ऐस्केलेटर, रेलवे स्टेशन, मेट्रो रेल कारपोरेशन सेवाएं जिसमें उनकी ट्रेन और मेट्रो स्टेशन व एयरपोर्ट तथा अंतरराज्यीय बस टर्मिनल को डीजी सैट प्रयोग के प्रतिबंध से मुक्त रखा है। इसी प्रकार, बिजली विभाग को परामर्श दिया गया है कि वह डीजी सैटों के प्रयोग को रोकने के लिए इन दोनो शहरों में पर्याप्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करें, ताकि आमजनता को असुविधा ना हो। उपायुक्त के आदेशों में बड़ी निर्माण परियोजनाओं जैसे हाईवे और मेट्रो को निर्देश दिए गए है कि वे राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को यह अंडरटेकिंग देंगे कि वे धूल प्रबंधन संबंधी निर्धारित मानक तथा गाइडलाइन्स का पालन सुनिश्चित करेंगे। प्रदूषण की दृष्टि से सभी उद्योगों को लाल और नारंगी श्रेणियों में विभाजित कर दोनो प्रकार के उद्योगों से यह शपथ पत्र देने को कहा गया है कि वे केवल अधिकृत ईंधन का ही प्रयोग करेंगे और प्रदूषण नियंत्रण के पर्याप्त उपायों के बगैर संचालन नही करेंगे। यह शपथ पत्र उन्हें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को देना है। जिला में चिन्हित प्रदूषण हॉट-स्पॉट के लिए बनाई गई कार्य योजना की पालना सुनिश्चित करने के आदेश देते हुए संबंधित अधिकारियों को रात में भी गश्त लगाने के लिए टीमें गठित करने के लिए कहा गया है। आदेशों मे उपायुक्त में यह भी कहा है कि ईपीसीए ने अपने फील्ड में विजिट के दौरान जो कमियां पाई हैं, उनको प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए और उस संबंध में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड तथा ईपीसीए को रिपोर्ट भेजी जाए।

### आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को मिली छात्रवृति

**गुरुग्राम।** शुक्रवार को एमएम फाउंडेशन ने साक्षर पहल की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समाज के जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति के माध्यम से आर्थिक सहयोग प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सहयोग करना है।

ऑनलाइन मंचों द्वारा प्रसारित इस कार्यक्रम में 45 जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई, ताकि वे अपनी शिक्षा को जारी रख सकें और करियर का निर्माण कर सकें। इस प्रोग्राम के तहत एक वर्ष में 4000 बच्चों को छात्रवृत्ति देने का लक्ष्य रखा गया है। इस पहल में छात्रवृत्ति ग्रहण करने वालों में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा स्तर तक के छात्र शामिल हैं। एमएम फाउंडेशन की ट्रस्टी डॉ. पायल कनोडिया ने कहा कि शिक्षा, समग्र सशक्तिकरण के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवर्तक है। इस पहल का उद्देश्य समाज के असहाय छात्रों को उनकी शिक्षा के खर्च को कवर करने के लिए उन्हें छात्रवृत्ति देकर उनकी सहायता करना है।

# संदीप मलिक नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी नियुक्त

पायनियर समाचार सेवा । सोहना

**नगर** परिषद कार्यालय में अधिकारियों के तबादलों को लेकर पिछले तीन माह से चली आ रही उठा-पटक पर विराम लग गया है। संदीप मलिक परिषद के कार्यकारी अधिकारी नियुक्त कर दिए गए हैं। जल्द ही परिषद एक्सईएन के खाली पद पर नियुक्ति होने की संभावना जताई जा रही है।

सोहना नगर परिषद में बीते करीब तीन माह से अधिकारियों के तबादलों का सिलसिला चला आ रहा है। इन तीन माह में जहां परिषद के कार्यकारी अधिकारी का दो बार तबादला हो गया। इसके साथ परिषद के एक्सईएन अजय पंघाल को तबादला होने पर दोनों ही मुख्य अधिकारियों का तबादला होने से परिषद कार्यालय में कामकाज की गति पर ब्रेक लग गया था। प्रशासनिक अधिकारियों ने परिषद कार्यालय के कामकाज को फिर से पटरी पर लाने के लिए संदीप मलिक को कार्यकारी अधिाकारी के पद पर नियुक्त कर दिया है।

जल्द ही एक्सईएन के खाली पद को भरे जाने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। पिछले करीब 15 दिनों से परिषद में कार्यरत परिषद अभियन्ता विशाल ठाकरान उच्चाधिकारियों के पद को संभाले हुए थे। संदीप मलिक इससे पूर्व भी सोहना परिषद विभाग में सन 2016 में सचिव पद पर रह कर कार्य कर चुके हैं।

# आज से मां दुर्गा के नवरात्रे शुरू शीतला मां मंदिर में तैयारी पूरी

### आज उपासक करेंगे मां शैलपुत्री की उपासना

पायनियर समाचार सेवा । गुरुग्राम



संकल्प शक्ति के साथ ईश्वरीय शक्ति का मेल हर मनोरथ को पूर्ण कर सकता है। शारदीय नवरात्रों का यही संदेश है। प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए कोरोना संकट काल में मां दुर्गा के नवरात्रे शनिवार से प्रारंभ हो रहे हैं।

मां दुर्गा के 9 स्वरुपों का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप को शैलपुत्री के नाम से जाना जाता है। प्रथम नवरात्रे पर आज जहां उपासक मां दुर्गा के प्रथम स्वरुप मां शैलपुत्री की पूरे विधि विधान के अनुसार उपासना करेंगे, वहीं मां दुर्गा के व्रत भी रखेंगे। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि जो उपासक मां भगवती दुर्गा की शरण में आ जाते हैं, उनका कभी कोई अमंगल नहीं होता। मां दुर्गा की शक्तियां विषम परिस्थितियों में भी अपने उपासकों की रक्षा करती है। शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्मी मां दुर्गा के प्रथम रुप का नाम शैलपुत्री है। मां शैलपुत्री पार्वती और हेमवती नामों से भी जानी जाती हैं। मां का वाहन वृषभ है और इनके दाएं हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है। मां भगवती की विशेष कृपा प्राप्ति हेतु षोडशोपचार पूजन के बाद नियमानुसार उपासकों को गाय का घृत मां को अर्पित करना चाहिए और फिर वह घृत ब्राह्मण को दे देना चाहिए। माना जाता है कि जो उपासक मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना करते हैं, वे कभी रोगी नहीं होते। मां की पूजा अर्चना करने से मनवांछित फल मिलता है। मां सभी का उद्धार करती हैं।

# बर्खास्त शारीरिक शिक्षकों का क्रमिक अनशन रहा जारी

पायनियर समाचार सेवा । पलवल

**हरियाणा** विद्यालय अध्यापक संघ एवं शारीरिक शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजन में नौकरी बहाली को लेकर क्रमिक अनशन 124वें दिन भी जारी रहा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के प्रधान वेदपाल और महासचिव गीतेश कुमार ने कहा कि पीटीआई की नौकरी बहाली को लेकर मुख्यमंत्री ने पूरा आश्वासन दिया था, जिसमें दो सप्ताह में समस्या समाधान की सहमति बनी थी, लेकिन मामले को लटकाने तथा दिन प्रतिदिन की देरी कर्मचारियों में बेचैनी तथा रोष पैदा करने वाली है। जिसको किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ सरकार से मांग करता है कि सरकार होने वाली मंत्रीमंडल की बैठक में शीघ्र पीटीआई की नौकरी बहाल करने का फैसला ले। शारीरिक शिक्षक नेताओं जोगिंदर सुनील, प्रेमचंद, प्रताप, रमेश, सतीश, रामपाल और राजेश ने सरकार से मामले को जल्द सुलझाने की अपील करते हुए इंसाफ मिलने तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया। इस मौके पर हरिचंद वर्मा, राकेशशर्मा, महेश चंद, वीरसिंह, बलजीत सिंह, सुरेंदर, जमील, बिजेंद्र, दयाचंद, रविंदर, सतवीर, डालचंद, रामवीर, राजेंद्र, उमेद, सरला, उर्मिला, जगवती और सोमवती आदि उपस्थित रहे।

# निहंग जत्थे का तावडू में हुआ सम्मान

**तावडू।** हजूर साहिब महाराष्ट्र के लिए निहंग जत्था श्री अमृतसर साहिब से हर साल इसी समय प्रस्थान करता है। यह जत्था गुरुद्वारा खोरी में था। जत्थे में करीब 40 निहंग हां। बाबा बलदेव सिंह जत्थेदार ने तावडू से गए लोगों से वातालज़प की। सभी ने उनका चरण-वंदन किया और उन्होंने मिलने आए लोगों को अपना आशीष दिया। बाबा बलदेव सिंह जत्थेदार को तावडू की तरफसे श्रद्धानुसार 51 हजार 500 रुपये की राशि भेंट स्वरूप प्रदान की गई । इस अवसर पर खोरी गुरुद्वारा प्रांगण में सुनील जिंदर्ल, रामबाबू गर्ग, महेंद्र गोयल, टेकचंद सैनी, मुकेश सोनी, शिवकुमार मक्कड़, मुकेश शर्मा, गोविंद चांदना, नरेंद्र सिंह और धर्मेन्द्र भारद्वाज उपस्थिति थे।

# पूर्व विधायक छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर हुआ कबड्डी टूर्नामेंट

### टूर्नामेंट कैंसिल कराने को नोएडा प्रशासन पर विरोधियों का दवाब नहीं आया काम

पायनियर समाचार सेवा । नोएडा



नोएडा के जेवर क्षेत्र में पूर्व विधायक छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित टूर्नामेंट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सिकंद्राबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सोलंकी, मनजीत सिंह ठाकुर।

**जेवर** विधानसभा क्षेत्र के पहले विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर शुक्रवार को प्रो कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। यह टूर्नामेंट ठाकुर छत्तरपाल सिंह के पौत्र एवं बीजेपी के कद्दावर युवा नेता मनजीत सिंह ठाकुर ने करवाया। खास बात यह रही कि इस टूर्नामेंट के लिए अनुमति देने वाले नोएडा प्रशासन ने ऐन वक्त पर अनुमति को वापस ले लिया।

इसके बाद नोएडा के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह की ओर से अनुमति दी गई। क्षेत्र में इस बात की चर्चा जोरों पर रही कि मनजीत सिंह का राजनीति में बढ़ता कद देखते हुए विरोधियों ने टूर्नामेंट में अड़ंगा लगाने का प्रयास किया है। टूर्नामेंट का उद्घाटन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं सिकंद्राबाद के पूर्व विधायक राजेंद्र सोलंकी ने किया। उन्होंने ठाकुर छत्तरपाल सिंह की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए याद किया। उनके द्वारा क्षेत्र के लिए कराए गए विकास कार्यों का भी स्मरण कराया। इस मौके पर मुम्बई से फिल्म निर्माता-निर्देशक मुकेश कुमार मासूम भी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि ठाकुर छत्तरपाल सिंह उनके गुरू के समान थे। उन्होंने जेवर में बनने वाली फिल्म सिटी का नाम पूर्व विधायक ठाकुर छत्तरपाल सिंह के नाम पर रखने की मांग भी सरकार से की। मौके पर सर्व हितकारी इंटर कालेज के प्रधानचार्य तेजपाल सिंह भाटी, पूर्व अध्यापक महेंद्र भाई, पूर्व मेयर भूदेव सिंह, बीजेपी नेता सुरेश चंद शर्मा, ठाकुर करनेश सिंह, किशोर सिंह, ठाकुर शेर सिंह, विनोद चौहान, डाक्टर धर्मपाल, संजय पुजारी विशेष रूप से उपस्थित हुए।


**दयानतपुर की टीम ने मुकाबला जीता :** टूर्नामेंट का पहला मुकाबला दयानतपुर और फैलेदा के बीच हुआ, जिसमें दयानतपुर की टीम ने मुकाबला जीता। टूर्नामेंट के दौरान कोरोना से बचाव को मास्क पहनने के नियम का पूरी तरह से पालन किया गया। आयोजक मनजीत सिंह ठाकुर और प्रमोद ठाकुर ने सभी गणमान्य लोगों का फूल मालाएं पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। मीडिया से बातचीत में मनजीत सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम हर साल करवाया जाता है। आगे भी यह क्रम जारी रहेगा। क्योंकि ठाकुर छत्तरपाल सिंह का खेलों के प्रति विशेष लगाव था।

# साढ़े तीन माह बाद तहसील में फिर से रजिस्ट्रियां पंजीकरण होना शुरू

पायनियर समाचार सेवा । सोहना

**तहसील** में करीब साढे तीन माह के बाद रजिस्ट्री पंजीकरण का कार्य शुरू हुआ। राजस्व विभाग ने 7ए की रजिस्ट्रियों पर पूर्णरुप से रोक लगा रखी थी। इसके अलावा अवैध कॉलोनियों के प्लाटों की रजिस्ट्री भी नहीं हो सकेंगी।

सोहना तहसील कार्यालय में पिछले साढ़े तीन माह से बंद रजिस्ट्री पंजीकृत करने का कार्य फिर से शुरू कर दिया है, लेकिन रजिस्ट्री कराने के लिए जमीन विक्रेता को एनओसी दिखाना अनिवार्य होगा। अवैध प्लाटों की रजिस्ट्रियां पर प्रतिबंध लगने तथा एनओसी लागू होने के कड़े नियम को देखते हुए तहसील परिसर में लोगों की भीड़ कम नजर आ रही है। जिसके चलते तहसील कार्यालय में राज्य सरकार को मिलने वाला राजस्व घटा है। मालूम रहे कि सोहना तहसील प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व की कमाई कराने में प्रथम स्थान पर आती है। आज अवैध प्लाटों की रजिस्ट्रियों पर लगाम कसने तथा एनओसी लाने के नियम से राजस्व घट गया है।



सोहना तहसील कार्यालय में टोकन काटता कर्मचारी।

### क्या कहते हैं अधिकारी

सोहना तहसीलदार बिजेंद्र राणा का कहना है कि तहसील में पंजीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है। 7ए की रजिस्ट्री नहीं हो सकेंगी। जबकि दूसरे सभी दस्तावेज पंजीकृत किये जा रहे हैं।

# कोरोना : 400 की मौत, स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों में 238

## मृतकों के आंकड़ों में गड़बड़ी कर रहा स्वास्थ्य विभाग

### सात वर्षीय बच्चे ने कोरोना से दम तोड़ा

**कविता।** फरीदाबाद

प्रदेशभर में कोरोना से मौत के मामले में फरीदाबाद आगे है। शुक्रवार को जिले में मृतकों की संख्या का आंकड़ा 238 पर पहुंच गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी किए जा रहे इस आंकड़े में मृतकों की संख्या में गड़बड़ी की जा रही है। जिले में तीन दिन की बच्ची से लेकर



85 साल तक के बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो रही है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में रोजाना गड़बड़ी हो रही है। विभाग मृतकों को अपने आंकड़ों में शामिल करने से बच रहा है। वहीं नगर निगम द्वारा जिले में अब तक करीब 400 कोरोना पॉजिटिव मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया है।

**पायनियर के सवाल**

पिछले 24 घंटे के दौरान जारी किए गए आंकड़ों से सवाल उठता है कि क्या मरने के बाद विभाग मृतकों की रिपोर्ट बदल रहा है? दो मौतें होने पर 7 मृतकों के आंकड़ों की मौत का कारण स्वास्थ्य विभाग ने कैसे बदल दिया? मरे हुए व्यक्तियों की मौत के कुछ दिनों बाद कोई कैसे बता सकता है कि वह कोरोना से ही मरा, उसे अन्य बीमारियां नहीं थी?

**बच्चे की हुई मौत**

शुक्रवार को जारी किए गए हेल्थ बुलेटिन में दो मौतें दशाई गईं। जिसमें एसजीएम नगर निवासी सात वर्षीय बच्चे की मौत का मामला भी दर्शाया गया है। जिला कोरोना अधिकारी ने बताया कि बच्चा कोरोना के अलावा हैपेटाइटिस और अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त था। जिससे उसकी मौत हुई है। इससे पहले भी गुरूग्राम निवासी तीन दिन की नवजात बच्ची की मौत का मामला सामने आ चुका है। जिससे पाली स्थित कब्रिस्तान में दफनाया गया था। इस मामले को गुरूग्राम का बता दिया गया था।

**बदल गए आंकड़े**

जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 24 घंटे में कोरोना की 38 के बजाय दो मौत होने से आंकड़ों की संख्या 45 हो गई। गौरतलब है कि बीते 15 अक्टूबर को जारी किए गए कोरोना बुलेटिन में कोरोना से 38 और कोरोना व अन्य बीमारियों से ग्रस्त होने वाली 198 मौतें दर्शाई गई थीं। वहीं 16 अक्टूबर की शाम तक दो मौत दर्शाई गई, लेकिन इस बार मरने वालों की मौत का कारण बदल गया। 16 अक्टूबर के बुलेटिन में कोरोना से 45 और कोरोना और अन्य बीमारियों से मरने वालों की संख्या का आंकड़ा 193 कर दिया गया।

# मेहनत रंग लाई, बीट अधिकारी बन रहे मददगार : सीपी

### कमिश्नरेट की बीट प्रणाली हो रही है बड़ी प्रभावकारी सिद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** कमिश्नरेट, फरीदाबाद के सभी थानों के बीट एरिया में नियुक्त सभी बीट अधिकारियों की कार्यालय पुलिस आयुक्त, फरीदाबाद में आयोजित एक संगोष्ठी के दौरान पिछले सप्ताह के कार्यों की जानकारी लेते हुए पुलिस आयुक्त ओपी सिंह द्वारा कहा गया कि इस कमिश्नरेट की बीट प्रणाली बड़ी प्रभावकारी सिद्ध हो रही है।

थाना भूपानी के बीट अधिकारी सिपाही मनोज कुमार ने अपनी बीट के दो वरिष्ठ नागरिकों तक उनकी दवाई पहुंचाने में मदद करके यह सिद्ध कर दिया है कि बीट अधिकारी पारिवारिक स्तर तक जाकर जनता की मदद कर रहे हैं।



बीट अधिकारी अपने बीट एरिया में रोजाना 5-7 किलोमीटर पैदल चलकर 50-60 व्यक्तियों से संवाद कायम करते हैं, इससे उनकी समझ विकसित हो रही है, लोगों को पुलिस द्वारा दी जाने वाली सेवाएं आसानी से प्राप्त हो रहीं हैं। जनता अपराधों के प्रति जागरूक हो रही है। लोग घर के नौकरों की, सुरक्षा गार्ड़ों की और कर्मचारियों की पुलिस तस्दीक करवा रहे हैं, क्योंकि इनके रूप में कुछ अपराधी लोग भी अपने आप को छुपाकर रखते हैं। कई सोसाइटियों में सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गेट लगवाए गए हैं। थाना पल्ला के बीट अधिकारी सिपाही रविंद्र के जागरूक करने के बाद लोगों ने बाइकों में अतिरिक्त और विशेष लॉक लगवाए हैं।

थाना सेक्टर-58 के बीट अधिकारी एएसआई सुरेंद्र के समझाने के बाद शराब की लत छोड़कर एक बेरोजगार व्यक्ति परचून की दुकान चलाई है। इसी प्रकार थाना सैंट्रल के 13 नंबर के जूते वाले बीट अधिकारी सिपाही कुलदीप के मार्गदर्शन के बाद उसकी बीट के क्षेत्र में स्थित ट्रांस्पोट नगर में लोग अपने ट्रकों को व्यस्थित तरीके से खड़े करते हैं और गाड़ियों की भीड़भाड़ समाप्त हो गई।

थाना एनआईटी के बीट सिपाही दीपक कुमार के समझाने से उनकी बीट में स्थित एक मंदिर को लेकर दो संप्रदायों में होने वाले विवाद को बातचीत से सुलझा लिया गया। बीट अफसर उप निरीक्षक महेंद्र सिंह के मार्गदर्शन पर संजय कॉलोनी में 75 सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए तथा थाना सारन के बीट अफसर उप निरीक्षक रामकिशन ने भी अपनी बीट में अनेक विशिष्ट कार्य किए, जिसके आधार पर इन दोनों बीट अधिकारियों को उस्ताद बीट अफसर की उपाधि के साथ-साथ कम अनुभव वाले बीट अफसरों का मार्गदर्शन करने का भी दायित्व दिया गया। उत्कृष्ट सेवा करने वाले बीट अधिकारियों को प्रथम श्रेणी के प्रशंसा पत्र दिए गए और सामान्य रूप से कार्य करने वालों को और अधिक लग्न, मेहनत व निष्ठापूर्वक कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## कोरोना: 2 मौतें, 189 पॉजिटिव से आंकड़ा 22,348 पर पहुंचा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मरीजों की संख्या का आंकड़ा कम नहीं हो रहा है। शुक्रवार को 189 पॉजिटिव आने से कोविड-19 का आंकड़ा 22 348 पर पहुंच गया। वहीं दो मौत होने से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 238 पर पहुंच गया है। राहत की बात यह रही कि कोरोना पॉजिटिव 237 मरीजों ने इस जंग को जीत लिया। जिससे कोरोना का रिकवरी रेट 95.5 प्रतिशत रहा।

**मृतक और पॉजिटिव**

दो मृतकों में एसजीएम नगर निवासी 7 साल का बच्चा और सेक्टर-23 ए निवासी 65 वर्षीय एक महिला शामिल है। दोनों कोरोना के अलावा अन्य कई बीमारियों से ग्रस्त थे। वहीं 189 में सेक्टर-7, 8, 28, 29, 64, 15, 77, 11, 3, 87, 49, 81, 85, सिही, एनएच-एक प्रिंसेस पार्क, पल्ला, बुआपुर, चावला कालोनी, नाहर सिंह कालोनी, ओल्ड फरीदाबाद, आदर्श नगर, गांधी कालोनी, जवाहर कालोनी, भारत कालोनी, नंगला, गौच्छी, तिगांव, गोपी कालोनी, भनकपुर, चंदावली, शिव कालोनी, इंदिरा इंक्लेव, अमर नगर, गांधी कालोनी, बड़ौली, एनएच-5 अशोका इंक्लेव, से 2-2 मरीज है। पाली, सेक्टर-23, 14, से 1-1 मरीज है। गर्ग कालोनी, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर-8, 88, 25, कुंदन कालोनी, बसेलवा कालोनी, ग्रीन फिल्ड कालोनी, बल्लभगढ़, चार्मवुड, सेहतपुर, सैनिक कालोनी, से 3-3 मरीज है। सेक्टर-64, एनएच-3 से 4-4 मरीज है। एसजीएम नगर से 6 और अन्य एरियों से 45 मरीज है।



**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| अब तक सैम्पल लिए | 224187 |
| अब तक नेगेटिव | 201550 |
| रिपोर्ट आनी शेष | 289 |
| अब तक पॉजिटिव | 22348 |
| अब तक ठीक हुए | 21240 |
| अब तक कुल मौत | 238 |
| गंभीर हालत में | 26 |
| आईसीयू में भती | 08 |

## संक्षिप्त समाचार

### आयकर कर्मचारियों ने की एक दिवसीय भूख हड़ताल



**फरीदाबाद।** आयकर कर्मचारी महासंघ की ओर विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्ष यूनियन के महासचिव संदीप यादव और राजपत्रित अधिकारी संघ के महासचवि जितेंद्र कुमार गुप्ता ने की। हड़ताल में अनेक अधकारी व कर्मचारी शामिल रहे। महासिव संदीप यादव ने बताया कि विभाग में करीब दो साल से कर्मचारियों की पदोन्नती रुकी हुई है। इसे दोबारा शुरू करने की कई बार मांग की जा चुकी है मगर विभाग की ओर से कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। इसी तरह वर्षों से लगे कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की मांग कई बार अधिकारियों के समक्ष रखी गई। इस पर भी अब कोई ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार से मांग है कि कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। पदोन्नती को दाबरा शुरू किया जाए। इंपेक्टर को सीबीआई के अनुरूप वेतन दिया जाए। इंटर रीजन ट्रांसफर को दोबारा से शुरू हो। आयकर निरीक्षण प्रशासनिक अधिकारी व निजी सचिव को लैपटॉप का दिए जाएं। इस अवसर पर अधिकरी पतेंद्र मलिक, सुरजन समेत निरीक्षक अशोक कुमार, रविंदर चालिया, अशोक कुमार टोगरा आदि मौजूद रहे।

### मंदिर के पैसों पर उलझा विवाद

**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद के सैयदवाड़ा स्थित श्रीमहावीर मंदिर पर गैर कानूनी तरीके से जबरदस्ती कब्जा करने व मंदिर के पैसों का गलत इस्तेमाल करने के मामले को सुलझाने के लिए ओल्ड फरीदाबाद थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों की बैठक बुलाकर एक सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो दोनों पक्षों के एकाउंट और दस्तावेजों की जांच करेगी, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। इसके उपरांत फैसला लिया जाएगा कि मंदिर पर किस पक्ष का अधिकार रहेगा। एसएचओ द्वारा गठित कमेटी में पार्षद सुभाष अहूजा, पार्षद विनोद भाटी, मंडल अध्यक्ष ओल्ड फरीदाबाद सचिन शर्मा, बजरंग सिंगला, अनिल गुप्ता, कृष्णदत्त शर्मा व अजीत राय को शामिल किया गया है। उक्त गठित कमेटी का स्वागत करते हुए सैयदवाड़ा ओल्ड फरीदाबाद निवासी 84 वर्षीय प्रमुख सेवादार मूलराज नन्द्राजोग पुत्र स्व. मेलाराम ने कहा कि वे मंदिर की सन् 1960 से देखरेख कर रहे हैं और जिसके प्रधान गिरधारी लाल थे, जिनका अब स्वर्गवास हो गया है और इस संस्था के सचिव अजित राय हैं और मंदिर कमेटी को अपने दिशा-निर्देश करते हुए व सभी मंदिर कमेटी के सदस्यों की राय लेते हुए इस मंदिर को सुचारू रूप से चला रहे थे। लेकिन बाद में कुछ अन्य लोगों की वजह से विवाद उत्पन्न हो गया।

### रोटरी ने बच्चों को भेंट की टी-शर्ट

**फरीदाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल ने शुक्रवार को साईंधाम स्कूल के बच्चों को 100 रोटरी टी-शर्ट भेंट की। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसीपल मीनू गुप्ता द्वारा



रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल की पूरी टीम का विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया गया। मीनू गुप्ता ने रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रोटरी क्लब दिन-प्रतिदिन अपने प्रयास से जिले में एक नया आयाम स्थापित कर रहा है। उनके इस तरह के प्रयासों के चलते आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को भी बेहतर शिक्षा भी मुहैया हो रही है। वहीं रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद सेंट्रल के प्रधान जगदीश सहदेव ने बताया कि उनकी संस्था सामाजिक कार्यों में हमेशा से बढ़-चढक़र भाग लेती है इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने साईंधाम स्कूल में पढने़ वाले बच्चों के लिए 100 टी-शर्ट उपलब्ध कराईं।

### ऑनलाइन करें शिकायतों का निपटान : अपराजिता



**फरीदाबाद।** एसडीएम अपराजिता ने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी प्रत्येक सप्ताह वीरवार तक सरल केन्द्रों पर आई हुई विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निपटान आनॅलाईन करना सुनिश्चित करें। एसडीएम अपराजिता ने यह निर्देश विभिन्न विभागों के अधिकारियों को उपमंडल से सम्बन्धित सीएम विन्डो और सरल केन्द्रों पर शिकायतों के सम्बन्ध में अपने कार्यालय में दे रही थी। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी आनॅलाईन आई शिकायतों का निपटान आनॅलाइन ही करने के लिए एनआईसी के अधिकारियों और कर्मचारियों के तालमेल बनाकर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार निर्धारित समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

### कोर्ट में सेनिटाइजर, मास्क और थैलों का वितरण

**फरीदाबाद।** कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाते हुए समाजसेवी मोहन तिवारी ने सेक्टर-12 फरीदाबाद कोर्ट स्थित अपने कार्यालय पर कोर्ट कैंपस और चैंबर बिल्डिंग में काम करने वाले



सफाईकर्मी, गॉर्ड, चपरासी आदि जरूरतमंद लोगों को सैनिटाइजर मास्क और थैले वितरित किये। तिवारी ने कहा कि इससे पहले भी उन्होने कोर्ट में काम करने वाले लोगो को थैले, सेनिटाइजर, मास्क आदि वितरित कर चुके है लेकिन दोबारा यहां के काम करने वाले सफाईकर्मियो, गॉर्ड, चपरासी आदि के कहने पर फिर से उनको सेनिटाइजर, मास्क, थैले आदि सामान देने का पुन: भरोसा दिए थे। जिसके तहत आज उन्होंने वितरण करा दिए। तिवारी ने सेनिटाइजर, मास्क और थैले वितरण करते समय सभी लोगों से अनुरोध किया की पॉलीथीन का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें, पर्यावरण बचाने के लिए जूट एवं कपड़े के थैले प्रयोग करें। समाजसेवी मोहन तिवारी ने कहा कि कोरोना का सबसे ज्यादा असर समाज के निम्न तबकों के लोगों पर पड़ा है

## ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**फरीदाबाद।** ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मरने वाले व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की उम्र करीब 65 साल है। इस मामले की जांच कर रहे सबइंस्पेक्टर सुभाष चंद ने बताया कि मृतक न्यू टाउन रेलवे स्टेशन पर पुल के नीचे मिला है। उसने सेंडो बनियान व लुंघी पहनी हुई थी। वह शुक्रवार सुबह रेलवे लाइन पार कर रहा था, तभी वह ट्रेन की चपेट में आया। पुलिस ने शव की पहचान के लिए आसपास के लोगों को बुलाया, पर लोगों ने शव की पहचान करने से इनकार कर दिया। इसके चलते पुलिस ने शव बीके अस्पताल के पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया है।

## लूट की कोशिश करते दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** चौकी दयालबाग की टीम ने लूट की कोशिश करने वाले दो आरपियों मनोज कुमार व इश्तेयाक खान को दिनांक 15 अक्टूबर की रात को भरत विहार, दयालबाग से गिरफ्तार किया। 15 अक्टूबर की रात को चौकी दयालबाग की पीसीआर गश्त में थी जो गुप्त सुत्रों से पता चला की दो लोग रोड पर डंडा और रॉड से आती-जाती गाडियों को रुकवा कर लूटने की कोशिश कर रहे है। जिस सूचना पर पुलिस टीम भरत विहार शमशान घाट दयालबाग पर पहुंची वहां देखा कि दोनों आरोपी रोड़ पर जा रही गाड़ियों को रुकवाकर उन्हें लूटने की फ़िराक में थे कि उससे पहले ही उन्हें वहां से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ के दौरान सामने आया की आरोपी मनोज कुमार ने वर्ष 2016 में एक स्नैचिंग की वारदात में 1 लाख 20 हजार रुपये, 1 मोबाईल, एक पिकअप गाडी छिनी थी। जिसमें इसे अदालत द्वारा 5 साल की सजा 25 हजार रुपए जुर्माना किया गया था। आरोपी मनोज जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था और इस दौरान आरोपी मनोज ने इस घटना को अंजाम देने की योजना बनाई थी। आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।

## आज इन रास्तों पर मिल सकता है जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**नवरात्रे** शुरू हो गए है, जिससे आपको बीके हार्डवेयर रोड पर जाम का सामना करना पड़ सकता है। नवरात्र को देखते हुए पुलिस ने इस मार्ग पर तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर और वैष्णो देवी मंदिर के सामने ट्रैफिक प्लान तैयार किया है, जिसके तहत हार्डवेयर चौक से बीके चौक की ओर आने वाले रास्ते को तिकोना पार्क से बंद रखा जाएगा। एक ही साइड में दोनों लेन खुली होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

जानकारी के मुताबिक शक्ति स्वरूपा मां जगदंबा की आराधना के लिए शरदीय नवरात्र शुरू हो रहे हैं और 25 अक्टूबर तक चलेंगे। इसके लिए भक्तों और मंदिरों



के साथ ही पुलिस और प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। नवरात्र के दौरान बीके हार्डवेयर रोड पर वाहन लेकर निकलने से बचें। पुलिस ने इस रोड पर तिकोना पार्क स्थित सिद्धपीठ काली मंदिर व वैष्णो देवी मंदिर के सामने हार्डवेयर से बीके चौक की ओर आने वाले रास्ते को तिकोना पार्क से पूरी तरह बंद रखने का प्लान तैयार किया गया है। मंदिर के सामने एक ही रोड पर दोनों साइड का ट्रैफिक चलने के चलते जाम की स्थिति बन सकती है। वहीं दुसरी तरफ बीके चौक से डबुआ कॉलोनी व टाउन नंबर दो की ओर जाने वाले लोगों को ईएसआई चौक होते हुए जाना बेहतर होगा। इसी तरह हार्डवेयर चौक से बीके चौक की ओर आने वाले लोगों के लिए बाटा चौक से होते हुए नीलम चौक या फिर टाउन नंबर एक के रास्ते बीके चौक पर आना अच्छा रहेगा।

## निजी स्कूल पर वार्षिक शुल्क मांगने का आरोप

### मंच ने चेयरमैन एफएफआरसी से की शिकायत

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हाईकोर्ट** की डबल बेंच द्वारा दिए गए फैसले पर शिक्षा निदेशक पंचकूला द्वारा स्कूलों को दिए गए निर्देशों का प्राइवेट स्कूलों पर कोई असर नहीं है। कई स्कूल प्रबंधक अपने पेरेंट्स पर ट्यूशन फीस के अलावा एनुअल चार्ज, कंप्यूटर फीस आदि फंडों में तिमाही आधार पर फीस जमा कराने के लिए दबाव डाल रहे हैं ऐसा न करने पर 100 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना करने की बात कह रहे हैं। हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने स्कूलों की इस मनमानी पर नाराजगी प्रकट करते हुए चेयरमैन एफएफआरसी कम मंडल कमिश्नर संजय जून को पत्र लिखकर ऐसे दोषी स्कूलों के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व जिला सचिव डॉ मनोज शर्मा ने सभी पेरेंट्स से कहा है कि वे सिर्फ गत वर्ष की ही बिना बढ़ाएगी ट्यूशन फीस मासिक आधार पर जमा कराएं इसके अलावा अन्य किसी फंड में एक भी पैसा न दें जो स्कूल प्रबंधक अन्य फंडों की मांग कर रहे हैं उनके नोटिस को लगाकर चेयरमैन एफएफआरसी के पास लिखित में शिकायत दर्ज कराएं और उसकी एक प्रति मंच के जिला कार्यालय चेंबर नंबर 56 जिला कोर्ट फरीदाबाद में भी दें। मंच के जिला अध्यक्ष एडवोकेट शिवकुमार जोशी ने कहा है कि हाईकोर्ट ने यह भी फैसला दिया है कि स्कूल प्रबंधक अपने सभी अध्यापकों व स्टाफ को वही पूरी तनख्वाह दें जो वे मार्च 2020 से पहले दे रहे थे, लेकिन मंच की जानकारी में आया है कि अभी भी स्कूल प्रबंधक अपने अध्यापक व स्टाफ को कोई भी तनख्वाह नहीं दे रहे हैं या आधी अधूरी दे रहे हैं।

## स्नेचिंग और चोरी के जुर्म में एक गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच-48 की टीम ने एक आरोपी सौरव को लूट और चोरी के मुकदमों के तहत गिरफ्तार किया है। आरोपी सौरव फतेहपुर तगा, फरीदाबाद का रहने वाला है। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने अपनी गर्लफ्रेंड को दिखाने के लिए कि वह बहुत अमीर है, उसने अपने साथियों आकाश और धर्मेन्द्र के साथ मिलकर 4 सितम्बर को सेक्टर-55 में एक व्यक्ति से कट्टे के बल पर मोबाइल और पर्स छीन लिया था। पुलिस टीम द्वारा मोबाइल व वारदात में प्रयोग किया गया मोटरसाइकिल व 4000 रुपये नगद बरामद किए गए। आरोपी पर स्नेचिंग और लूट के दो मुकदमे फरीदाबाद में दर्ज हैं। उसने बताया कि वह अपनी गर्लफ्रेंड को दिखाने के लिए कि वह बहुत अमीर है, इसलिए इन वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है तथा उसके साथियों आकाश और धर्मेन्द्र की तलाश की जा रही है।


# सभी मंदिर तैयार, आज होगी मां शैलपुत्री की पूजा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के दौरान पूरे बचाव के साथ आज से शुरू होने वाले नवरात्रों को लेकर शहर के सभी मंदिर सजकर तैयार है। शुक्रवार को घरों और मंदिरों में पूजा करने की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। पहले दिन शनिवार को कलश स्थापना के साथ अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी। ज्यादातर लोग पहले व अंतिम दिन और कुछ लोग पूरे नवरात्र व्रत रखेंगे।

**कोरोना से बचाव**

कोरोना महामारी को देखते हुए इस बार मंदिरों में मां के दर्शन को पहुंचने वाले भक्तों को दर्शन देरी से नसीब होंगे, क्योकि इस बार बिना सोशल डिस्टेंसिंग और मास्क के आप मंदिर में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। मंदिर में



इस बार मां के भजनों के साथ कोरोना से बचाव का सदेंश दर्शन के लिए आने वाले भक्तों को दिया जाएगा। वहीं सेनिटाइज करने के बाद ही मंदिर के भीतर प्रवेश दिया जाएगा।

**प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पुजा**

एनआईटी पांच नंबर स्थित राधा सर्वेश्वर मंदिर के संस्थापक मुनिराज ने बताया कि नवरात्रों में मां अपने अलग-अलग रूपों के अनुरूप भक्तों को आर्शीवाद देती है। शनिवार को पहले नवरात्रे के दिन मां शैलपुत्री की पुजा की जाती है। शास्त्रों के अनुसार मां भगवती सती एक बार अगस्त ऋषि के आश्रम में सत्संग के लिए गई थी। उस दौरान वहां सती ने ईश्वर की अवेहलना की। जिसके कारण भगवान द्वारा उन्हें श्राप दिया गया था। इस श्राप के कारण उन्होंने हिमालय की पुत्री बनकर जन्म लिया। जिसके बाद आशुतोष भगवान शिव के साथ विवाह कर अपना जीवन व्यतीत किया। जिसके कारण उन्हें शैलपुत्री अथवा पार्वती के रूप में जाना जाता है। वह अपने एक हाथ में पुस्तक लिए बैल पर सवार होकर भक्तों को धन व शांति देती हैं। मुनिराजजी ने बताया कि प्रथम दिवस कलश की स्थापना के साथ शैलपुत्री का पूजन करना चाहिए। उन्होंने बताया कि यदि कुंवारी लड़कियों को वर प्राप्ति का वरदान मांगना है तो वह आज संकल्प धारण कर दही का भोग मां को लगाकर वर की मांग कर सकती है। वह मां को बली के रूप में नारियल फोड़ कर चढ़ा सकती है।

**ज्वाला जी की जोत**

हर बार की तरह महारानी वैष्णों देवी मंदिर संस्थान में माता की जोत ज्वाला जी से लाई गई ज्योति से प्रज्जवलित की जाएगी। मंदिर के प्रधान जगदीश भाटिया ने बताया कि सुबह आठ बजे माता की ज्योत प्रज्जावलित की जाएगी। इस दौरान दुर्गा पूजा, कलश स्थापना का भी कार्यक्रम है। इस बार मंदिर में होने वाली चौकी में कोरोना के कारण 50 व्यक्तियों की अनुमति होगी। चौकी दिन में दो से तीन बार होगी। उन्होंने बताया कि अष्टमी के दिन मां का जागरण होगा। उसमें भी मात्र 40 से 50 लोग ही शामिल हो सकेंगे। कोरोना को देखते हुए भंडारे का आयोजन नहीं किया जा रहा है। प्रसाद के लिए भी अलग से व्यवस्था की गई है।

## भतीजे की हत्या का बदला लेने आया था कुल्लू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर-30 की टीम व साइबर सेल फरीदाबाद की टीम के संयुक्त पुलिस कार्यवाही करते हुए फरीदाबाद पुलिस के मोस्ट वांटेड दो लाख के इनामी बदमाश कुलभूषण उर्फ कुल्लू को मुठभेड़ के बाद बीती शाम गिरफ्तार किया। दोनों पैरों में गोली लगने से उसे बीके अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज के पश्चात् आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा। नचौली गांव निवासी कुल्लू पर हत्या, हत्या के प्रयास, जान से मारने की धमकी, फिरौती व हाथ पैर तोड़ने के करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

सहायक पुलिस आयुक्त, आदर्शदीप सिंह ने बताया कि 15 अक्टूबर की शाम के समय गुप्त सूत्रों ने सूचना दी थी कि कुलभूषण उर्फ क कुल्लू जो अपनी इको स्पोर्ट नीले रंग



की गाड़ी में 9 सितम्बर को हुई अपने भतीजे अनीष उर्फ़ अन्नू की हत्या का बदला लेने की भावना से रैकी करने के लिए शूटिंग रेंज के रास्ते सूरजकुंड के एरिया में आने वाला है।

डीसीपी क्राइम मुकेश मल्होत्रा व एसीपी क्राइम अनिल कुमार के दिशा निर्देशों पर कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 व साइबर सेल की टीम के सदस्य इंस्पेक्टर विमल राय, इंस्पेक्टर संदीप मोर, अनूप सिंह, हवलदार यशपाल, हवलदार वसीम, हवलदार दिनेश, सिपाही मनोज, सिपाही योगेश, सिपाही मनजीत ने शूटिंग रेंज वाले रस्ते पर कांत इन्क्लेव के पास नाकाबंदी कर दी।

जैसे ही कुलभूषण वहां पहुंचा तो पुलिस टीम को देखकर उसने अपनी गाड़ी कांत इन्क्लेव की तरफ मोड़ दी। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और जब उसे सरेंडर करने के लिया कहा तो आगे रास्ता न मिलने की वजह से गाड़ी से उतरकर जंगल की तरफ भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग करने लगा। पुलिस टीम ने भी जवाबी कार्यवाही करते हुए फायरिंग की। जिसमे आरोपी के एक पैर में गोली लगी। गोली लगने के पश्चात् भी जब वह नहीं रुका तो उसे रोकने के लिए गोली चलाई गई जो उसके दूसरे पैर में लगी। फायरिंग से बचते समय क्राइम ब्रांच इंचार्ज इंस्पेक्टर विमल को भी घुटने में चोट लगी है।

# महबूबा की राजनीति

## व्यापक गठबंधन का प्रयास

**ऐसा** लगता है कि 14 महीने से अधिक समय तक जेल में रहने के बावजूद जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती का स्वभाव नहीं बदला है। पीडीपी नेता सभी स्थानीय पार्टियों का व्यापक गठबंधन बनाना चाहती हैं। रिहा होने के कुछ ही घंटे के भीतर वे नेशनल कान्फ्रेंस नेताओं फारूक व उमर अब्दुल्ला से मिलीं एवं तथाकथित संयुक्त गुपकार घोषणा के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट की जिसका अर्थ जम्मू कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा वापस दिलाना है। उन्होंने अपने दृष्टिकोण से कश्मीर मुद्दे के दीर्घकालीन राजनीतिक समाधान के लिए अब्दुल्ला परिवार से हाथ मिलाया है। उनकी बातचीत से स्पष्ट है कि वे अपने आंदोलन को आगे बढ़ा कर अपने स्पेस पर पुन: कब्जा करना चाहती हैं। उनकी भावी राजनीति पर गौर करना होगा। वैसे सभी नेता जानते हैं कि घाटी का पुराना दर्जा बहाल करवाना लगभग असंभव है क्योंकि दुनिया की बड़ी शक्तियों ने भी भारत द्वारा अपने संवैधानिक क्षेत्र में किया यह परिवर्तन मंजूर कर लिया है। उनको कश्मीर का दर्जा बदलने को सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती देनी होगी। मजेदार बात है कि उनके बयान में अनुच्छेद 370 हटाने का ज्यादा उल्लेख न होकर केन्द्र द्वारा कश्मीर की 'पहचान व दर्जे पर हमले' की बात कही गई है। इसका उद्देश्य सभी पार्टियों को स्वीकार्य एजेंडा तैयार करना है। यह सरकार की परीक्षा है। महबूबा सबसे बाद में रिहा की जाने वाली मुख्यधारा नेता हैं। शायद सरकार को आशंका थी कि अनुच्छेद 370 समाप्त करने के खिलाफ उनके भड़काऊ भाषणों से जनता पर असर पड़ सकता है। शायद सरकार ने इन नेताओं का सही आंकलन नहीं किया है। कश्मीर में तमाम नियंत्रणों व लाकडाउन के बावजूद शायद निराश



नौजवानों का एक हिस्सा अभी चरमपंथ की ओर आकर्षित है। संभवत: अभी कश्मीर के मुख्यधारा में समाहित होने में थोड़ा समय और लगेगा तथा भाजपा को जमीनी स्तर पर उम्मीद के अनुसार पूरा समर्थन नहीं मिला है। 2018 में 19,582 पंचों व सरपंचों की सीटों में से 7,528 पर चुनाव हुआ था। इनमें निर्वाचित बहुत से लोगों को श्रीनगर के होटलों में रख कर सुरक्षा देनी पड़ी है। भाजपा को उम्मीद थी कि वह स्थानीय स्तर पर मित्र नेताओं का वैकल्पिक राजनीतिक पिरामिड तैयार कर लेगी, पर शायद वह इसमें पूरी तरह सफल नहीं हुई है। पंचों, सरपंचों की 12,000 से अधिक सीटें खाली हैं जिसका प्रभाव स्थानीय प्रशासन पर पड़ रहा है। इस कारण भ्रम व निराशा का माहौल है जो हिंसा को जन्म दे सकता है। इसी कारण सरकार ने रणनीति बदली है और वह वर्ष के अंत तक पंचायत की बाकी सीटों पर भी चुनाव करवाना चाहती है। जमीनी स्तर पर राजनीतिक स्पेस खाली रहने से अब्दुल्ला व मुफ्ती को स्थान मिल सकता है। इसी व्यापक एजेंडे के अंतर्गत सरकार ने अनुभवी राजनेता मनोज सिन्हा को जम्मू कश्मीर संघशासित क्षेत्र का नया उप-राज्यपाल बना कर भेजा है। वे खामोशी से काम करने वाले राजनेता हैं तथा सभी राजनीतिक पार्टियों से संवाद स्थापित कर सकते हैं। भाजपा के समर्थन से पीडीपी व नेशनल कान्फ्रेंस के असंतुष्ट तत्वों ने जम्मू कश्मीर अपनी पार्टी बनाई थी, पर अभी उसे जनता का समर्थन प्राप्त करना बाकी है। सरकार राज्य के पुराने नेताओं को इस शर्त पर विचार-विमर्श प्रक्रिया के लिए तैयार कर सकती है कि वे पाकिस्तान के साथ मिल कर दोमुंही राजनीति न करें। इस दिशा में मध्यम मार्ग तलाशा जा सकता है। इसके लिए पहले घाटी में मुख्यधारा इंटरनेट बहाली के साथ ही तेजी से विकास के और कदम उठाने होंगे। कश्मीरी नौजवानों को डिजिटल शिक्षा क्रान्ति का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। सरकार को नौजवानों को निराश होने से बचाना होगा। ई-कामर्स, टैक्स की आनलाइन फाइलिंग व अन्य वित्तीय लेनदेन को गति देने की आवश्यकता है। लाकडाउन व नियंत्रणों के कारण सप्लाई श्रृंखला बाधित हुई है तथा अर्थव्यवस्था में गतिरोध है। सेवा क्षेत्र के साथ ही राज्य के परंपरागत सेब व्यापार, पर्यटन व हस्तशिल्प को गति देने की आवश्यकता है। कश्मीर में बेहतर माहौल बनाने की जरूरत है।

# रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता

**स्वदेशी एटीएजीएस कार्यक्रम से सबक लेकर भारत को देश तथा सेना के हित में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यह पहली ऐसी आयुध प्रणाली है जिसकी डिजाइन व विकास शुरुआत से अंत तक पूरी तरह भारतीय है।**



**जेपी सिंह**
(लेखक पूर्व उप सेना प्रमुख हैं)



रक्षा शोध एवं विकास संगठन-डीआरडीओ ने दो रणनीतिक साझीदारों-भारत फोर्ज लिमिटेड तथा टाटा पावर स्ट्रेटेजिक इंजीनियरिंग डिवीजन के साथ मिल कर 2012 में एडवांस्ड टोड आर्टिलरी गन सिस्टम-एटीएजीएस की शुरुआत की थी। रक्षा अधिग्रहण परिषद-डीएसी ने अगस्त, 2018 में 150 एटीएजीएस खरीद की पुष्टि की थी। इनके विकास की प्रक्रिया वर्ष 2013 में शुरू हुई थी जो अंतत: जाकर 2017 में पूरी हुई। हाविट्जर तोपों का विकास रिकार्ड तीस महीनों में हुआ और पिछले चार सालों में इनका व्यापक परीक्षण किया गया है। इनका प्रदर्शन लगातार बहुत शानदार रहा है।

एटीएजीएस सर्वाधिक परिष्कृत तथा दुनिया की संभवत: पहली फील्ड गन है जो बाई-माड्यूलर चार्ज सिस्टम-बीएसमसीएस सातवीं श्रेणी के प्रणोदकों का प्रयोग करने में सक्षम है। यह 48 किलोमीटर दूर तक मार कर सकती है जो 155-52 कैलिबर किस्म में एक रिकार्ड है। एटीएजीएस स्वदेशी विकसित 155 मिलीमीटर-45 कैलिबर आर्टिलरी गन धनुष का एक हिस्सा है। धनुष एफएच-77बी 155 एमएम 39 कैलिबर टोड हाविट्ज़र का परिणाम है जिसका विकास पहले स्वीडिश रक्षा निर्माता बोफोर्स ने किया था। भारतीय सेना ने 1987 से 1991 के बीच कुल 414 स्वीडिश हाविट्जर तोपें खरीदी थीं। धनुष हाविट्ज़र की अधिकतम मारक क्षमता साल्वो मोड में 38 किलोमीटर है, जबकि एटीएजीएस 48 किलोमीटर तक मार कर सकती है। भारत-निर्मित एटीएजीएस में दुहरी पावर व्यवस्था है जहां हाइड्रालिक्स का प्रयोग मोबिलिटी तथा तोप के इन-आउट एक्शन के लिए होता है, जबकि बिजली की शक्ति का प्रयोग गन लेइंग एंड एम्युनिशन हैंडलिंग सिस्टम-एएचएस में किया जाता है। यह व्यवस्था पूरी तरह बिजली संचालित की जाती है ताकि इसका ज्यादा रखरखाव न करना पड़े तथा यह लंबे समय तक विश्वसनीय व सुरक्षित रूप से कारगर रह सके। गन सिस्टम की स्वचालित व्यवस्था है जिसमें उच्च क्षमता वाले इनर्शियल नेवीगेशन सिस्टम-आईएनएस तथा स्वचालित एएचएस का प्रयोग शामिल है। इससे लगातार गोलों को लोड करने और दागने की क्षमता मिलती है, जबकि इसके लिए मैनुअल व्यवस्था भी बनी रहती है। विभिन्न परिस्थितियों में तोप की हाइड्रालिक व्यवस्था इसे प्रभावी क्षमता प्रदान करती है। इससे यह सड़कों पर, दुर्गम स्थानों पर, रोगिस्तान में तथा ऊंचे पहाड़ों पर कारगर रहती है। भारत में निर्मित उच्च शक्ति वाली आक्ज़िलरी पावर यूनिट इसकी सेल्फ प्रोपेल्ड गति, तेजी से तैनाती तथा जल्दी से सक्रियता सुनिश्चित करती है। एटीएजीएस में 95 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी पुर्जे हैं। कच्चे माल से तैयार उत्पाद तक इसकी पूरी सप्लाई श्रृंखला देश में स्थित है। इससे यह रक्षा प्रणालियों में 'मेक इन इंडिया' का सच्चा प्रतीक बन गई है। एटीएजीएस तोप प्रणाली में 7,463 पुर्जे हैं जिनमें से 4,977 पुर्जों के निर्माण में लगभग 30,000 निर्माण प्रक्रियायें शामिल होती हैं तथा इनकी जांच के 2,00,000 से अधिक आयाम हैं।

यह परियोजना अब डीआरडीओ टीआरएल चरणों के अनुसार टेक्नोलोजी रेडीनेस लेविल-टीआरएल के दसवें चरण में है। पिछले पांच वर्ष में इसका अनिवार्य परीक्षण हुआ है। इस महीने की शुरुआत में इसका अंतिम परीक्षण शुरू हुआ जिसे प्रिलिमिनरी स्टाफ क्वालीटेटिव रिक्वायरमेंट्स-पीएसक्यूआर ट्रायल कहते हैं। इसे हथियार प्रणाली में शामिल करने से पहले किया जाने वाला परीक्षण माना जाता है। तोप का कठोर पूर्व-पीएसक्यूआर परीक्षण प्रयोगकर्ताओं व डीआरडीओ टीमों द्वारा पहले ही किया जा चुका है। इन परीक्षणों से बीएफएल-विकसित तोप प्रणाली ने कुल मिला कर 130 से अधिक राउंड अधिकांशत: जोन सात में दागे हैं तथा इनका परीक्षण सभी मानकों पर खरा उतरा है। टाटा एयरोस्पेस एंड डिफेंस लिमिटेड द्वारा तैयार तोप ने 99 राउंड दागने में सफलता पाई। पांचवें रैपिड फायर प्रैक्टिस के 100वें राउंड में तोप की ट्यूब फट गई जो अपने किस्म की पहली दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना थी। इसके कारणों की जांच हो रही है। कुछ विशेषज्ञों ने इसे एम्युनिशन की खराबी बताया है, जबकि अन्य इसे ट्यूब की गड़बड़ी बताते हैं क्योंकि वह अत्यधिक दबाव नहीं झेल पाई। हालांकि, उसे इसके लिए सक्षम बनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि अब तक तोपें लगभग 2,000 राउंड दाग चुकी हैं और वे आसानी से 560 मेगापास्कल स्तर का दबाव झेल सकती हैं। इस प्रकार वे जोन सात में फायरिंग करने में सक्षम हैं। प्रक्रिया के एक हिस्से के रूप में 'गंभीर व ढांचागत दबाव' की पहचान व उसे दूर करने की जांच भी शामिल है। यह जांच जरूरी है। आत्मनिर्भर भारत के लिए एटीएजीएस विकास की प्रक्रियाओं में बाधा डालना या विलम्ब पैदा करना उचित नहीं होगा। यह पहली ऐसी आयुध प्रणाली है जिसकी डिजाइन व विकास शुरुआत से अंत तक पूरी तरह भारतीय है। डीआरडीओ तथा दो प्रमुख भारतीय औद्योगिक साझीदारों द्वारा विकसित एटीएजीएस प्रणाली राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है तथा यह भारतीय वेंडरों व सब-वेंडरों की नेटवर्क परिस्थितियों के लिए पूरी तरह उपयुक्त है। हमारे पास इसकी डिजाइन, आईपी व सभी डेटा का स्वामित्व है जिसका प्रयोग इस समग्र आयुध प्रणाली में किया गया है। विदेशी सहायता बहुत महंगी होती है और इसके आधार पर सफलता पाने की सोचना मूर्खतापूर्ण होगा। आत्मनिर्भरता की दिशा में थोड़ी परेशानियों के बावजूद हमें सफलतायें मिली हैं। भारत में अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, इस्राइल व चेक गणराज्य से आने वाली अधिकांश तोपों के साथ ऐसी दुर्घटनायें फायरिंग के निम्न क्षेत्रों में हुई हैं जहां कम दबाव का प्रयोग किया जाता है। इसलिए एटीएजीएस के मामले में उच्च दबाव की बात करना उचित नहीं होगा। यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि इनमें से किसी तोप की फायरिंग जोन सात में नहीं की गई थी और न ही उससे एटीएजीएस जितने गोले दागे गए थे। यह भारत में तैयार होने वाले गोला-बारूद की गुणवत्ता तथा प्रभावशीलता जांचने का भी सही समय है क्योंकि हम आर्टिलरी एम्युनिशन, फ्यूज़ तथा चार्ज बनाने के क्षेत्र में तुलनात्मक रूप से नए हैं। अत्यधिक उच्च दबाव को देखते हुए एम्युनिशन के हर हिस्से को पूरी तरह सटीक रूप से कारगर होना चाहिए। इसमें शेल, प्रोजेक्टाइल व फ्यूज़ शामिल हैं। इनको अत्यधिक उच्च कोणीय गति के उपयुक्त होना चाहिए। कुल मिला कर कहा जाए तो अनुभवों व परीक्षणों से ही सटीक कारगरता व अनुभव प्राप्त होता है। इसकी संभावना बहुत कम है कि कोई विदेशी हथियार निर्माता अपनी प्रमुख तकनीकें व डेटा हमें देगा तथा भारत को आत्मनिर्भर बनाने में सहायता करेगा। देश के हित में तथा सेना को ज्यादा सक्षम बनाने के लिए हमें ऐसी दुर्घटनाओं पर ज्यादा ध्यान नहीं देना चाहिए तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उम्मीद करनी चाहिए कि भारत की एटीएजीएस सफल होगी।

# मातृ मृत्यु दर पर अंकुश लगाना आवश्यक

> **एक और पहलू है उपलब्ध रक्त की गुणवत्ता का। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने खुलासा किया है कि लगभग 1,342 लोगों को संपूर्ण भारत में 2018-19 के दौरान खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी संक्रमण हो गया। इस जानकारी से देश में विद्यमान रक्त आधान व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।**

**सायंतनी चटर्जी**
(लेखिका लोक नीति परामर्शदाता हैं)



संयुक्त राष्ट्र टिकाऊ विकास लक्ष्य-3 (एसडीजी-3) के अंतर्गत सामाजिक पूंजी के तौर पर सभी के स्वास्थ्य एवं बेहतरी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है। एसडीजी-3, विशेष रूप से एसडीजी 3.1 का उद्देश्य वैश्विक मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) अनुपात को 2030 तक प्रति एक लाख पर 70 से कम मौतों के स्तर पर लाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, माता की मृत्यु का अर्थ है गर्भावस्था के दौरान किसी महिला की मौत होना अथवा गर्भ समापन के 42 दिनों के भीतर किसी महिला की मौत होना, किसी ऐसे कारण से जो गर्भधारण से सबंधित हो अथवा गर्भाधान अथवा उसके प्रबंधन के कारण बढ़ गया हो। भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार, 2020 तक प्रति एक लाख जीवित जन्मों पर पर एमएमआर को 100 के स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा गया है।

इस वर्ष जुलाई में महानिबंधक नमूना पंजीकरण व्यवस्था कार्यालय द्वारा जारी विशेष बुलेटिन से मिले आंकड़े दर्शाते हैं कि भारत में एमएमआर 2016-18 में 113 के स्तर पर था। यद्यपि इसमें 2915-17 में 122 और 2014-15 में 130 की तुलना में गिरावट देखी गई है मगर यह एसडीजी लक्ष्य से बहुत पीछे है। सबसे ज्यादा परेशान करने वाले आंकड़े असम से आए हैं जहां एमएमआर 215 है। हालांकि, यदि इसकी तुलना 2012-13 के आंकड़ों से की जाए तो यह 301 के स्तर से काफी कम हुआ है। कुछ भी हो, भारत की एसडीजी प्रतिबद्धताओं को देखते हुए, इस अनुपात को आगे और नीचे गिराने के लिए तात्कालिक हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

हाल ही में, जुलाई माह में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद के उच्च स्तरीय घटक के सत्र में भाषण दिया था, जिसमें उन्होंने उल्लेख किया था कि भारत का विकासीय उद्देश्य, ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास'' किसी को भी पीछे न छोड़ने के एसडीजी के मूल सिद्धांत के साथ प्रतिध्वनित होता है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि विशाल जनसंख्या के सामाजिक आर्थिक संकेतकों को सुधारने में भारत की सफलता का महत्वपूर्ण प्रभाव वैश्विक एसडीजी लक्ष्यों पर पड़ा है। इस प्रकार, एमएमआर जैसे वैयक्तिक स्वास्थ्य संकेतकों को संबोधित करना निश्चित रूप से देश के सार्वजनिक स्वास्थ्य को सुधारने एवं एसडीजी के लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण है।

व्यक्तिगत रूप से राज्यों की भूमिका भी बेहद महत्वपूर्ण है। उदाहरण के लिए, उच्च एमएमआर अनुपात वाले असम जैसे राज्य के लिए प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या से निबटना महत्वपूर्ण हो जाता है। असम में महामारी विज्ञान के मातृ मृत्यु अध्ययन के अनुसार, आंकड़े दर्शाते हैं कि 21.3 प्रतिशत मौतें रक्तस्राव के कारण, 17.3 प्रतिशत गर्भावस्था के कारण हाइपरटेंशन तथा 10 प्रतिशत सेप्सिस के कारण होती हैं। जन्म के उपरांत 24 घंटों के भीतर 500 मिलीलीटर अथवा उससे अधिक रक्तस्राव को पोस्टपार्टम हैमरेज कहा जाता है। एक दमदार रक्त आधान व्यवस्था विकसित करके ऐसी मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है, क्योंकि ऐसी सक्षम रक्त हस्तांतरण प्रणाली सुरक्षित एवं उपयुक्त खून तक सार्वभौमिक पहुंच मुहैया कराती है। असम में वार्षिक रक्त संग्रहण 2018-19 में 2,34,488 यूनिट था जबकि राज्य को 2019 में कुल अस्पताल बिस्तरों के सापेक्ष 2,42,000 ऐनिट की आवश्यकता थी। राज्यवार श्रेणी के अनुसार, जो वास्तविक रक्त इकाई संग्रहण के सापेक्ष वार्षिक आवश्यकता का आंकलन करती है, असम पांच में सबसे नीचे आता है। राज्य में 82 ब्लड बैंकों के साथ, यह खेदजनक बात है कि रक्त की कमी चिंता का विषय बनी हुई है।

एक और अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू है उपलब्ध रक्त की गुणवत्ता का। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने खुलासा किया है कि लगभग 1,342 लोगों को संपूर्ण भारत में 2018-19 के दौरान खून चढ़ाए जाने के कारण एचआईवी संक्रमण हो गया। इस जानकारी से देश में विद्यमान रक्त आधान व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं।

सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी समाधान है 100 प्रतिशत ऐच्छिक मदद की संस्कृति की ओर बढ़ना तथा विनियम दान से मुक्ति पाना। रक्तदाताओं की भर्ती रक्त आधान सेवाओं का सर्वाधिक अहम लक्षण है और एक स्वस्थ, प्रतिक्रियाशील एवं अभिप्रेरित ऐच्छिक रक्तदाताओं के सहयोग पर चलने वाले एक व्यवस्था संबंधित गुणवत्ता मुद्दों को कम करने में मददगार होती है। असम में स्वेच्छा से रक्तदान करने वालों का प्रतिशत 47.9 है, जो 71.9 के राष्ट्रीय औसत से बहुत कम है।

भारत जैसे विकासशील देश में एक और समस्या है खंडात्मक रक्त आधान प्रणाली। देश में 3,321 ब्लड बैंकों के प्रभावी परिचालन के लिए यह अनिवार्य हो जाता है कि व्यवस्थाएं पारदर्शी एवं गुणवत्ता की गारंटी वाली हों। लेकिन, प्रभावी परिचालन के लिए 3,321 ब्लड बैंकों की निगरानी सुनिश्चित करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। हालांकि, विकासशील देशों से प्राप्त अनुभवमूलक आंकड़े दर्शाते हैं कि एक केंद्रीकृत केंद्र एवं स्पोक मॉडल काफी हद तक सुरक्षित रक्त तक पहुंच बनाने में मददगार हो सकता है।

दुखद रूप से, ऐसी केंद्रीकृत रक्त आधान प्रणाली वर्तमान समय में भारत में मौजूद नहीं है, यद्यपि यह अतिरिक्त संग्रहीत रक्त की बर्बादी को रोकती है, खासकर अब जबकि बैंकों के बीच अधिक मात्रा में हस्तांतरण को राष्ट्रीय रक्त आधान परिषद द्वारा मंजूरी दे दी गई है। यह पहुंच को भी बढ़ाती है, क्योंकि रक्त को केंद्रों से वहीं पुन: भेजा जा सकता है जहां उसका अभाव होता है। आपात स्थितियों के मामले में, रक्त नमूनों का संग्रहण सरल होता है। एक केंद्र तथा स्पोक मॉडल तथा 100 प्रतिशत निशुल्क रक्तदान वाला ढांचा एक हब और स्पोक मॉडल तथा परमार्थ के लिए रक्तदान का ढांचा भारत तथा असम के लिए मौतों की संख्या घटाने में मददगार होगा।

## आप की बात

### प्रतीकात्मक आगमन

**पक्षी** सुंदर प्राणी हैं, लेकिन हर साल दुनिया भर में पक्षियों की अप्राकृतिक मौतों के कारण बिजली लाइनों के साथ टकराव एक बड़ी ज्ञातक समस्या है। प्रतीकात्मक आगमन (विश्व प्रवासी पक्षी दिवस) पर, एक कॉमन क्रेन वडला उत्तरी कजाकिस्तान में आई है। जो 15 दिनों में 4800 किलोमीटर की दूरी तय करती है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य है बड़ी एवियन प्रजातियों पर बिजली लाइनों के प्रभाव का अध्ययन करना। यह पक्षियों पर इस तरह का पहला अध्ययन है, यह आश्चर्यजनक है। डॉ. सुरेश कुमार और उनके साथियों को सलाम जिन्होंने वडला पर नजर रखी जीपीएस तकनीक के द्वारा। यह अध्ययन अभी तक समाज के दबाव की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुशल समाधान खोजने के लिए पर्यावरणीय नेतृत्व की दिशा में हमारे प्रयास का एक और उदाहरण है। अब, पावर लाइन की मृत्यु दर के स्तर को कम करने के लिए कार्रवाई की आवश्यकता है, अनावश्यक बिजली लाइनों को हटाने और मौजूदा बिजली लाइनों के लिए, निवारक और शमन उपायों का उपयोग किया जाना चाहिए। भारत उड़ान रंगों के साथ आ रहा है। मिशन पूरा हुआ। आत्मनिर्भर भारत।

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

### खाने में पोषक तत्व

16 अक्टूबर विश्व खाद्य दिवस है। खाने का सीधा संबंध स्वास्थ्य से है और कोरोना जैसी महामारी के समय में अच्छे स्वास्थ्य का महत्त्व लोगों को समझ आने लगा है। बदलती जीवनशैली में खानपान में पोषक तत्वों की कमी के कारण भारत कुपोषण की एकतरफा नहीं बल्कि दोहरी मार झेल रहा है। जिसमें से पहली सूक्ष्म तत्वों की कमी है तथा दूसरी गैर संचारी बीमारियां हैं जैसे मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप इत्यादि। कुपोषण के इस दोहरे बोझ से भारत को बचाना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है और इसके लिए ज़रूरी है थाली में सभी पोषक तत्वों को शामिल करना। भारतीयों में जरूरी पोषक तत्वों की कमी को देखते हुए सरकार ने अन्य उपायों के साथ ही पौष्टिकीकृत खाद्य पदार्थों को भी बढ़ावा दिया है। खाद्य पौष्टिकीकरण लोगों में पोषक तत्वों की कमी दूर करने के लिए खाद्य पदार्थों में इन पोषक तत्वों को मिलाने को कहते हैं। खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के द्वारा इसके लिए 2018 में अधिनियम और एफ लोगो भी जारी किया गया था। अभी भारत में आटा, चावल, दूध, तेल, नमक का पौष्टिकीकरण किया जा सकता है और ऐसे पौष्टिकिकृत पदार्थ आम बाजारों में उपलब्ध भी हैं परंतु उपभोगताओं में अभी इसे लेकर जागरुकता नहीं है।

– **डिंपी भाटिया**, नई दिल्ली

### कश्मीरियों के दिलों को जीतें

**पिछले** एक साल से कश्मीर की जो स्थिति है उससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की कोई बहुत अच्छी छवि नहीं जा रही है। सरकार ने साहस व दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए धारा 370 व 35-ए को समाप्त करके अपना काम तो कर दिया है। पाकिस्तान अगर कश्मीर को लेकर कोई बयान देता है तो उसे खास तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग जैसे मंचों से उठते गंभीर स्वरों की ज्यादा समय तक अनदेखी नहीं की जा सकती। लेकिन अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी ऐतराज जताया गया। कश्मीरियों का सुकून भी कश्मीर में शांति जितना ही जरूरी है। इस सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों का मन अशांत रहना विदेशी ताकतों का काम आसान कर देता है। इसलिए पहली जरूरत है कश्मीरियों का विश्वास जीतने की, और यह काम संवाद बढ़ाकर ही किया जा सकता है। बेहतर हो कि आ रहे जाड़ों में सीमावर्ती क्षेत्रों में जमी बर्फ का फायदा उठाते हुए सरकार कश्मीरियों के साथ अपने रिश्तों में गरमाहट लाए ताकि आपसी विश्वास को एक नई जमीन मिल सके।

– **डॉ. हेमंत कुमार**, भागलपुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**दिल्ली** प्रदूषण से मुकाबला करने का प्रयास कर रही है, इसके लिए हमने एक नया अभियान चलाया है, रेड लाइट ऑन, गाड़ी ऑफ।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**हम** अपनी सजगता छोड़ नहीं सकते, खासकर इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि धान की कटाई चल रही है और सरकार द्वारा खरीद भी।

– **कैप्टन अमरिंदर सिंह**
पंजाब के मुख्यमंत्री



**राबर्ट** डेस्टेरो चीन तथा दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने के अमेरिकी प्रयासों का नेतृत्व करेंगे अथवा उनके प्रतिनिधि तिब्बत की बेजोड़ धार्मिक, सांस्कृतिक व भाषाई अस्मिता की रक्षा करेंगे।

– **माइक पॉम्पियो**
अमेरिकी विदेश सचिव

# काला नमक धान को बनाएंगे अंतरराष्ट्रीय ब्रांड

## सीआईआई कृषि और खाद्य तकनीक समारोह

● वाराणसी को सब्ज़ी निर्यात का हब बनाने की दिशा में होगा काम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि खुशबू और स्वाद में बेमिसाल, पौष्टिकता से भरपूर काला नमक धान को बासमती की तरह की ही अंतरराष्ट्रीय ब्रांड के रूप में प्रतिष्ठा दिलाई जाएगी। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, वाराणसी, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय, फैज़ाबाद और कृषि विज्ञान केंद्रों के साथ मिलकर कार्ययोजना तैयार की गई है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को सीआईआई कृषि और खाद्य तकनीक समारोह तथा भारत अंतरराष्ट्रीय कृषि सप्ताह के शुभारंभ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध के काल से ख्यातिलब्ध कालानमक धान यूं तो सिद्धार्थ नगर के लिए ओडीओपी योजना में सम्मिलित है लेकिन इसे जियोग्राफिकल इंडिकेशन (जीआई) पूर्वांचल के 11 जिलों के लिए प्राप्त है। ऐसे में कालानमक की संभावना बढ़ जाती है। ब्रांड बनने से इसका निर्यात भी बढ़ेगा और किसानों की आय में इजाफा भी होगा।



मुख्यमंत्री ने कहा कि ओडीओपी में अनेक कृषि उत्पादों को शामिल किया गया है। हमारी सरकार के लिए शुरू से ही अन्नदाता किसानों का हित सर्वोपरि रहा है। कृषि ऋण माफी से लेकर पीएम फसल योजना, पीएम किसान सम्मान, प्रधानमंत्री सिंचाई जैसी योजनाएं इसकी सबूत हैं। किसान हितों के मद्देनजर किसान मंडियों को आधुनिक बनाया जा रहा है। इनमें से 24 में कोल्ड स्टोरेज और राइपेनिंग चैम्बर भी होंगे। अमरोहा व वाराणसी में मैंगो पैक हाउस का निर्माण हो रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा घोषित एक लाख करोड़ आत्मनिर्भर भारत योजनांतर्गत मिले एक लाख करोड़ रुपये के पीएम पैकेज के जरिये पंचायत स्तर पर गोदामों का निर्माण होगा । प्रदेश में सर्वाधिक 92 फीसदी किसान लघु सीमांत हैं। सरकार का इन पर विशेष ध्यान है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश किसानों के हित में मंडी अधिनियम में संशोधन करने वाला अग्रणी राज्य रहा है। यूपी में 45 कृषि उत्पादों को मंडी शुल्क से मुक्त किया गया है। यही नहीं कोरोना के असाधारण संकट के दौरान रबी की फसलों की कटाई-मड़ाई और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की सारी व्यवस्था सुनिश्चित की गई। एमएसपी पर खरीद के लिए 6000 केंद्र स्थापित किये गए थे, इन केंद्रों पर रिकार्ड खरीद हुई। भरपूर क्रय केंद्रों के कारण बाजार में भी किसानों को गेहूं का अच्छा दाम मिला। इससे पहले कार्यक्रम के शुरुआत में सीआईआई उत्तरी क्षेत्र चेयरमैन निखिल ने उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र की असीम संभावनाओं को उत्साहवर्धक बताया। सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने 2021 तक 50,000 किसानों के साथ मिलकर कार्य करने का भरोसा जताया, साथ ही कहा कि हम कुछ ग्रामीण मॉडल हाट भी तैयार करेंगे साथ ही उद्यमियों को कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में निवेश के लिए प्रोत्साहित करेंगे। सीआईआई के पूर्व अध्यक्ष अजय श्रीराम ने कहा कि चीनी मिलों को खाद्य प्रसंस्करण के केंद्र के रूप में विकसित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव देवेश चतुर्वेदी, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई और सूचना नवनीत सहगल और प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद सहित सीआईआई के अनेक प्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शुक्रवार को उनके सरकारी आवास पर केन्द्रीय दलों के प्रदेश भ्रमण के तहत इण्टर मिनिस्टीरियल सेंट्रल टीम ने मुलाकात की

## एक आईपीएस व तीन पीपीएस अफसरों के तबादले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने एक आईपीएस और तीन पीपीएस अफसरों के तबादले कर दिए। एटीएस लखनऊ में एएसपी पद पर तैनात वर्ष 2016 बैच के आईपीएस अतुल शर्मा को एसपी क्राइम गाजियाबाद के पद पर स्थानान्तरित किया गया है। इसी तरह एएसपी क्राइम गाजियाबाद ज्ञानेन्द्र सिंह को एएसपी नगर द्वितीय गाजियाबाद, एएसपी यातायात बरेली सुभाष चंद्र गंगवार को एएसपी नगर तृतीय गाजियाबाद तथा एएसपी डॉ. भीमराव आंबेडकर पुलिस एकेडमी मुरादाबाद संजीव वाजपेयी को एएसपी यातायात बरेली के पद पर भेजा गया है।

## संचारी रोग नियंत्रण के लिए तेज हुआ साफ-सफाई अभियान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में संचारी रोगों के नियंत्रण व त्योहारों के आगमन को देखते हुए 31अक्टूबर तक इस वर्ष का तृतीय विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। अन्तर्विभागीय सहयोग से चलाये जा रहे इस अभियान में नगर विकास विभाग द्वारा साफ-सफाई, कूड़ा निस्तारण, फॉगिंग, एंटीलार्वा छिड़काव, पेयजल व्यवस्था, जनजागरूकता के कार्य सम्पादित कराये जा रहे हैं। शुक्रवार को इस बाबत जानकारी देते हुए सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग वी हेक़ाली झिमोमी ने बताया कि नगर विकास विभाग द्वारा साफ-सफाई अभियान के तहत 5067 कार्यस्थलों को गार्वेज मुक्त कराया गया जबकि अन्य निकायों नगर पालिका परिषद् और नगर पंचायतों में 17527 कार्यस्थलों को गार्वेज मुक्त कराया गया है। इस अवधि में प्रदेश के नगर निकायों के 3968 वार्डों में एंटी लार्वा छिड़काव, 2028 वार्डों में फॉगिंग कराई गयी जबकि अन्य निकायों में 27058 वार्डों में एंटी लार्वा छिड़काव, 24866 वार्डों में फॉगिंग कराई गयी। शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में नगर विकास विभाग द्वारा इस अवधि में निगम के 2041 तथा अन्य निकायों के 10017 हैंडपंप सही कराये गए हैं। नगर निगम में 541तथा निकायों में 2337 पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाए गए हैं। नगर निगम की 1720 तथा निकायों को 5706 सड़कों को गड्ढा मुक्त भी कराया जा चुका है। रोगों के प्रसार को रोकने के लिए नगर निगम के 65006 तथा निकायों के 15099 स्थलों पर विसंक्रमण हेतु रासायनिक छिड़काव कराया गया है। मास्क न पहनने, गंदगी फैलान, सार्वजानिक स्थलों पर थूकने के सम्बन्ध में नगर निगम में 1691लोगों का चालान कर 176944 रुपये तथा अन्य निकायों में 19466 लोगों का चालान कर 103914 रुपये की वसूली गयी है।

## कैबिनेट की मंजूरी के साथ मक्का खरीद आज से

● 1850 रुपये प्रति क्विंटल की दर से योगी सरकार खरीदेगी मक्का

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संकट के बीच योगी सरकार मक्का उत्पादक किसानों को राहत देने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद आरंभ करने का फैसला लिया है। कल सत्रह अक्टूबर से 15 जनवरी तक मक्का उत्पादन बाहुल्य वाले 23 जिलों में 1850 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद होगी। मक्का क्रय नीति को शुक्रवार को कैबिनेट ने स्वीकृति प्रदान कर दी। किसानों की मांग को देखते हुए प्रदेश की योगी सरकार ने धान के अलावा मक्का खरीद आरंभ करने का फैसला लिया है। मक्का क्रय नीति पर कैबिनेट की मुहर लगाने के अगले ही दिन शनिवार से खरीद कार्य आरंभ करने का फैसला लिया है। मक्का क्रय करने का जिम्मा खाद्य एवं रसद विभाग की विपणन शाखा को सौंपा गया है। क्रय केंद्रों का निर्धारण और चयन जिलाधिकारियों द्वारा किया जाएगा। केवल उन क्षेत्रों में मक्का क्रय केंद्र स्थापित होंगे, जहां मक्का उत्पादन अधिक हो और पर्याप्त खरीद की संभावना हो। मक्का बेचने के लिए भी किसानों को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। किसानों से मक्का खरीद के लिए जोतबही खाता नंबर अंकित कम्प्यूटराइज्ड सत्यापित खतौनी, फोटो पहचान पत्र और आधार कार्ड भी लिया जाएगा, ताकि बिचौलियों की घुसपैठ न हो सके। मक्का मूल्य का भुगतान आरटीजीएस या पीएफएमएस के माध्यम से खरीद के 72 घंटे में किया जाएगा। चेक से भुगतान नहीं होगा। प्रथम चरण में मक्का खरीद के लिए अलीगढ़, फीरोजाबाद, कन्नौज, एटा, मैनपुरी, कासगंज, बदायूं, बहराइच, फर्रुखाबाद, इटावा, हरदोई, कानपुर नगर, जौनपुर, कानपुर देहात, उन्नाव, गोंडा, बलिया, बुलंदशहर, ललितपुर, श्रावस्ती, देवरिया, सोनभद्र व हापुड़ का चयन किया गया है।

## एसआईटी ने पूरी की हाथरस कांड की जांच, आज सौंप सकती है शासन को रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गृह सचिव भगवान स्वरूप की अध्यक्षता में गठित 3 सदस्यीय एसआईटी ने हाथरस कांड की जांच पूरी कर ली है। एसआईटी शनिवार को अपनी रिपोर्ट प्रदेश सरकार को सौंप सकती है।

हाथरस कांड की जांच करने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर एसआईटी गठित की गई थी। गृह सचिव भगवान स्वरूप के नेतृत्व में डीआइजी चंद्रप्रकाश तथा एसपी पूनम ने इस प्रकरण की जांच शुरू की। इनको सात दिन में अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश था, उन सात दिन के अलावा टीम को जांच पूरी करने के लिए दस दिन का अतिरिक्त समय दिया गया।

एसआईटी ने इस दौरान हाथरस के बूलगढ़ी गांव में सौ से अधिक लोगों के बयान दर्ज करने के साथ चंदपा थाना के कर्मियों, हाथरस जिला अस्पताल तथा अलीगढ़ के मेडिकल कालेज प्रबंधन से भी वार्ता की। बूलगढ़ी गांव में बयान दर्ज कराने वालों में पीड़ित परिवार के सदस्य, आरोपित व उनके परिवार के लोगों के साथ पुलिस व प्रशासन के अधिकारी शामिल हैं। एसआईटी की ओर से रिपोर्ट लिखने का काम चल रहा है, जिसे 17 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश सरकार को सौंपने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि हाथरस के बहाने प्रदेश में जातीय और सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की जांच यूपी एसटीएफ को सौंपी गई है। अब एसटीएफ इस मामले की गहन जांच करेगी। सूत्रों ने बताया कि हाथरस के चंदपा थाने में गंभीर धाराओं में दर्ज मामला एसटीएफ की स्पेशल यूनिट के हवाले कर दिया गया है। सूत्रों की मानें तो इसमें पाकिस्तान, यूएई और बांग्लादेश समेत तमाम इस्लामिक देशों से प्रदेश सरकार को बदनाम करने की साजिश और फंडिंग की गयी है।

## अराजकता का ऐसा तांडव पहले कभी नहीं देखा गया: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में बेटियों का सम्मान पूर्वक जीना दुश्वार है। आए दिन उनके साथ होनेवाली दुष्कर्म की घटनाओं पर कोई रोक नहीं लग रही है। अराजकता का ऐसा तांडव पहले कभी नहीं देखा गया। मुख्यमंत्री जी ने जैसे तैसे साढ़े तीन साल से ऊपर के दिन निकाल लिए हैं, उनके अपराध के प्रति जीरो टालरेंस का दावा एक बड़े जीरों में बदल गया है। उनका रोमियो स्क्वाड लापता है अब चलते-चलाते मुख्यमंत्री जी जिलों में रोल मॉडल चुनने का कथित मिशन शक्ति अभियान चलाने जा रहे हैं। इसका हश्र भी वही होना है जो अब तक उनके वादों, निर्देशों, आदेशों का होता रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की जनता पूछती है कि आखिर कितने हाथरस, बलिया, झांसी, बलरामपुर और बाराबंकी काण्ड दुहराए जाएंगे।

## दलितों की आस्था के अपमान पर माफी मांगें उदित राज: निर्मल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उप्र** अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के चेयरमैन डॉ लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता उदित राज ने महाकुम्भ की आलोचना कर देश के दलितों की आस्था का भी अपमान किया है। कुम्भ को लेकर दलितों की सदैव आस्था रही है और महाकुम्भ में दलितों की सबसे बड़ी भागीदारी भी रहती है। उदित राज का यह बयान कांग्रेस की नीतियों का द्योतक है कि वह हिन्दू धर्म और उसकी संस्कृति के बारे में कितनी आस्था रखते हैं। उदित राज को माफी मांगनी चाहिए।

डा निर्मल ने कहा कि महाकुम्भ ऐतिहासिक रहा है। महा कुम्भ में जहां अखाड़ा परिषद की ओर से दलित संत को महामण्डलेश्वर की उपाधि दी गयी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दलित सफाई कर्मियों के पैर धोकर देश के सभी दलितों को सम्मान देने का काम किया गया। डॉ निर्मल ने कहा कि उदित राज टिकट के लिए राजनीति करते हैं। वह टिकट के लिए भारतीय जनता पार्टी में आये थे, टिकट न मिलने पर कांग्रेस में चले गये फिर जब कांग्रेस टिकट नहीं देगी तब वह किसी ओवैसी की पार्टी में चले जायेंगे। उदित राज को आत्मचिंतन करना चाहिए कि उन्होंने अपने पूरे कार्य अवधि में दलितों के लिए क्या कोई एक भी कार्य किया है। डॉ निर्मल ने कहा कि सच्चाई यह है कि उदित राज ग्राम प्रधान का चुनाव भी नहीं जीत सकते। अगर भारतीय जनता पार्टी ने टिकट न दिया होता तो वह कभी लोकसभा नहीं पहुँच पाते।

## अभियोजन विभाग ने 462 मामलों में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को दिलाई सजा

● विभाग की अधिकारिक वेबसाइट होगी लांच, यूट्यूब चैनल भी होगा शुरू: एडीजी अभियोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अभियोजन** विभाग द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए माह अगस्त 2019 से दिसम्बर 2019 तक महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध हुए 926 मामलों में अपराधियों को सजा करायी जा चुकी है तथा वर्ष 2020 में भी अभियोजन विभाग द्वारा ऐसे 462 मामलों में 31 अगस्त 2020 तक सजा करायी जा चुकी है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि भारत के संविधान ने किसी व्यक्ति के विरुद्ध अपराध करने वालों को अभियोजित एवं दण्डित कराने का गुरुतर दायित्व राज्य को सौंपा है और राज्य द्वारा यह पुनीत कार्य अभियोजन विभाग द्वारा सम्पादित किया जाता है। महिला एवं बालक बालिकाओं को निर्भय बनाने तथा प्रदेश की कानून व्यवस्था में उनकी आस्था को और अधिक बलवती करने हेतु अभियोजन विभाग कृतसंकल्प है।अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि 17 अक्टूबर 2020 से 22 अप्रैल 2021 के मध्य संचालित मिशन शक्ति अभियान की अवधि में प्रभावी अभियोजन के माध्यम से बलात्कार, बलात्कार सहित हत्या, बलात्कार के प्रयास एवं बालकों के विरुद्ध यौन अपराध करने वाले अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाएगा और छेड़खानी, तेजाब हमला करने वालों, अश्लीलता करने वालों, अनैतिक देह व्यापार कराने वालों और गुण्डा प्रवृत्ति के अपराधियों को भी उनकी जमानतें खारिज कराकर और कठोर सजा भी दिलाएगा।

शक्ति साक्षी हेल्प लाइन के अन्तर्गत अभियोजन निदेशालय मुख्यालय परिसर में साक्षी एवं पीड़ित हेल्प लाइन स्थापित की गयी है, जिसके माध्यम से डेडीकेटेड हेल्प लाइन 0522-2720712 तथा सीयूजी नंबर 09454005715 पर कोई भी पीड़ित अथवा अभियोजन साक्षी प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक अपने अभियोग की अद्यतन स्थिति तथा निःशुल्क विधिक परामर्श प्राप्त कर सकेगा। अपर पुलिस महानिदेशक अभियोजन ने बताया कि जन जन तक अभियोजन अभियान के अन्तर्गत अभियोजन निदेशालय पहली बार अपनी अधिकारिक वेबसाइट जल्द लांच करेगा। इसके अतिरिक्त अभियोजन निदेशालय अपना अधिकारिक यूट्यूब चैनल यूपी प्रॉसिक्यूशन भी आरम्भ करेगा।

## यूपी में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाएं भयावह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा है कि यूपी में पिछले एक हफ्ते में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 13 भयावह घटनाएं घटीं। खबरों के अनुसार 4 घटनाओं में पीड़िता की हत्या कर दी गई या पीड़िताओं ने आत्महत्या कर ली। महिला सुरक्षा की ये दुर्गति विचलित करती है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने सिलसिलेवार हो रही महिलाओं और बच्चियों के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटनाओं पर गहरी चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न घटनाओं सहित जनपद बाराबंकी में गैंगरेप के बाद हुई दलित नाबालिग किशोरी की हत्या योगी सरकार के लिए बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहाकि प्रदेश में कहीं भी हमारी बहन बेटियों की अस्मिता सुरक्षित नहीं रह गयी है।

लल्लू ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज का सबसे बड़ा उदाहरण कल बलिया में दिखा जहां एसडीएम, पुलिस क्षेत्राधिकारी, बीडीओ और सैंकड़ों पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की मौजूदगी में भाजपा के एक अपराधी कायकर्ता ने जिस प्रकार गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दिया और आसानी से पुलिस प्रशासन ने उसे वहां से फरार होने का अवसर दिया। कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने आज एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए बाराबंकी के सतरिख क्षेत्र में दलित नाबालिक किशोरी के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म और हत्या के पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उनके साथ उनका दर्द बांटा।

## काम के साथ गुणात्मक शिक्षा भी मिलेगी: राज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन से उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर के नये निर्मित होने वाले भवन का आनलाइन शिलान्यास किया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि कानपुर में विश्वविद्यालय का अपना क्षेत्रीय कार्यालय भवन बन जाने से उस क्षेत्र के विद्यार्थियों को सुविधा हो जायेगी। उन्होंने कहा कि समाज का एक ऐसा वर्ग है, जो घरेलू दिनचर्या या व्यावसायिक व्यस्तताओं के कारण कक्षाओं में नियमित अध्ययन नहीं कर सकता, वह मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से गुणात्मक शिक्षा ग्रहण कर सकता है। राज्यपाल ने कहा कि देश के स्वाधीनता आन्दोलन में कानपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसे उत्तर प्रदेश की औद्योगिक राजधानी भी कहा जाता है। यहां बड़े उद्योगों के साथ छोटे छोटे अनेक कल कारखानें स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि इन कारखानों में लाखों लोग काम करते हैं। वे लोग काम के साथ अपनी पढ़ाई भी करना चाहते हैं तो उनके लिए उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय एक वरदान साबित हो सकता है। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा के सभी स्तरों पर वंचित समूहों की समान सहभागिता सुनिश्चित की गयी है एवं उनमें विशेष रूप से वंचित महिलाओं की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिसमें पहला कदम शिक्षा में बालिकाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए जेन्डर समावेशी फण्ड की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति सबके लिए आसान पहुंच, समानता, गुणवत्ता और जवाबदेही के आधारभूत स्तंभों पर निर्मित है। राज्यपाल ने उच्च शिक्षण संस्थाओं से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण ई पाठयवस्तु क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षकों द्वारा विकसित किए जाएं।

## सिराज मेहंदी ने की पूर्व सांसद उदित राज को कांग्रेस से निकालने की मांग

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी छोड़ कर कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद उदित राज के कुंभ मेले के आयोजन पर सरकारी खर्च पर उठाई गई आपति को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधान परिषद सदस्य सिराज मेंहदी ने इस तरह के बयानों को देश की कौमी इकजयति के लिए गंभीर खतरा बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की और उदित राज को कांग्रेस से तत्काल निकले जाने की मांग की है। मेंहदी ने कहा कि जब देश में चुनाव होते हैं पार्टी के नेता विवादास्पद बयान देकर न केवल कांग्रेस की छवि को खराब करने बल्कि नुकसान करने से बाज नहीं आते हैं । उन्होंने कहा कि बिहार में चुनाव की सरगर्मियों के बीच इस तरह की बयानबाजी से पार्टी का कितना नुकसान होगा यह तो नतीजे बतायेंगे पर इतना तय है कि इस तरह की विवादास्पद टिप्पणी से से पहले भी पार्टी को नुकसान हुआ है यह बात किसी से छिपी नहीं है। कुंभ बेशक धार्मिक आयोजन है और देश के करोड़ों लोगों की आस्था से जुड़ा है चाहे किसी भी दल कि सरकार रही हो इसके आयोजन के बजट में धन का प्रावधान करती है।

## गो-आश्रय स्थलों में पांच लाख से अधिक गोवंश संरक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** में निराश्रित और बेसहारा गोवंश को संरक्षित किए जाने की योगी सरकार की नीति के अनुरूप गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित कर उनकी सुरक्षा एवं भरण पोषण की कार्यवाही शुरू हो गई है। गोवंश की सुरक्षा हेतु शेड का निर्माण कराया गया है। साथ ही सुरक्षा खाई, पीने का पानी, प्रकाश, पशु चिकित्सा, हरा चारा उत्पादन आदि कार्य भी कराए जा रहे हैं।

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रदेश में कुल 5,146 गो आश्रय स्थल स्थापित हैं। इनमें 4,452 अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल, 148 कान्हा गोशाला, 402 कांजी हाउस एवं 144 वृहद गोसंरक्षण केन्द्र हैं। यह गो आश्रय स्थल प्रदेश के ग्रामीण व शहरी इलाकों में स्थापित किए गए हैं। इन गो आश्रय स्थलों में 5,19,816 गोवंश संरक्षित हैं। गोवंश की पहचान हेतु उन्हें यूआईडी इयर टैग लगाया गया है। गोवंश के भरण पोषण हेतु विभिन्न गो आश्रय स्थलों में 9.80 लाख कुन्तल भूसा एकत्र कर संरक्षित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2018-19 से अभी तक गोवंश के भरण पोषण हेतु 380.61 करोड़ रुपए की धनराशि जिलाधिकारियों को उपलब्ध करायी जा चुकी है। मुख्यमंत्री निराश्रित-बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना के अन्तर्गत अब तक 32,242 इच्छुक कृषकों को 62,314 गोवंश सुपुर्दगी में देकर लाभान्वित किया गया है। साथ ही राष्ट्रीय पोषण मिशन के अन्तर्गत 519 कुपोषित परिवारों को गोवंश आश्रय स्थलों से गोवंश उपलब्ध कराया गया है। गो आश्रय स्थलों से सम्बन्धित इन योजनाओं के अन्तर्गत चिन्हित लाभार्थियों को प्रति गोवंश 30 रुपए प्रतिदिन अर्थात 900 रुपए प्रतिमाह गोवंश के भरण पोषण हेतु अनुदान के रूप में लाभार्थी के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाता है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रदेश में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थलों से पृथक निराश्रित गोवंश को स्थायी रूप से सरंक्षित किए जाने एवं आश्रय केन्द्रों को स्वावलम्बी बनाए जाने के उद्देश्य से प्रदेश में 1.20 करोड़ रुपए प्रति केन्द्र की दर से कुल स्वीकृत 187 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों में से 109 का निर्माण पूर्ण कराकर क्रियाशील बनाया गया है। शेष वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही बुन्देलखण्ड के 7 जनपदों में 30 लाख रुपए प्रति पशु आश्रय गृह की दर से 35 पशु आश्रय गृह का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर क्रियाशील किया गया है। इन कुल 144 स्थायी गो आश्रय स्थलों में 46,215 गोवंश को संरक्षित भी किया जा चुका है।

गो आश्रय स्थलों को स्वावलम्बी बनाए जाने हेतु गोबर, गोमूत्र के विविध प्रयोग एवं अन्य कार्यक्रम के अन्तर्गत मनरेगा से गोआश्रय स्थलों पर कुल 3,112 परियोजनाएं संचालित हैंए जिसके द्वारा 4,10,644 मानव दिवस का सृजन किया गया है। 1,019 गो आश्रय स्थलों पर जैविक खाद तैयार की जा रही है। आगामी शीत ऋतु के दृष्टिगत संरक्षित गोवंश को शीत से बचाव हेतु जनपदों द्वारा प्रत्येक गो आश्रय स्थलों पर उपाय सुनिश्चित किए गए हैं।

## किसानों पर मुकदमा दर्ज कर सरकार को गुमराह कर रहे अधिकारी: भाकियू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पराली** जलाए जाने को लेकर किसानों पर दर्ज कराए जा रहे मुकदमे का किसान यूनियन ने विरोध किया है। भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि प्रदेश सरकार जबरदस्ती किसानों पर अपना दबाव बनाने का प्रयास कर रही है।

भारतीय किसान यूनियन ने कहा कि पराली जलाए जाने पर सरकार सेटेलाइट से निगरानी की बात करती है लेकिन जब किसान की फसल प्राकृतिक आपदा के कारण जल जाती है तब सरकार का यह सेटेलाइट चैनल कहां चला जाता है। भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदेश सरकार के अधिकारी पराली मामले के निस्तारण के नाम पर सिर्फ किसानों पर मुकदमा दर्ज करने की बात करते हैं इसका कोई उचित निष्कर्ष निकालने का कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अधिकारी पराली जलाने के नाम पर किसानों पर मुकदमा दर्ज कर सरकार को गुमराह करने का काम कर रहे हैं जिसके भविष्य में दुष्परिणाम होंगे।

भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी आलोक वर्मा ने कहा कि बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों की वार्ता हुई थी उस दौरान मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया था कि किसानों से पराली लेकर गौशालाओं में दी जाएगी इसका किसानों को उचित मूल्य भी दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेकिन प्रदेश सरकार के अधिकारी उस वार्ता के किसी भी शर्त को अंश मात्र भी पूरा नहीं कर रहे हैं। इससे किसानों में खासा रोष है।

# पिछले 15 वर्ष में राज्य में स्थितियां काफी बदली विपक्ष को समझ नहीं है : नीतीश कुमार

**भाषा।** ईमामगंज/ओबरा

**विपक्ष** पर काम करने की आदत और समझ नहीं होने का आरोप लगाते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को दावा किया कि पिछले 15 वर्ष में उनकी सरकार ने सड़क, स्वास्थ्य, बिजली सहित हर क्षेत्र में विकास किया और राज्य की स्थिति पहले से काफी बदली है। गया के ईमामगंज और औरंगाबाद के ओबरा में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने कहा, 15 साल से हमें काम करने का मौका मिला। हमने हर क्षेत्र में काम और विकास किया है, चाहे सड़क हो, शिक्षा हो, स्वास्थ्य हो, बिजली हो, पानी हो। हर बार कुछ ज्यादा करने की कोशिश की है।

लालू प्रसाद पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि हमसे पहले पति-पत्नी को राज करने का मौका मिला लेकिन पहले कानून का राज नहीं था और आपराधिक घटनाएं होती थी। उन्होंने कहा, पहले जो स्थिति थी और आज जो स्थिति है..... उसमें बहुत अंतर है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा कि जिसको कोई काम करने की आदत नहीं है, न ही कोई समझ है, वे कुछ भी बोलते रहते है। कुमार ने विपक्ष द्वारा की जा रही अपनी आलोचनाओं को कोई तव्वजो न देते हुए कहा कि उनके ऊपर बोलने से किसी को प्रचार मिलता है तो वे ऐसा करते रहें।

अपनी सरकार के कार्यो का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि हमने बिहार का बहुमुखी विकास किया है और प्रति व्यक्ति आमदनी में साढ़े दस प्रतिशत की सालाना वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, हमने कहा था कि न्याय के साथ विकास, हर वर्ग का विकास, हर क्षेत्र का विकास और हमने वह किया है। कुमार ने राज्य में महिलाओं के सशक्तिकरण के कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने उन्हें आरक्षण दिया और आज पंचायती राज में महिला जनप्रतिनिधि बनी हैं।उन्होंने कहा कि पहले बिहार पुलिस बल में महिलाएं न के बराबर थीं और आज बिहार पुलिस बल में जितनी महिला पुलिसकर्मी हैं, शायद ही देश के किसी राज्य में होंगी।

हर तबके हर समुदाय को हमने विकास की मुख्यधारा से जोड़ा है और महिलाओं समेत हर वर्ग के उत्थान के लिए हमने विशेष पहल की तथा दुनिया के कई मुल्कों से आकर लोगों ने हमारी साईकल योजना का अध्ययन किया। नीतीश कुमार ने कहा कि अगर उन्हें फिर मौका मिला तो वह सात निश्चय द्वितीय चरण के तहत जन कल्याण के कार्यो को आगे बढ़ाएंगे। हमने पहले ही कहा है कि हर खेत तक पानी पहुंचाएंगे और इस बार मौका मिलेगा तो निश्चित ही हर खेत तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचा देंगे।

कुमार ने कहा, कई वृद्ध परिवार में नहीं रह पाते हैं। अगर घर में उनकी इज्जत नहीं हो रही है तो सरकार उनकी इज्जत करेगी और सभी के लिए वृद्धाश्रम का निर्माण करेंगे। कोई बूढ़ी महिला, कोई बुजुर्ग भटकने को मजबूर नहीं होगा। उन्होंने इस संबंध में गरीबों, खास कर महिलाओं की आर्थिक मजबूती के लिए शुरू जीविका समूहों के गठन की योजना का भी जिक्र किया। कुमार ने कोरोना संक्रमण के समय बाहर से राज्य में आने वाले यहां के श्रमिकों को पहुंचाई गई सहायता का भी जिक्र किया और कहा कि यह देश सबका है, सबका अधिकार है कि इस देश में कहीं भी जाकर रहें एवं कमाएं। उन्होंने कहा, हम किसी को प्रवासी नहीं मानते।



औरंगाबाद में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधानसभा चुनाव की रैली में बोलते हुए।

# पहले जातिवाद की बात होती थी, अब जनता को रिपोर्ट कार्ड दिखाना होता है: जेपी नड्डा

**बांका ( बिहार )।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने शुक्रवार को दावा किया कि पहले चुनावों में भाषणों में जातिवाद, लड़ाई-झगड़े को बढ़ावा देने और समाज को तोड़ने के प्रयास होते थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने के बाद अब जनता को अपने काम का रिपोर्ट कार्ड दिखाना होता है। भाजपा अध्यक्ष ने बांका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी के आने के बाद देश की राजनीतिक संस्कृति बदली है और अब जनता को अपने काम का रिपोर्ट कार्ड दिखाना होता है। नड्डा ने कहा कि 2015 में मोदी ने बिहार के लिए एक लाख 25 हजार करोड़ रूपए के पैकेज की घोषणा की थी। भाजपा अध्यक्ष ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जनादेश देने की अपील करते हुए कहा, सजग समाज वही होता है, जो सजग नेता को पहचान लेता है, सजग नेता को शाबाशी देता है, अपना हित जानता है और अपने अहित से बचने के लिए तैयार रहता है। भागलपुर के सिल्क के महत्व को रेखांकित करते हुए नड्डा ने युवाओं से मोदी के आह्वान पर वोकल फॉर लोकल होने की अपील की। भागलपुर के सिल्क की वर्ल्ड में ब्रांडिंग करो, भारत सरकार और बिहार सरकार आपकी मदद करेगी।

राजग सरकार में ही रेलवे, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोड हर क्षेत्र में बिहार का विकास हुआ है। नड्डा ने अपने संबोधन के दौरान जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को समाप्त करने, राम मंदिर के निर्माण शुरू होने और एक बार में तीन तलाक को समाप्त करने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्षों से हम सभी की इच्छा थी कि भव्य राम मंदिर का निर्माण हो लेकिन कांग्रेस पार्टी इसको लटकाने, अटकाने, भटकाने का काम करती थी। उन्होंने कहा, हम आभारी हैं कि सुप्रीम कोर्ट ने फैसला किया, मोदी जी ने शिलान्यास किया और अब भव्य राममंदिर का निर्माण होगा।

नड्डा ने कहा कि भारत की फौज चीन के सामने डटकर खड़ी है और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने का भी काम मोदी के नेतृत्व ने किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल में अरूणाचल प्रदेश से लद्दाख तक व्यापक पैमाने पर सड़क आवसंरचना तैयार की गई है तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में पुल एवं हवाई अड्डे बने हैं। भाजपा अध्यक्ष ने राजद पर निशाना साधते हुएआरोप लगाया कि वो दिन याद है जब पटना के डाक बंगला चौराहे पर शाम सात बजे के बाद खड़ा नहीं हो पाते थे।

नड्डा ने कहा कि ए आज विकास की बात करते हैं लेकिन यही दल है जिसके राज में शहाबुद्दीन को राजनीतिक संरक्षण मिलता रहा और नीतीश कुमार की जब सरकार आई तब शहाबुद्दीन को जेल भेजा गया। कोरोना वायरस महामारी में मोदी जी ने साहसी निर्णय लेते हुए समय पर लॉकडाउन लगाया और देश में स्वास्थ्य संसाधनों को मजबूत किया तथा देशवासियों का जीवन सुरक्षित किया। नड्डा ने कहा कि नीतीश कुमार की सरकार ने 1.41 करोड़ राशन कार्ड धारकों के घर में प्रत्यक्ष नकद अंतरण से सरकारी मदद पहुंचाई है।

# जातिगत राजनीति पसंद नहीं: शिवकुमार

**भाषा।** बेंगलुरु

**जनता दल ( एस )** के नेता एच डी कुमारस्वामी द्वारा तीन नवंबर को होने वाले उपचुनाव से पहले कांग्रेस पर पार्टी कार्यकर्ताओं को लुभाने की कोशिश करने का आरोप लगाए जाने के एक दिन पार्टी राष्ट्रीय पार्टी की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष डी के कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि विरोधी दलों के लोगों को पार्टी में शामिल करना और उनके मतों को आकर्षित करना, सिर्फ चुनाव के समय की राजनीति है। अपने और कुमारस्वामी के बीच वोक्कालिगा समुदाय के नेतृत्व को लेकर प्रतिस्पर्धा को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि वह कभी जातिगत राजनीति नहीं करते और उनके लिए उनकी एक मात्र जाति कांग्रेस है। डी. शिवकुमार और कुमारस्वामी दोनों ही प्रभावी वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं।

जद(एस) नेता की प्रतिक्रिया से जुड़े एक सवाल के जवाब में शिवकुमार ने कहा, [8230] उनके (कुमारस्वामी के) पास उनकी पार्टी है और हमारे पास हमारी। वे (जद-एस) अपना कर्तव्य कर रहे हैं और हम अपना। यहां संवाददाताओं से बात करते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव के समय राजनीतिक दलों के लिए विरोधी दलों के मतों को आकर्षित करने का प्रयास आम बात है। उन्होंने कहा, जद(एस), कांग्रेस और भाजपा के मतों को आकर्षित करने का प्रयास करती है और उसी तरह हम भी दोनों दलों के मतों को अपनी तरफ आकर्षित करने की कोशिश करते हैं।

इसी तरह अगर कोई दूसरे दल से कांग्रेस में शामिल होने की इच्छा व्यक्त करता है तो पार्टी उन्हें आने देती है। उन्होंने कहा, यह हो रहा है, यह कुछ और नहीं बल्कि चुनाव के समय की राजनीति है। कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि राजराजेश्वरी नगर विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं के अभाव वाली पार्टी उपचुनाव से पहले उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है।

वोक्कालिगा समुदाय के नेतृत्व को लेकर प्रतिस्पर्धा के सवाल पर शिवकुमार ने कहा, उन्होंने कभी जातिगत राजनीति नहीं की और उनके लिए उनकी जाति कांग्रेस है। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता वोक्कालिगा थे इसलिए मेरे विद्यालय के आवेदन में इस बात का उल्लेख है कि वोक्कालिगा हूं। मैं जन्म से कृषक भी हूं, जो समुदाय का पेशा है। उन्होंने कहा, अब लेकिन में कांग्रेस का अध्यक्ष हूं और हमारी एक जाति है- जो कांग्रेस है। मुझे दूसरी जातियों के बारे में क्यों बोलना चाहिए? इस बारे में बात करना पसंद नहीं करता।

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र के जलगांव में चार बच्चों की हत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में अज्ञात व्यक्ति ने चार बच्चों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रावेर तालुक के बोरखेड़ा शिवार गांव में एक खेत में बने मकान में बच्चे खून से लथपथ पाए गए। घटना उस वक्त हुई बच्चों के माता पिता अपने बड़े बेटे के साथ किसी संबंधी की मृत्यु के बाद के कर्मकांड में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश गए थे। खेत का मालिक सुबह जब खेतों पर गया तो उसने चारों भाई बहनों को खून से लथपथ पाया और इसकी सूचना तत्काल गांववालों को और पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि रावेर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर संगीता (13), राहुल (11) अनिल (8) और ननी (6) के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। बच्चों की हत्या कुल्हाड़ी से की गई है और उनके गले पर गहरे घाव है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज करके कुछ लोगों से पूछताछ की है।

### गुलाम नबी आजाद कोरोना वायरस से संक्रमित

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाम नबी आजाद कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं और उन्होंने अपने आवास पर खुद को पृथक-वास में कर लिया है। उन्होंने शुक्रवार को ट्विटर के माध्यम से यह जानकारी दी। 71 वर्षीय आजाद ने कहा, जांच में मेरे कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। मैंने घर पर ही खुद को पृथक-वास में कर लिया है। पिछले कुछ दिनों में मेरे संपर्क में आए लोग प्रोटोकॉल का अनुसरण करें। राज्यसभा में कांग्रेस के उप नेता आनंद शर्मा ने आजाद के कोरोना संक्रमित होने पर चिंता जताई और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की। आजाद से पहले कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता कोविड की चपेट में आ चुके हैं। मोतीलाल वोरा, अहमद पटेल, अभिषेक मनु सिंघवी, पीएल पुनिया, तरूण गोगोई, आरपीएन सिंह तथा पार्टी के कुछ अन्य नेता पिछले कुछ महीनों में कोरोना वायरस से संक्रमित हुए है। उप राष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल सहित सत्तापक्ष तथा विपक्ष के कई अन्य नेता भी इस वायरस से संक्रमित हुए।

### उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री वारंट पर अदालत में पेश हुए

**रूद्रपुर।** पांच साल पहले चक्काजाम करने तथा तहसीलदार के साथ मारपीट करने के आरोप में जारी वारंट के अनुपालन में उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री अरविंद पाण्डेय शुक्रवार को रूद्रपुर की एक अदालत में पेश हुए। ऊधमसिंह नगर जिले के गदरपुर में वर्ष 2015 में एक मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें चक्का जाम करने और तहसीलदार के साथ मारपीट करने के आरोप में पाण्डेय सहित पांच को नामजद किया गया था। मामले में मंत्री के अदालत में पेश नही होने पर उनके विरूद्ध वारंट जारी किया गया और इसी के अनुपालन में वह अदालत में पेश हुए। पाण्डेय के अधिवक्ता चरणजीत सिंह का कहना है कि कोरोना काल में मंत्री न्यायालय में पेश नही हो पाए थे। शिक्षा मंत्री ने इस संबंध में कहा कि वह विपक्ष में रहते हुए जनहित के मुद्दे पर आंदोलन कर रहे थे और आज अदालत का सम्मान करते हुए वह उसके समक्ष पेश हुए।

### गुवाहाटी के कुछ इलाकों में निषेधाज्ञा लागू

**गुवाहाटी।** असम प्रशासन ने एक खुफिया जानकारी के बाद गुवाहाटी मध्य पुलिस जिला में निषेधाज्ञा (धारा 144) लगा दी है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ऐसी जानकारी मिली थी कि आतंकवादी या असामाजिक तत्व शांति भंग करने के उद्देश्य से रिहाइशी इलाकों में छिप सकते है। गुवाहाटी मध्य पुलिस जिला के पुलिस उपायुक्त रनवीर ने बृहस्पतिवार को मकानमालिकों के लिए आदेश जारी करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति को तब तक किराए पर रहने के लिए जगह न दें जब तक कि वह संबंधित पुलिस थाने के प्रभारी से अपनी पहचान के प्रमाण का सत्यापन न करा कर दें। आदेश के मुताबिक, ऐसी जानकारी है कि मध्य पुलिस जिला, गुवाहाटी के इलाके में मौजूदा स्थिति के कारण, आतंकवादीअसामाजिक तत्व इस पुलिस जिला क्षेत्र के रिहाइशी इलाकों में छिप सकते हैं। इसमें कहा गया है, इस बात की बहुत आशंका है कि शांति को भंग किया जाए, सार्वजनिक व्यवस्था में गड़बड़ी पैदा की जाए और इंसानी जीवन तथा सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा करने के साथ ही सार्वजनिक संपत्तियो को भी नुकसान पहुंचाया जा सकता है। गुवाहाटी के मध्य पुलिस जिले की मौजूदा स्थिति का जिक्र नही है। इसमें कहा गया है कि निषेधाज्ञा संबंधी आदेश तत्काल प्रभाव से लागू है और 60 दिनों तक जारी रहेगा, अगर इसे पूर्व में ही रद्द नही कर दिया जाता है।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने शुक्रवार को बताया कि बीजापुर जिले के बासागुड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोरसगुड़ा और आउटपल्ली गांव के मध्य जंगल में सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया है। सुंदरराज ने बताया कि नक्सल विरोधी अभियान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला बल के संयुक्त दल को गस्त में रवाना किया गया था।



बिहार के बांका में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा एक चुनावी रैली में हाथ हिलाकर कार्यकर्ताओं का अभिवादन करते हुए

# सड़क हादसों व इनसे होने वाली मौतों में कमी लाने के लिए तमिलनाडु सरकार की सराहना की

**अमरावती।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सड़क दुर्घटनाओं और इनसे संबंधित मौत के मामलों में कमी लाने के तमिलनाडु सरकार के प्रयासों की शुक्रवार को सराहना की। उन्होंने अन्य राज्यों से इसे उदाहरण के तौर पर लेने और दुर्घटनाओं व मौतों को कम करने के लिए मिशन मोड में काम करने की अपील की। गडकरी ने कहा कि देश में हर साल पांच लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें कम से कम डेढ़ लाख लोगों की मौत हो जाती है। गडकरी ने नई दिल्ली से एक डिजिटल कार्यक्रम के जरिए आंध्र प्रदेश के लिए विभिन्न सड़क विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा, लोगों की जान बचाने को प्राथमिकता दें। हमें सड़क दुर्घटनाओं में कमी लानी होगी। यह बेहद जरूरी है। मैं खुद भी इसे लेकर काफी संवेदनशील हूं और इस मिशन में सहयोग दूंगा।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि तमिलनाडु सरकार सड़क दुर्घटनाओं और इनसे होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत तक की कमी लाई है। गडकरी ने कहा, अगर आप योजना बनाते हैं और उसपर अमल करते हैं... तो आपके सामने तमिलनाडु एक उदाहरण है। विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक भी हमारी मदद कर रहे हैं। वे संभावित दुर्घटना वाली जगहों की दशा सुधारने के लिए ।,4000 करोड़ रुपए देने को भी तैयार हैं।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों पर 435 दुर्घटना संभावित जगहों (ब्लैक स्पॉट) की पहचान की गई है, जिनमें से 296 जगहों पर अस्थाई सुधार और 150 स्थानों पर स्थाई सुधार के लिए कदम उठाए गए हैं। गडकरी ने इस मौके पर मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी से कहा, मैं आपको सहयोग देने के लिए तैयार हूं। मेरा सुझाव है कि मिशन मोड पर काम किया जाए। मुझे 100 प्रतिशत विश्वास है कि हम इस मुद्दे का समाधान निकाल लेंगे और यह आंध्र प्रदेश के लोगों के लिए बड़ी बात होगी।

# कोर्ट ने बीजद सांसद से कहा कि वैवाहिक रिश्तों के मनमुटाव दूर करने का प्रयास करें

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बीजद के सांसद और ओडिया फिल्मों के अभिनेता अनुभव मोहंती से शुक्रवार को कहा कि वह अपनी अभिनेत्री पत्नी वर्षा प्रियदर्शिनी के साथ वैवाहिक रिश्तों में आए मनमुटाव को मिलजुल कर दूर करने की संभावना तलाशें। शीर्ष अदालत ने केन्द्रपाड़ा संसदीय सीट से सांसद मोहंती का यह अनुरोध अस्वीकार कर दिया कि मीडिया को वैवाहिक रिश्तों में मनमुटाव की खबरें रिपोर्ट करने से रोका जाए, क्योंकि इससे उनके निर्वाचन क्षेत्र पर बुरा असर पड़ेगा।

न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय की पीठ ने इस बीच प्रियदर्शिनी की स्थानांतरण याचिका पर मोहंती को नोटस जारी किया है। प्रियदर्शिनी ने इस याचिका में मोहंती द्वारा उनके खिलाफ दिल्ली की अदालत में दायर तलाक का मामला कटक की अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। मोहंती की ओर से पेश अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे ने स्थानांतरण याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह अभी समय से पूर्व है।

पीठ ने कहा, यहां दोनों ही फिल्म उद्योग की लोकप्रिय हस्तियां हैं। एक का राजनीतिक जीवन है और ऐसी स्थिति में बेहतर होगा कि विवाद का हल खोजने की संभावना तलाशी जाए। हम याचिका पर नोटिस जारी कर रहे हैं ओर इस दौरान (आप) मध्यस्थता के लिए जाएं। न्यायालय ने इस दंपत्ति से कहा कि वे उच्चतम न्यायालय के मध्यस्थता केन्द्र जाकर समाधान की संभावना तलाशें।

प्रियदर्शिनी ने अपनी याचिका में तलाक का यह मामला पटियाला हाउस अदालत से कर्नाटक में कुटुम्ब अदालत को स्थानांतरित करने का अनुरोध करते हुए कहा है कि कोविड-19 की वजह से उनके लिए दिल्ली की यात्रा करना मुश्किल है। प्रियदर्शिनी ने मोहंती से 2014 में शादी की थी और उसने इस समय कटक में एक उप मंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में गुजारा भत्ते के लिए मामला दायर कर रखा है। इसके अलावा, प्रियदर्शिनी ने मोहंती के खिलाफ घरेलू हिंसा से महिलाओं को संरक्षण कानून के तहत भी मामला दायर किया है।

# गुजरात विस चुनाव का सेमीफाइनल है आठ सीटों पर उप चुनाव, किसान दिखाएंगे आक्रोश: हार्दिक

**भाषा।** नई दिल्ली

**गुजरात** में विधानसभा की आठ सीटों पर हो रहे उप चुनाव की पृष्ठभूमि में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने शुक्रवार को कहा कि यह उप चुनाव 2022 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल है और इसमें कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का आक्रोश भी दिखेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस उप चुनाव में कांग्रेस विधानसभा स्तर का घोषणापत्र लेकर लोगों के बीच पहुंच रही है और स्थानीय मुद्दों को ज्यादा अहमियत दी जा रही है।

उल्लेखनीय है कि गुजरात की आठ विधानसभा सीटों पर तीन नवंबर को मतदान होना है। ए सीटें कांग्रेस विधायकों के इस्तीफा देने और पाला बदलने के कारण खाली हुई हैं। पटेल ने बातचीत में कहा, लोगों में सरकार के प्रति नाराजगी है। इसके साथ ही हमने ऐसे उम्मीदवार तय किए हैं जो पार्टी के प्रति वफादार हैं और जिन्होंने कभी पार्टी को तोड़ने का काम नहीं किया है। हम विधानसभा क्षेत्र के मुद्दों को लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। हर विधानसभा क्षेत्र के लिए स्थानीय घोषणापत्र तैयार किया है।

उन्होंने दावा किया, असल में यह लड़ाई भाजपा के खिलाफ होने के साथ ही कांग्रेस से भागे नेता बनाम कांग्रेस की है। इस वक्त गुजरात में भाजपा के 100 से अधिक विधायक हैं जिनमें 32 कभी कांग्रेस का हिस्सा थे। सरकार में 12 मंत्री ऐसे हैं जो कांग्रेस से भाजपा में गए हैं। भाजपा कहती थी कि हम देश को कांग्रेस मुक्त करेंगे वही गुजरात में कांग्रेस युक्त हो चुकी है।

युवा पाटीदार नेता ने यह भी कहा, किसानों का मुद्दा भी बहुत महत्वपूर्ण है। कृषि कानूनों में किसानों के हित से जुड़े न्यूनतम समर्थन मूल्य और फसल बीमा की बात शामिल नहीं है है। इससे किसानों में नाराजगी है। इन उप चुनावों में किसान अपना आक्रोश दिखाएगा। इसके साथ ही कोरोना वायरस से संकट से निपटने में गुजरात सरकार की विफलता भी मुद्दा है। उन्होंने कहा, यह चुनाव हमारे लिए सेमीफाइनल है। फिर आने वाला पंचायत चुनाव सेमीफाइनल -2 है। अगर हम ए चुनाव जीत लेंगे तो फिर 2022 में मजबूती से उतरेंगे।



नई दिल्ली में एयर मार्शल एमएस बुटोला को रक्षामंत्री ट्राफी प्रदान करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह



मुंबई के लालबाग में शुक्रवार को भक्तों द्वारा नवरात्र पर्व की पूर्व संध्या पर स्थापित की जाने वाली देवी दुर्गा की प्रतिमा

# न्यूनतम समर्थन मूल्य जारी रखने को लेकर सरकार प्रतिबद्धः मोदी

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने हाल ही में किए गए कृषि सुधारों को देश में कृषि क्षेत्र के विस्तार और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण करार दिया और स्पष्ट किया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद देश की खाद्य सुरक्षा का अहम हिस्सा हैं और इसका जारी रहना आवश्यक है तथा सरकार इसके लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने ये बातें शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कही।

इस अवसर पर उन्होंने 75 रुपए का स्मारक सिक्का जारी किया। साथ ही हाल ही में विकसित की गई आठ फसलों की 17 जैव संवर्धित किस्मों को भी राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान अपने संबोधन में कुपोषण के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए गए कदमों और कृषि के क्षेत्र में किए गए सुधारों को लेकर विस्तार से अपनी बात रखी और कहा कि देश में निरंतर ऐसे सुधार किए जा रहे हैं जो वैश्विक खाद्य सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं। उन्होंने कहा, हाल में जो तीन बड़े कृषि सुधार हुए हैं, वे देश के कृषि क्षेत्र का विस्तार करने में और किसानों की आय बढ़ाने में बहुत महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि किसानों को लागत का डेढ़ गुणा दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के रूप में मिले, इसके लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन सुधारों के जरिए किसान को ज्यादा विकल्प देने के साथ ही उन्हें कानूनी रूप से संरक्षण देने का भी काम किया गया है। उन्होंने कहा, न्यूनतम समर्थन मूल्य और सरकारी खरीद देश की खाद्य सुरक्षा का अहम हिस्सा हैं, इसलिए इसका वैज्ञानिक तरीके से अच्छी से अच्छी व्यवस्था के साथ अच्छे से अच्छा प्रबंधन भी हो और ए आगे भी जारी रहें, ये बहुत आवश्यक हैं और हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं। कृषि उपज विपणन समिति (एपीएमसी) का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था सालों से देश में चली आ रही है, जिसकी अपनी एक पहचान है और अपनी ताकत भी है। बीते छह सालों में कृषि मंडियों के आधारभूत संरचना विकास के लिए उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए अब तक ढाई हजार करोड़ रूपए से अधिक का निवेश किया जा चुका है।

उन्होंने कहा कि इन मंडियों में सूचना प्रौद्योगिकी से लैस अवसंरचना तैयार करने के लिए भी सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं औ इन मंडियों को राष्ट्रीय कृषि बाजार से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया, एपीएमसी कानून में जो संशोधन किया गया है, उसका लक्ष्य इन विपणन समितियों को अधिक प्रतिस्पर्धात्मक बनाने का है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए कानूनों के बन जाने से किसानों को नए विकल्प भी मिलेंगे। देश के जो छोटे किसान मंडियों तक पहुंच ना होने के कारण पहले मजबूरी में बिचौलियों को अपनी उपज बेचते थे, अब बाज़ार स्वयं छोटे-छोटे किसानों के दरवाजे तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा, इससे किसान को ज्यादा दाम तो मिलेंगे ही, बिचौलियों के हटने से किसानों को भी राहत मिलेगी और आम खरीदारों को भी। यही नहीं जो हमारे युवा हैं, वो एग्रो स्टार्टअप्स के रूप में किसानों के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं बनाएं, इसके लिए भी नए रास्ते खुलेंगे। भारत में अनाज की बर्बादी को बहुत बड़ी समस्या बताते हुए मोदी ने कहा कि आवश्यक वस्तु अधिनियम में संशोधन किए जाने से अब स्थितियां बदलेंगी। उन्होंने कहा, अब गांवों में बेहतर अवसंरचना बनाने के लिए सरकार के साथ-साथ दूसरों को भी ज्यादा मौका मिलेगा। इसमें भी हमारे एफपीओ की भूमिका अहम रहने वाली है। सरकार ने हाल में एक लाख करोड़ रुपए का इंफ्रास्ट्रक्चर फंड लॉन्च किया है। इस फंड से एफपीओ भी गांवों में सप्लाई चेन और वैल्यू एडिशन कैपेसिटी तैयार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नए कानूनों में किसान को फसलों के दाम में होने वाले उतार-चढ़ाव से भी राहत मिलेगी और खेती में नई तकनीक को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, किसान को हर प्रकार की सुरक्षा इन सुधारों के माध्यम से सुनिश्चित की गई है। जब भारत का किसान सशक्त होगा, उसकी आय बढ़ेगी, तो कुपोषण के खिलाफ अभियान को भी उतना ही बल मिलेगा। उल्लेखनीय है कि कृषि सुधार के इन विधेयकों को विपक्षी दलों के भारी विरोध के बीच संसद से पारित किया गया था। इसके बाद पंजाब और हरियाणा सहित कुछ अन्य राज्यों में किसान इन विधेयकों के खिलाफ सड़कों पर उतर आए। सरकार किसानों को लगातार इन विधेयकों के फायदे गिना रही है और कृषि आधारित संगठनों से चर्चा भी कर रही है। कुपोषण के विषय पर पिछली सरकारों द्वारा किए गए काम को सीमित बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कई सारी कमियों की वजह से देश को इस दिशा में अपेक्षित सफलता नहीं मिली। उन्होंने कहा कि केंद्र की सत्ता में आने के बाद उनकी सरकार ने गुजरात के अनुभवों से बहु-आयामी रणनीति पर काम शुरू किया। कुपोषण बढ़ने के कारणों को देखते हुए स्वच्छ भारत मिशन, हर घर शौचालय, मिशन इंद्रधनुष, जैसे अभियानों की शुरूआत की गई। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुपोषण से निपटने के लिए एक और महत्वपूर्ण दिशा में काम हो रहा है।

अब देश में ऐसी फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है जिसमें पौष्टिक पदार्थ- जैसे प्रोटीन, आयरन, जिंक इत्यादि ज्यादा होते हैं। उन्होंने कहा कि रागी, ज्वार, बाजरा, कोडो, झांगोरा, बर्री, कोटकी जैसे मोटे अनाजों की पैदावार बढ़े, लोग अपने भोजन में इन्हें शामिल करें, इस ओर प्रयास बढ़ाए जा रहे हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के दौरान सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराने के कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि तमाम चिंताओं के बीच भारत पिछले 7-8 महीनों से लगभग 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने कहा, इस दौरान भारत ने करीब-करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपए का खाद्यान्न गरीबों को मुफ्त बांटा है। उन्होंने कहा कि संक्रमण काल में जहां पूरी दुनिया संघर्ष कर रही है, वहीं भारत के किसानों ने इस बार पिछले साल के उत्पादन के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

## धर्मांतरण कराने को लेकर पंचायत स्कूल के दो शिक्षक निलंबित

**भाषा।** इरोड (तमिलनाडु)

**छात्रों** का कथित तौर पर धर्मांतरण कराने में संलिप्त रहने को लेकर यहां एक पंचायत संघ के प्राथमिक विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक सहित दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक उन्हें कुछ दिन पहले यह शिकायत मिली थी कि इरोड जिले के मोदाकुरीची के नजदीक स्थित प्राथमिक विद्यालय के ए दोनों शिक्षक छात्रों का एक विशेष धर्म में धर्मांतरण कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के आधार पर जांच की गई और दोनों शिक्षकों को जिला मुख्य शिक्षा अधिकारी बालामुरली ने निलंबित कर दिया।

## भाजपा कार्यकर्ता की पुलिस हिरासत में मौत

**भाषा।** कोलकाता

● तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप

**पश्चिम** बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले में कथित तौर पर पुलिस हिरासत में भाजपा के एक कार्यकर्ता की मौत होने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच वाक युद्ध छिड़ गया। भगवा पार्टी ने पुलिस पर अपने कार्यकर्ता को प्रताड़ित कर मार डालने का आरोप लगाया है।

हालांकि, तृणमूल कांग्रेस और पुलिस ने इस आरोप को खारिज कर दिया है। पार्टी नेतृत्व ने आरोप को बेबुनियाद और राजनीति से प्रेरित बताया है। पुलिस ने कहा कि मदन घोराई नाम का यह भाजपा कार्यकर्ता न्यायिक हिरासत में था और उसकी हिरासत में नहीं था। भाजपा सांसद एवं पार्टी प्रदेश महासचिव लॉकेट चटर्जी ने शुक्रवार को कोलकाता में सेंट्रल एवेन्यु में धरना दिया। दरअसल, पुलिस ने पार्टी कार्यकर्ताओं को घोराई के शव के साथ प्रदर्शन मार्च निकालने से रोक दिया था।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पताशपुर थाने को 13 अक्टूबर को कोलकाता के एक सुधार गृह से यह संदेश आया कि घोराई की शहर के एक अस्पताल में मौत हो गई है। प्रदेश भाजपा ने घटना की सीबीआई जांच की मांग की है।

## ईडी ने द्रमुक सांसद की 8.6 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन मामले में द्रमुक सांसद गौतम सिगमणि की लगभग 8.6 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क कर ली है। ईडी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, फेमा की धारा 37 ए के प्रावधानों के तहत गौतम सिगमणि की तमिलनाडु स्थित अचल संपत्ति- कृषि भूमि, व्यावसायिक और आवासीय परिसरों एवं अन्य तथा चल संपत्ति- बैंक में जमा राशि और प्रतिभूति सहित कुल 8.6 करोड़ रुपए की संपत्ति एजेंसी ने जब्त कर ली है। फेमा की धारा 37 ए के तहत ईडी को विदेशी विनिमय के बराबर मूल्य की भारत में स्थित किसी व्यक्ति की संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार है।

## देश में कोविड-19 के 63,371 नए मामले, 895 लोगों की मौत

**भाषा।** नई दिल्ली

**देश में** कोरोना वायरस संक्रमण के 63,371 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 73,70,468 हो गई। वहीं इस खतरनाक वायरस की वजह से पिछले 24 घंटे में 895 लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा बताया गया कि देश में अब 64 लाख से ज्यादा मरीज संक्रमण मुक्त हो गए हैं। इसके साथ ही स्वस्थ होने की दर 87.56 फीसदी हो गई। वहीं संक्रमण से अब तक 1,12,161 लोगों की मौत हो चुकी है। देश में इलाज करा रहे कोविड-19 मरीजों की संख्या पिछले आठ दिन से लगातार नौ लाख से नीचे है। आंकड़ों के अनुसार अभी देश में 8,04,528 मरीजों का इलाज चल रहा है, जो कि कुल संक्रमित मामलों का 10.92 फीसदी है। वहीं स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 64,53,779 है। कोविड-19 से मृत्यु दर 1.52 फीसदी है। भारत दुनिया के ऐसे देशों में से एक हैं, जहां प्रति 10 लाख की जनसंख्या पर कोविड-19 से मरने वालों की संख्या कम है। अभी यह 80 है। भारत में कोविड-19 के मामले सात अगस्त को 20 लाख का आंकड़ा पार कर गए थे जबकि 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख और 11 अक्टूबर को 70 लाख मामले सामने आए थे। आईसीएमआर के अनुसार 15 अक्टूबर तक 9,22,54,927 नमूनों की जांच हुई, जिनमें से बृहस्पतिवार को 10,28,622 नमूनों की जांच हुई। देश में पिछले 24 घंटे में 895 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से सबसे ज्यादा 337 लोगों की मौत महाराष्ट्र में, कर्नाटक में 85, पश्चिम बंगाल में 62, तमिलनाडु में 49, छत्तीसगढ़ में 46, आंध्र में 38, उत्तर प्रदेश में 36, पंजाब में 29, ओडिशा में 27 और दिल्ली में 26 लोगों की मौत हुई। वहीं अब तक इस खतरनाक वायरस से 1,12,161 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से महाराष्ट्र में 41,196, तमिलनाडु में 10,472, कर्नाटक में 10,283, उप्र में 6,543, आंध्र प्रदेश में 6,357, दिल्ली में 5,924, पश्चिम बंगाल में 5,870, पंजाब में 3,954 और गुजरात में 3,606 लोगों की मौत हुई।

## सर्दियों में प्रदूषण से और फैल सकता है कोरोना

**भाषा।** नई दिल्ली

विशेषज्ञों का दावा



**बीते** कुछ महीनों के दौरान नीला आसमान देखने और साफ हवा में सांस लेने वाले दिल्ली-एनसीआर के लोगों को एक बार फिर धुएं से भरा और धुंधला आसमान परेशान कर रहा है। विशेषज्ञों ने भी लोगों को सर्दी के मौसम के लिए तैयार रहने को कहा है जब ज्यादा प्रदूषण स्तर की वजह से कोविड-19 का प्रभाव और गंभीर हो सकता है। पर्यावरण एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से कहा है कि वे अब ज्यादा सतर्क रहें क्योंकि वायु प्रदूषकों के संपर्क में आने से संक्रमण गंभीर हो सकता है और मृत्युदर भी बढ़ सकती है।

उनका मानना है कि प्रदूषण के कारण फेफड़ों को होने वाले नुकसान से कोविड-19 के दौरान निमोनिया जैसी मुश्किलें भी हो सकती हैं। ग्रीनपीस इंडिया के लिए जलवायु के क्षेत्र में काम करने वाले अविनाश चंचल ने कहा, इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि वायु प्रदूषकों के संपर्क में रहने से श्वसन संबंधी संक्रमण को लेकर हमारी संवेदनशीलता बढ़ जाती है और उसके प्रसार व संक्रमण की गंभीरता दोनों के स्तर पर होती है। उन्होंने कहा, शोधकर्ताओं ने वायु प्रदूषण को उस तंत्र से जोड़ा है जो हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करता है। कोविड-19 के मामले में मौजूदा साक्ष्य यह संकेत देते हैं कि वायु प्रदूषकों के साथ लंबे समय तक संपर्क गंभीर संक्रमण और उच्च मृत्युदर से जुड़ा है।

सर्दियों का मौसम उत्तर भारत में हर साल सर्दी और प्रदूषित हवा लेकर आता है और इस साल महामारी के कारण स्थिति और खराब हो सकती है। दिल्ली-एनसीआर के आसमान पर 15 अक्टूबर को धुएं व धुंध की परत बनी हुई थी और क्षेत्र में वायु गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर थी जबकि ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) के तहत बिजली के जनरेटरों पर प्रतिबंध समेत वायु प्रदूषण रोधी सख्त उपाय लागू किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से शुक्रवार को जारी अद्यतन आंकड़ों के मुताबिक भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले बढ़कर 73,70,468 हो गए जबकि एक दिन में संक्रमण के 63,371 नए मामले सामने आए। दिल्ली के उजाला सिग्नस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के डॉक्टर सूचिन बजाज ने कहा कि सर्दियों की शुरुआत में और पराली जलाए जाने के कारण अस्थमा और फेफड़ों व श्वसन संबंधी अन्य बीमारियों के मामलों में इजाफा होता है लेकिन इस साल महामारी के कारण ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है।

बजाज ने कहा, जब आपके फेफड़े पूरी तरह सही न हों और कमजोर हों तब कोविड के दौरान आपके निमोनिया जैसी समस्याओं से ग्रस्त होने की आशंका बढ़ जाती है। आपको आने वाले दिनों में एसएमएस - सामाजिक दूरी, मास्क और सफाई - का अधिक ध्यान रखना होगा। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली सफर के मुताबिक खेतों में लगाई गई आग की वजह से दिल्ली में बृहस्पतिवार को पीएम 2.5 करीब छह प्रतिशत था। बुधवार को यह करीब एक प्रतिशत था जबकि मंगलवार, सोमवार और रविवार को यह करीब तीन प्रतिशत था।

## महाराष्ट्र के जलगांव में चार बच्चों की हत्या

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के जलगांव जिले में अज्ञात व्यक्ति ने चार बच्चों की कथित तौर पर कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रावेर तालुक के बोरखेड़ा शिवार गांव में एक खेत में बने मकान में बच्चे खून से लथपथ पाए गए। अधिकारी ने बताया, घटना उस वक्त हुई बच्चों के माता पिता अपने बड़े बेटे के साथ किसी संबंधी की मृत्यु के बाद के कर्मकांड में शामिल होने के लिए मध्य प्रदेश गए थे। उन्होंने बताया कि खेत का मालिक सुबह जब खेतों पर गया तो उसने चारों भाई बहनों को खून से लथपथ पाया और इसकी सूचना तत्काल गांववालों को और पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि रावेर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर संगीता (13),राहुल (11) अनिल (8) और ननी (6) के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। उन्होंने कहा, बच्चों की हत्या कुल्हाड़ी से की गई है और उनके गले पर गहरे घाव हैं।

## दिग्विजय आज के भारत के सबसे बडे जयचंदः शर्मा

**भाषा।** इंदौर

**राज्यसभा** सांसद दिग्विजय सिंह पर तीखा हमला बोलते हुए भाजपा की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को उन्हें समकालीन भारत का सबसे बड़ा जयचंद बताया। इसके साथ ही, उन्होंने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ को चुनौती दी कि वह 28 विधानसभा सीटों के लिए तीन नवंबर को होने वाले उप चुनावों के प्रचार में 73 वर्षीय कांग्रेस नेता को उतार कर दिखाएं।

शर्मा ने इंदौर शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर सांवेर में संवाददाताओं से कहा, हमारे सैनिकों पर पाकिस्तान के लोगों के आक्रमण का जवाब देने के लिए (पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों के खिलाफ) हुई सर्जिकल स्ट्राइक पर भारत में जश्न मनता है। हमारे देश के लोग सेना को सलाम करते हैं और दिग्विजय सिंह कहते हैं कि उन्हें इसका सबूत चाहिए। उन्होंने कहा, दिग्विजय सिंह आज के भारत के सबसे बड़े जयचंद हैं। ऐसे जयचंदों का चरित्र मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश की जनता पहचानती है। शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, कमलनाथ गलती से मुख्यमंत्री बन गए थे। परदे के पीछे दिग्विजय ही राज्य की कांग्रेस सरकार चला रहे थे। लेकिन उप चुनावों के दौरान दिग्विजय कहां हैं? उन्होंने कहा, कमलनाथ अब उन्हीं दिग्विजय को चुनावी मैदान में लेकर आएं जिनके इशारे पर वह सरकार चला रहे थे। दिग्विजय को जनता के सामने लाने से कमलनाथ डरते क्यों हैं?

खजुराहो सीट की लोकसभा में नुमाइंदगी करने वाले 50 वर्षीय भाजपा नेता ने 1975 में लगाए गए आपातकाल का हवाला देते हुए कहा कि आप उन लोगों से लोकतंत्र की भला क्या अपेक्षा कर सकते हैं, जिन्होंने आपातकाल लगाकर देश में लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। आपातकाल के दौरान कमलनाथ, इंदिरा गांधी के बेटे संजय गांधी के सबसे बड़े रणनीतिकार थे।

# पेज 1 का शेष

### सुशांत मामले...

सालियान की हत्या की गई और इससे पहले उनके साथ बलात्कार हुआ था। उनकी हत्या और रेप में उसने बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों का नाम लिया था। इसी मामले में बीते सितंबर में सलमान खान के भाई अरबाज खान ने भी वकील विभोर आनंद, सोशल मीडिया यूजर साक्षी भंडारी और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया था। मुंबई पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह ने कहा था कि मीडिया में ऐसा एक नैरेटिव तैयार कर दिया गया था कि मुंबई पुलिस ने केस को बहुत खराब तरीके से हैंडल किया। हमें बहुत अपमान झेलना पड़ा। हम हमेशा अपनी जांच को लेकर आश्वस्त थे।

### चीन से...

जो सालाना होने वाली बैठक के तहत राफेल प्रोजेक्ट की समीक्षा कर रही है। फिलहाल आईएएफ के 10-12 पायलट फ्रांस में राफेल मीडियम मल्टी रोल फाइटर एयरक्राफ्ट पर ट्रेनिंग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले मार्च में समाप्त होगा। सभी 36 राफेल लड़ाकू विमानों के मिल जाने के बाद आईएएफ इसके एक-एक स्क्वॉड्रन को हरियाणा के अंबाला और पश्चिम बंगाल के हाशिमरा एयर बेस पर तैनात करेगी। पांच राफेल विमानों का पहला बेड़ा 28 जुलाई को भारत पहुंचा था। इससे करीब चार साल पहले भारत ने फ्रांस के साथ 59,000 करोड़ रुपये की लागत से, ऐसे 36 विमान खरीदने के लिए करार किया था। राफेल विमानों के पहले बैच को 10 सितंबर को वायु सेना में शामिल किया गया था। वायु सेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया ने पांच अक्टूबर को कहा था कि 2023 तक सभी 36 राफेल विमान वायु सेना में शामिल कर लिये जाएंगे। अभी तक भारत को 10 राफेल लड़ाकू विमानों की आपूर्ति की जा चुकी है जिनमें से पांच विमानों को वायु सेना के पायलटों को प्रशिक्षण देने के लिए फ्रांस में रोका गया है।

### शौर्य चक्र...

किया। केंद्र सरकार ने 1993 में संधू को शौर्य चक्र से सम्मानित किया था। उन्हें प्रदान किये गए शौर्य चक्र के प्रशस्तिपत्र में कहा गया था कि बलविंदर सिंह संधू और उनके भाई रणजीत सिंह संधू आतंकवादी गतिविधियों के विरोध में रहे। वे आतंकवादियों के निशाने पर थे। आतंकवादियों ने लगभग 11 महीनों में संधू के परिवार को समाप्त करने के 16 प्रयास किए।' इसमें लिखा था, 'आतंकवादियों ने उन पर 10 से 200 के समूह में हमला किया, लेकिन हर बार संधू भाइयों ने अपनी बहादुर पत्नियों जगदीश कौर संधू और बलराज कौर संधू की मदद से आतंकवादियों के प्रयासों को सफलतापूर्वक विफल किया।' आतंकवादियों ने पहली बार परिवार पर 31 जनवरी 1990 को हमला किया था। परिवार पर भीषण हमला 30 सितम्बर 1990 को किया गया था जब करीब 200 आतंकवादियों ने उनके घर को चारों ओर से घेर लिया और उन पर करीब पांच घंटे खतरनाक हथियारों से हमला किया। इन हथियारों में रॉकेट लांचर भी शामिल थे। प्रशस्तिपत्र में लिखा था कि आतंकवादियों के इस सुनियोजित हमले में मकान तक आने वाले रास्ते को बाधित कर दिया गया था और बारूदी सुरंग बिछा दी गई थी ताकि पुलिस की कोई मदद उन तक न पहुंच सके। इसमें कहा गया था कि संधू भाइयों और उनकी पत्नियों ने आतंकवादियों का पिस्तौल और स्टेनगन से मुकाबला किया जो उन्हें सरकार द्वारा मुहैया करायी गई थी। संधू भाइयों और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा दिखाए गए प्रतिरोध ने आतंकवादियों को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। प्रशस्तिपत्र में कहा गया था कि इन सभी व्यक्तियों ने आतंकवादियों के हमले का सामना करने और बार-बार किए गए जानलेवा हमलों को विफल करने के लिए अत्यंत साहस एवं बहादुरी का प्रदर्शन किया है।

### दस साल...

वाले लोग घातक वायरस की चपेट में जल्दी आते हैं। अध्ययन में दुनिया भर के 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों में मृत्यु के 36 से अधिक कारणों और 369 बीमारियों तथा चोटों का आकलन किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में लोगों की उम्र तो एक दशक बढ़ी, लेकिन स्वास्थ्य के मामले में बदलाव नहीं हुआ। लंबी उम्र को भारतीय तमाम बीमारियों के साथ जीते हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने भी गुरुवार को ईट राइट इंडिया मूवमेंट के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए खाद्य सुरक्षा से पोषण सुरक्षा की ओर बढ़ने की आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने इसके लिए रणनीति लागू करने को संबंधित मंत्रालयों से संयुक्त मंच बनाने की अपील की थी। जीबीडी के अध्ययन में पाया गया कि पिछले 30 वर्षों में भारत में स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने में सबसे बड़ा योगदान गैर-संचारी रोगों जैसे इस्केमिक हृदय रोग, सीओपीडी, मधुमेह और स्ट्रोक का रहा। शोध में कहा गया कि वर्श 2019 में भारत में मृत्यु के लिए शीर्ष पांच कारण हैं इनमें वायु प्रदूषण (अनुमानित 1.67 मिलियन मौतें), उच्च रक्तचाप (1.47 मिलियन), तंबाकू का उपयोग (1.23 मिलियन), खराब आहार (1.18 मिलियन) ) और हाई ब्लड शुगर (1.12 मिलियन) शामिल हैं। शोध के प्रमुख लेखक अमेरिका की यूनिवर्सिटी ऑफ वाशिंगटन के इंस्टीट्यूट फार हेल्थ मैट्रिक्स एंड इवोल्यूएशन (आईएचएमई) के निदेशक क्रिस्टोफर मरे ने कहा कि पिछले एक दशक में वैश्विक स्तर पर मोटापे, हाई ब्लड शुगर, शराब और नशीली दवाओं के उपयोग जैसे कई अत्यधिक जोखिम वाली बीमारियों में 0.5 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि हुई है।

### भाजपा गरजी...

के उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने भी चिराग की लोजपा को वोट कटवा पार्टी बताया था। भाजपा नेताओं के कड़े ऐतराज और तीखे हमलों के बावजूद, चिराग पासवान प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ में बढ़-चढ़कर कसीदे पढ़ रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को खुद को मोदी का हनुमान बताते हुए चुनाव मैदान में प्रधानमंत्री की तस्वीर और नाम का इस्तेमाल करने से उन्हें रोकने वालों पर तंज कसा। चिराग ने कहा कि तस्वीर को लेकर बेवजह का विवाद खड़ा किया गया। उन्हें कहीं तस्वीर नहीं लगानी है। प्रधानमंत्री मोदी तो उनके दिल में बसते हैं। वे उनके हनुमान हैं। उनका सीना चीरकर देख लें-वहां पीएम मोदी ही दिखाई देंगे। लगे हाथों अपने दुश्मन नंबर एक-जदयू नेता नीतीश कुमार पर तीखा निशाना भी साध दिया। चिराग ने कहा कि तस्वीर लगाने की जरूरत मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को है क्योंकि उन्होंने ही अनुच्छेद 370, सीएए, एनआरसी जैसे मुद्दों पर प्रधानमंत्री का विरोध किया था। उन्हें पीएम मोदी की तस्वीरों की अधिक जरूरत है, उन्हें चाहिए कि वे ज्यादा से ज्यादा तस्वीरें लगाएं। वे यह साफ कर देना चाहते हैं कि भाजपा के साथ हैं और रहेंगे। उनका संकल्प है कि 10 नवंबर को राज्य में भाजपा के नेतृत्व में भाजपा-लोजपा की डबल इंजन वाली सरकार बने। चुनाव मैदान के एक और अहम खिलाड़ी राजद नेता और विपक्षी महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को भागलपुर के कहलगांव से प्रचार अभियान का आगाज किया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बेरोजगारी, पलायन बढ़ाने और गरीबी से निपटने में विफल रहने का आरोप लगाते तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार अब थक चुके हैं। बिहार को संभाल नहीं पा रहे लेकिन सत्ता की उनकी चाहत खत्म नहीं हुई है। नीतीश न तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिला सके और ना ही विशेष पैकेज ले पाए। सिर्फ जनता को गुमराह करने का काम करते रहे। नीतीश के डीएनए संबंधी पुराने बयान को ताजा करते तेजस्वी ने कहा कि वे ठेठ बिहारी हैं और उनका डीएनए भी पूरी तरह शुद्ध है। वे जो भी वादा कर रहे हैं उसे पूरा करके दिखाएंगे। इसके बाद उन्होंने राज्य के विकास व कल्याण से जुड़े वादों की झड़ी लगा दी।

### मोदी करेंगे...

उनकी पहली रैली, गया में दूसरी और भागलपुर में तीसरी रैली होगी। 28 अक्टूबर को दरभंगा में पहली, मुजफ्फरपुर में दूसरी और पटना में तीसरी रैली होगी। एक नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर बिहार आएंगे और इस दिन उनकी पहली रैली छपरा, दूसरी पूर्वी चंपारण और तीसरी रैली समस्तीपुर में होगी। 3 नवंबर को पश्चिमी चंपारण, सहरसा और फारबिसगंज में पीएम की रैलियां होंगी। फडणवीस ने बताया कि कोरोना काल के मद्देनजर जहां प्रधानमंत्री मोदी की रैली होगी, उसके आस पास के तमाम मैदानों और विधानसभा क्षेत्रों में एलईडी स्क्रीन पर प्रसारण किया जाएगा। रैलियों के दौरान सामाजिक दूरी के मानदंडों का पालन किया जाएगा, लोगों को मास्क लगाकर आना होगा और सभा स्थल पर सैनिटाइजर की व्यवस्था की जाएगी। संवाददाता सम्मेलन में मौजूद केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने चुनावी वादों की पिटारी खोलते हुए कहा कि बिहार के हर गांव में ऑप्टिकल फाइबर के जरिए इंटरनेट पहुंचाया जाएगा। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री ने लाल किले से की थी कि देश के सभी गांवों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाया जाएगा। प्रेस कांफ्रेंस में राजग के घटक दलों के नेता भी उपस्थित थे।

## पाक के नौ खिलाड़ियों, तीन अधिकारियों ने बायो–बबल का उल्लघंन किया

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को कहा कि नौ खिलाड़ियों और तीन अधिकारियों ने रावलपिंडी में चल रहे राष्ट्रीय टी20 कप के दौरान बायो-बबल का उल्लघंन किया। इन क्रिकेटरों में राष्ट्रीय टीम के कुछ खिलाड़ी भी शामिल है। रावलपिंडी मे होटल मे कोविड-19 प्रोटोकॉल के उल्लघंन से नाराज पीसीबी ने कहा कि भविष्य मे अगर कोई खिलाड़ी या अधिकारी बायो-बबल का उल्लंघन करता है तो उसे टूर्नामेंट से तुरंत बाहर कर दिया जाएगा।

## दर्शकों के साथ या बिना दर्शकों के 2021 में वापसी की विम्बलडन की योजना

**विम्बलडन।** विम्बलडन टेनिस टूर्नामेंट ने कोरोना वायरस महामारी के कारण 2020 सत्र को रद्द करने के बाद 2021 मे वापसी की योजना बनाई है। कोविड-19 के कारण इस साल रद्द होने वाला विम्बलडन इकलौता ग्रैंडस्लैम है। इसके आयोजक ऑल इंग्लैंड क्लब ने हालांकि अगले साल वापसी की योजना बनाई है। ऑल इंग्लैंड के मुख्य कार्यकारी सैली बोलटॉन ने कहा इस चैम्पियनशिप का 2021 मे आयोजन हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हम सक्रिय रूप से इस योजना पर काम कर रहे है।

## ऑनलाइन टीम शतरंज : भारतीय पुरूष छह दौर के बाद चौथे स्थान पर

**चेन्नई।** भारत शुक्रवार को एशियाई ऑनलाइन नेशन्स कप टीम चैम्पियनशिप के पुरूष वर्ग में एक जीत और दो ड्रा से छह दौर के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया। शीर्ष वरीय भारतीय टीम तीन दौर के बाद छठे स्थान पर थी। भारत ने छठे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त मजबूत कजाखस्तान से 2-2 से ड्रा खेला जबकि ईरान के साथ चौथे दौर मे अंक बांटने के बाद उसने जोर्डन को 3.5-0.5 अंक से हराया।

## टूर्नामेंट के दूसरे हॉफ में बेहतर क्रिकेट खेलें उनके खिलाड़ी : पोंटिंग

**दुबई।** दिल्ली कैपिटल्स के कोच रिकी पोंटिग का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग के दूसरे हॉफ मे खेलना ज्यादा चुनौतीपूर्ण होगा क्योंकि संयुक्त अरब अमीरात की पिचें धीमी होती जाएंगी। मै एक चीज खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट के शुरू से कह रहा हूं कि मै चाहता हूं कि हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टूर्नामेंट के शुरू वाले हिस्से में नही बल्कि पीछे वाले हॉफ मे खेले।

## 16 देशों ने खो खो सीखने में दिखाई दिलचस्पी

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका, कोरिया और कीनिया उन 16 देशो मे शामिल है जिन्होने पिछले कुछ समय में भारत के परंपरागत खेल खो खो सीखने मे दिलचस्पी दिखाई है और इस मामले मे भारतीय संघ उनकी मदद कर रहा है।

# कमिंस की नाबाद अर्धशतकीय पारी

### ● केकेआर ने पांच विकेट पर 148 रन बनाए

**भाषा।** अबुधाबी



कमिंस

मुंबई इंडियन्स की सधी गेंदबाजी के बाद पैट कमिंस (नाबाद 53) की अर्धशतकीय पारी और कप्तान इयोन मोर्गन (नाबाद 39) के साथ छठे विकेट के लिए उनकी 87 रन की अटूट साझेदारी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग मुकाबले में शुक्रवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट 148 पर रन बनाए।

कमिंस और मोर्गन ने आखिरी दो ओवरों में 35 रन जोड़कर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। कमिंस ने 36 गेंद की पारी में दो छक्के और पांच चौके लगाए जबकि मोर्गन ने 29 गेंद की पारी में दो चौके और इतने ही छक्के लगाए। मैच से कुछ घंटे पहले हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की बात कहते हुए केकेआर की कप्तान पद से हट गए। उनकी जगह इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान और आईपीएल में इस फ्रेंचाइजी में अब तक उप कप्तान की भूमिका निभा रहे मोर्गन को कमान सौंपी गई है। मोर्गन का टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला हालांकि सही साबित नहीं हुआ, टीम पारी की शुरुआत में रन बनाने के लिए संघर्ष कर रही थी।मुंबई इंडियन्स की कसी हुई गेंदबाजी का फायदा उन्हें तीसरे ओवर की आखिरी गेंद पर राहुल त्रिपाठी के विकेट से मिला। प्वाइंट पर क्षेत्ररक्षण कर रहे सूर्यकुमार यादव ने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर राहुल त्रिपाठी का शानदार कैच लपका। त्रिपाठी ने नौ गेंद मे सात रन बनाए। इसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए नितीश राणा (पांच रन) भी कुछ खास नहीं कर सके और पांचवें ओवर में नाथन कुल्टर–नील की गेंद विकेटकीपर क्विंटन डीकॉक को कैच थमा बैठे। कप्तानी के बोझ से मुक्त हुए कार्तिक ने सातवें ओवर में कृणाल पंड्या की अंतिम गेंद पर चौका लगाया लेकिन इसके बाद गेंदबाजी के लिए आए राहुल चाहर ने पारी के आठवें ओवर की लगातार दो गेंदों पर शुभमन गिल और कार्तिक को पवेलियन की राह दिखाई।

### स्कोरबोर्ड

**केकेआर पारी:** राहुल का सूर्यकुमार बो बोल्ट 07,गिल का पोलार्ड बो राहुल चाहर 21, राणा का डिकॉक बो कुल्टर-नील 05,कार्तिक बो चाहर 04, मोर्गन नाबाद 39, रसेल का डिकॉक बो बुमराह 12,कमिंस नाबाद 53, **अतिरिक्त:** 07,कुल योग: 20 ओवर मे पांच विकेट पर : 148 रन,**विकेट पतन:** I-18, 2-, 3-42, 4-42, 5-61,**गेंदबाजी:** बोल्ट 4-0-32-I,कुल्टर-नील 4-0-51-I, बुमराह 4-0-22-I,कृणाल 4-0-23-0,चाहर 4-0-18-2

## राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ सही रणनीति के साथ उतरना चाहेगा आरसीबी

**दुबई।** किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ अपने कुछ गलत फैसलों के कारण हार झेलने वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शनिवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सही रणनीति के साथ मैदान पर उतरना चाहेगी।

**PUBLIC NOTICE**

GENERAL PUBLIC IS HEREBY informed that My client Sh. Yuvraj Rastogi S/o Hari Krishan Rastogi, R/o D2A / 61D, Janakpuri, New Delhi - 110058 has severed all his relations and have disowned his son Sh. Sagar Rastogi from his all movable and immovable properties due to his quarrelsome and disobedient nature. So my client shall not be responsible for any act of his Son Sh. Sagar Rastogi if anyone do so then he/she will do so at his/her own risk.

Advocate
Gurdip Singh Dua

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदारों के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के विषय में जारी की जा रही है। उक्त कर्जदार/रों ने उनके द्वारा प्रतिभूत लेनदार से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित सूचना भेजी गई थी, जो बिना सुपुर्दगी वापस प्राप्त की जा चुकी है और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | भारत कुमार, रेणु देवी परवाल, ई–42, लक्ष्मी नगर, लक्ष्मी नारायणपुरा, तहसील आमेर, जयपुर, राजस्थान, खाता नंबर –क्यूजैडजेएनवी00005017814 | भूमि पट्टा नंबर 24, मिसल नंबर 154, आबादी भूमि ग्राम अखेपुरा, आमेर, राजस्थान | 18–09–2020 रू. 9,71,556/– | 31–01–2020 |
| 2. | संतोष कुमार सिंह, ब्यूटी सिंह, आरजैड सी 10, प्रथम तल, विष्णु गार्डन, दिल्ली। खाता नंबर –क्यूजैडडीईएल00005022237 | एफ–159–ए, प्रथम तल, छत नहीं, प्लॉट नंबर 159, ब्लॉक एफ, गली नंबर 2, खसरा नंबर 31/19, 22, ग्राम ,ख्याला, विष्णु गार्डन, दिल्ली | 18–09–2020 रू. 18,77,000/– | 31–01–2020 |
| 3. | राजेश सैनी, नाहनी देवी सैनी, 167, इंजीनियर्स कालोनी, सिरसी रोड, पंचयावाला, जयपुर, राजस्थान, खाता नंबर –क्यूजैडजेएनवी00005042906 | प्लॉट नंबर 72, श्याम वाटिका–फेज–II, सिवार, सिरसी रोड, राजस्थान | 18–09–2020 रू. 24,29,229/– | 29–02–2020 |
| 4. | कल्पना जायसवाल, जितेन्द्र कुमार, मकान नंबर 1986/ए, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, सेक्टर–55, बल्लभगढ़, हरियाणा, फरीदाबाद खाता नंबर –क्यूजैडएफडीबी00005035470 | मकान नंबर 483, प्लॉट नंबर 33, खसरा नंबर 30/11, 12/2, गली नंबर 23, संजय कालोनी, सेक्टर–23, फरीदाबाद, हरियाणा | 18–09–2020 रू. 18,52,419/– | 31–10–2019 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 17–10–2020 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## ओपेल्का ने मेदवेदेव को सेंट पीटर्सबर्ग ओपन से बाहर किया



**भाषा।** सेंट पीटर्सबर्ग

अमेरिका के रीली ओपेलका ने मौजूदा चैंपियन डेनिल मेदवेदेव के खिलाफ आखिरी सेट में चार ब्रेक प्वाइंट बचाकर सेंट पीटर्सबर्ग ओपन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ओपेलका ने पहला सेट गंवाने के बाद विश्व में छठी रैंकिंग के मेदवेदेव को 6–2, 7–5, 6–4 से हराया। मेदवेदेव ने यूएस ओपन के सेमीफाइनल में डोमिनिक थीम से हारने के बाद जो चार मैच खेले हैं उनमें से तीन में उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा। इस बीच उन्होंने एकमात्र जीत सेंट पीटर्सबर्ग के पहले दौर में रिचर्ड गास्केट के खिलाफ दर्ज की। ओपेलका क्वार्टर फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त बोर्ना कोरिच का सामना करेंगे। इस क्रोएशियाई खिलाड़ी ने रूस के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रोमन सैफुलियन को 6–3, 7–5 से हराया। कनाडा के दूसरी वरीयता प्राप्त डेनिस शापोवालोव को बेलारूस के क्वालीफायर इलिया इवाशका को 6–I, 6–4 से हराने में खास परेशानी नहीं हुई। वह क्वार्टर फाइनल में स्टैन वावरिंका का सामना करेंगे। आंद्रे रूबलेव ने पहला सेट गंवाने के बाद उगो हंबर्ट को 4–6, 6–4, 7–5 से पराजित किया। उन्हें अब ब्रिटेन के कैमरन नोरी से भिड़ना है। कारेन खाचनोव ने हमवतन रूसी खिलाड़ी असलान करात्सेव को 4–6, 7–5, 6–3 से हराया जबकि मिलोस राओनिच ने अलेक्सांद्र बुबलिक को 6–3, 6–2 से शिकस्त दी।

## कार्तिक ने केकेआर की कप्तानी छोड़ी

### ●मोर्गन को जिम्मा

**भाषा।** अबुधाबी

विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक शुक्रवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान पद से हट गए। उनकी जगह इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान और इंडियन प्रीमियर लीग की इस फ्रेंचाइजी में अब तक उप कप्तान की भूमिका निभा रहे इयोन मोर्गन को कमान सौंपी गई है। कार्तिक ने केकेआर प्रबंधन को कहा कि वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं और टीम के लिए अधिक से अधिक योगदान देना चाहते हैं। 2018 में कप्तान नियुक्त किए गए 35 साल के इस खिलाड़ी ने 37 मैचों में टीम की अगुआई की है। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ होने वाले मैच में मोर्गन ही टीम की अगुवाई करेंगे। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने बयान में कहा, हम भाग्यशाली थे कि हमारे पास दिनेश कार्तिक जैसा नेतृत्वकर्ता है जिन्होंने हमेंशा टीम को सर्वोपरि रखा।

**PUBLIC NOTICE**

My client Smt. Ramo Devi W/o Late. Sh. Ram Swaroop R/o 1449/50, Durga Puri, 100 Foot Road, Shahdara, Delhi-110093, have severed all their relation from her Son namely 1. Sh. Sunil Verma, daughter-in-law namely 2. Smt. Mamta Verma and Grand-Daughter namely 3. Prisha Verma from all her movable & immovable properties, and now my client and her family members have no concern with any acts or deed done by the above mentioned persons.

VISHESH VERMA (Advocate)
Enrl No.: D/3507/2014.
Ch. No. D-625, Karkardooma Court , Delhi-32

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that my client Mr. Gourav Duggal S/o Mr. M.L. Duggal owner of Built-up Second Floor without roof rights built on Property bearing No. 72-A, area measuring 95 Sq. yds. out of Khasra No. 26/3 situated in the layout plan of Rashid Market Extn. In the area of Village Khureji Khas, Shahdara, Delhi-110051. By virtue of Regd. GPA dated 20.05.2002, Notarized ATS dated 20.05.2002 & Regd. Will dated 20.05.2002 and Built up Second floor without roof rights sold to be Mehruddin and same property to be loan financed by M/s Vastu Housing Finance Corporation Ltd. A-32, 2nd Floor, Industrial Area, Phase-1, Naraina New Delhi-110028.If any person(s) have any objection(s) or Claim(s) with respect to the right, title or interest in the said property then contact us within 7 days from the date of this notice on the number mentioned herein below failing which my client i.e. M/s Vastu Housing Finance Corporation Ltd. A-32, 2nd Floor, Industrial Area, Phase-1, Naraina New Delhi-110028 shall not be held responsible in any manner whatsoever.

**Naveen Kumar Verma Advocate**
**F-211, Sector-3 vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010**

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that my client, SMT. SHILPA AGGARWAL, W/o LATE Sh. KAMLESH KUMAR AGGARWAL, R/o 113, JOR BAGH, NEW DELHI-110023 is mutatee/lessee of Commercial Plot No 24, CSC Safdarjung Arjun Nagar, New Delhi. The original documents i.e. DEMAND/ALLOTMENT LETTER, POSSESSION LETTER & SITE POSSESSION SLIP ALONG WITH C & D FORM of the above said property has been lost. An NCR/LR NO.662845/2020 dated 16/10/2020 to this effect has been lodged in P.S. Crime Branch, Delhi,

Any person(s) claiming any right, Interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above Address/Phone No.9811842152 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objection with respect to this property, can personally inform or write to Deputy Director (CL) or Director (CL), Vikas Sadan, New Delhi

Naveen Aggarwal (Advocate)
Ch. No. M-7, Near SBI, Western Wing. Tis Hazari Courts, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

My client Dinesh Gupta S/o Vinodi Lal Gupta R/o RZ 54/F Street No. 7 Madhya Marg Gupta Sweets Tuglakabad Extn. New Delhi have debarred and disowned his son namely Aayush Gupta and his daughter-in-law namely Srishti Khandelwal from all his movable and immovable properties and have severed all relations from them as they are not under his (my client) control. My client and his other family members shall not be liable for any omission or commission of the aforesaid son and daughter-in-law. If any one deals with them, he /she/ they shall be doing so on their own risks and consequences.

Bandana Rai ( Advocate)
Chamber No. 649, Saket Court,
New Delhi 110017. Phone No.:-9999983238

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कर्जदार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, निम्नवर्णित कर्जदारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।

कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र सं. | कर्जदार का नाम/संख्या (ऋण खाता संख्या) (डीएचएफएल ओल्ड एलएएन एवं आईसीआईसीआई न्यू एलएएन) | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रजनीश यादव/ममता यादव/25500001335/क्यूजैडपीटीयू00005025310 | सम्पत्ति सं. 1185/80 एसएफ आरएचएस छत नहीं (पश्चिमी हिस्सा), गली नंबर 80, पुराना प्लॉट–30, खसरा नंबर 255/1 एवं 254/1, शांति नगर, त्रि नगर, दिल्ली/13 अक्टूबर, 2020 | 16–12–2019 रू. 16,06,829/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 2. | राजिन्दर सिंह/ भावना/ 19000000604/क्यूजैडडीईएल00005001658 | एम सी डी फ्लैट नंबर सी–15 ए, भू तल, मादीपुर, नई दिल्ली/13 अक्टूबर, 2020 | 07–02–2020 रू. 7,91,396/– | दिल्ली/एनसीआर |
| 3. | राम सागर यादव/अनीता यादव/09600001760/क्यूजैडडीईएल00005008304 | सम्पत्ति सं. 3411, सम्पूर्ण भू तल, वार्ड नंबर 12, आर्य पुरा, सब्जी मंडी, नई दिल्ली/13 अक्टूबर, 2020 | 07–02–2020 रू. 29,07,052/– | दिल्ली/एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 17–10–2020 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 254.57 अंक मजबूत

### ● पर साप्ताहिक आधार पर गिरावट

**भाषा।** मुंबई







घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लिवाली बढ़ने से तेजी लौट आई और बीएसई सेंसेक्स 254.57 अंक की बढ़त के साथ 39,982.98 अंक पर बंद हुआ। बैंक, धातु और आईटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी का रुख रहा। उतार–चढ़ाव वाले कारोबार में तीस शेयर वाला बीएसई सेंसेक्स 254.57 अंक यानी 0.64 प्रतिशत मजबूत होकर 39,982.98 अंक पर बंद हुआ।

इससे पहले बृहस्पतिवार को सेंसेक्स I,066.33 अंक की गिरावट के साथ 39,728.41 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में एनएसई निफ्टी 82.10 अंक यानी 0.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ 11,762.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में टाटा स्टील रही। इसमें 5.38 प्रतिशत की तेजी आई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, ओएनजीसी, कोटक बैंक और एक्सिस बैंक में भी तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 लाभ में रहे। दूसरी तरफ एचसीएल टेक को सर्वाधिक 3.76 प्रतिशत नुकसान हुआ। कंपनी का लाभ दूसरी तिमाही में 18.5 प्रतिशत बढ़कर 3,142 करोड़ रुपए रहने के बावजूद शेयर नीचे आया। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, नेस्ले इंडिया और सन फार्मा नुकसान में रहीं। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स 526.51 अंक यानी 1.29 प्रतिशत नीचे आया जबकि निफ्टी में 151.75 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की गिरावट रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कल (बृहस्पतिवारी) की बड़ी गिरावट के बाद बाजार आज थोड़ा ऊपर आया है।

## खरीफ सत्र का उत्पादन रिकॉर्ड 14 करोड़ 45 लाख टन होने का अनुमान : कृषि मंत्री



**भाषा।** नई दिल्ली

कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने शुक्रवार को कहा कि कोरोना वायरस महामारी का कृषि क्षेत्र पर कोई खास असर नहीं हुआ है। यही वजह है कि वर्ष 2020–21 के खरीफ सत्र में 14 करोड़ 45 लाख टन रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन होने का अनुमान है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इससे पिछले वर्ष 2019–20 के खरीफ सत्र में खाद्यान्न उत्पादन 14 करोड़ 33 लाख टन रहा था। इस समय देश में खरीफ फसलों की कटाई चल रही है और चावल मुख्य खरीफ फसल है। तोमर ने उद्योग संगठन भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक डिजिटल सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, खाद्यान्न उत्पादन पिछले साल की तुलना में बेहतर रहेगा। शुरुआती अनुमान के हिसाब से, वर्ष 2020–21 के खरीफ सत्र में खाद्यान्न उत्पादन 14 करोड़ 45 लाख 20 हजार टन होने का अनुमान है। गन्ने और कपास जैसी नकदी फसलों का उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद है। पहले अनुमान के हिसाब से कृषि मंत्रालय को फसल वर्ष 2020–21 (जुलाई–जून) के खरीफ सत्र के दौरान धान का उत्पादन रिकॉर्ड 10 करोड़ 23 लाख 60 हजार टन होने का अनुमान है। इसी प्रकार, वर्ष 2019–20 में दलहन उत्पादन चालू खरीफ सत्र में बढ़ककर 93 लाख 10 हजार टन होने की संभावना है जो उत्पादन वर्ष 2019–20 में 77 लाख 20 हजार टन का हुआ था।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 73.35 पर स्थिर बंद

**मुंबई।** किसी ठोस संकेत के अभाव में अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 73.35 पर लगभग स्थिर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 73.41 रुपए पर खुला तथा उसके बाद उतार–चढ़ाव वाले कारोबार के अंत में डॉलर के मुकाबले महज एक पैसे की तेजी के साथ 73.35 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## दूसरी तिमाही में एचसीएल टेक का शुद्ध लाभ 18.5 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शुद्ध लाभ सितंबर तिमाही में 18.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 3,142 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी।

**SUNLOC सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय : 38ई/252–ए, विजय टावर, शाहपुरजाट, नई दिल्ली–110049
सीआईएन : एल24302डीएल1973पीएलसी189662
ई–मेल : info@sunilhealthcare.com/
वेबसाइट : www.sunilhealthcare.com
फोन : +91–11–49435555/00, फैक्स : +91–11–43850087

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 तथा अन्य लागू विनियमों के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक शुक्रवार, 23 अक्टूबर, 2020 को अप. 3.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें, अन्य के साथ, वित्तीय वर्ष 2020–21 के 30 सितम्बर, 2020 को समाप्त दूसरी तिमाही/प्रथम वर्षार्द्ध हेतु अ–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम विचारित, अनुमोदित एवं अभिलेखबद्ध किए जाएंगे। कम्पनी का नई दिल्ली स्थित पंजीकृत कार्यालय बोर्ड मीटिंग का स्थान माना जाएगा।

इसके अतिरिक्त, ट्रेडिंग विन्डो, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (अंतरंगी व्यापार का निषेध) विनियमावली, 2015 के प्रावधानों के तहत, जैसाकि हमारे पत्र दिनांकित 30–09–2020 के माध्यम से सूचित किया जा चुका है, 01 अक्टूबर, 2020 से 25 अक्टूबर, 2020 तक (दोनों तिथियों सहित) बंद रहेगी। इस सूचना में दी गई जानकारी कम्पनी की वेबसाइट www.sunilhealthcare.com पर तथा बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर भी उपलब्ध है।

वास्ते सुनील हेल्थकेयर लिमिटेड
संतोष कुमार शर्मा
कम्पनी सेक्रेटरी एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 16–10–2020 — एफ–6817

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, हालांकि यह सुपुर्द नहीं की जा सकी और इसलिए एतद्द्वारा उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वंदना जायसवाल, विनय राठौर, वार्ड नंबर 6, वीपीओ घालूवाल, तहसील ऊना, हिमाचल प्रदेश/एलबीडीईएल00004688330 | फ्लैट नंबर 58बी, भू तल, पाकेट–III, मयूर विहार–I (पहले त्रिलोकपुरी के नाम से ज्ञात), दिल्ली | 13–08–2020 रू. 82,02,422/– | 29/02/2020 |
| 2 | नेहा सिंह, धनंजय कुमार, एफ–2204, एलीगैंट विले निकट रेयान पब्लिक स्कूल, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश/एलबीजीएचजैड00002437033 | फ्लैट नंबर 204, 22वां तल, टावर एफ, एलीगैंट विले, प्लॉट नंबर जीएच–06बी, सेक्टर–टेकजोन–4, ग्रेटर नोएडा, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 21–08–2020 रू. 25,17,500/– | 30/09/2019 |
| 3 | चौधरी अरूण कुमार, सतेन्दर कुमार, मकान नंबर 522, सेक्टर–2सी, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/एलबीजीएचजैड00002240578 | फ्लैट नंबर 1310, 13वां तल, टावर सी, ऑफीसर्स सिटी, खसरा नंबर 1059 तथा 1098, ग्राम नूर नगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 19–08–2020 रू. 25,82,872/– | 31/01/2020 |
| 4 | सुमित सुभाष वर्मा, अमृता वर्मा, 53, दयानंद विहार, दिल्ली/एलबीडीईएल00001985175 | फ्लैट नंबर 1512ए, टीएस–1, ब्लॉक–एफ, 15वां तल, सुपरटेक, यूपी कंट्री, सेक्टर–17ए, यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 19–08–2020 रू. 24,56,286/– | 31/01/2020 |
| 5 | सुमित कोहली, आईना पुरी, ऋचा कोहली, अशोक गुप्ता, 801 एन, हम्बोइट स्ट्रीट अपा.–214, सान माटेओ, कैलीफोर्निया/एलबीडीईएल00001978742 | अपार्टमेंट नंबर एलडीआई–08–101, दि कोव, जेपी ग्रीन्स स्पोर्ट्स सिटी, गौतमबुद्ध नगर, सेक्टर–25, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 19–08–2020 रू. 17,00,830/– | 31/01/2020 |
| 6 | राजेश शर्मा, राखी शर्मा, 335, पाकेट–16, सेक्टर–3, द्वारका, दिल्ली/एलबीजीयूआर00002388147 | फ्लैट नंबर 104, प्रथम तल, टावर डी, कैपिटल गेटवे, सेक्टर–111, गुरूग्राम | 31–08–2020 रू. 93,56,141/– | 31/12–2019 |
| 7 | गिन्नी बजाज, जया कुमारी चिक्काला, एनएस रेजिडेंस नर्सेज होस्टल, बीआरएस मार्ग, दिल्ली/एलबीडीईएल00002946223 | फ्लैट नंबर बी–704, 7वां तल मेघदूतम एनकोर, प्लॉट नंबर जीएच–05, स्पोर्ट्स सिटी, सेक्टर–टेकजोन–4, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 31–08–2020 रू. 62,62,720/– | 31/01/2020 |
| 8 | रजनी जैन, मुकुल जैन, 8 किंग्सले म्यू, स्ले स्ट्रीट, इलफोर्स एसेक्स आईजीआईजीबीटी, एसेक्स/एलबीडीईएल00002937009 | फ्लैट नंबर ए–601, छठा तल मेघदूतम एनकोर, प्लॉट नंबर जीएच–05, स्पोर्ट्स सिटी, सेक्टर–टेकजोन–4, नोएडा, उत्तर प्रदेश | 31–08–2020 रू. 52,25,513/– | 31/01/2020 |
| 9 | रितिका सप्रा, 2410, रोहित निवास, 16वां ए मेन हाल, द्वितीय स्टेज, इंदिरा नगर, बेंगलुरू, कर्नाटक/एलबीडीईएल00004544820 | मकान नंबर 340–पी, भू तल, सूर्य नगर फेज–II, सेक्टर–91, फरीदाबाद, हरियाणा | 31–08–2020 रू. 50,17,564/– | 31/01/2020 |
| 10 | रीता निषाद, सुधांशु निषाद, टी–081902, लोटस बोल्वर्ड, फेज–2, सेक्टर–100, नोएडा, उत्तर प्रदेश/एलबीजीयूआर00003684106 एवं एलबीजीयूआर00003793753 | फ्लैट नंबर 1001, टी 5 टावर, सुपरटेक अजालिया, सेक्टर–68, गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन, रोड, गुरूग्राम, हरियाणा | 29–08–2020 रू. 41,53,119/– रू. 73,383/– | 31/01/2020 |
| 11 | फिरोज अहमद, सादिया हयात, प्लॉट नंबर बी–286/एफ–2, शालीमार गार्डन मेन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/एलबीएनओडी00001379876 | फ्लैट नंबर एफएफ–2, प्लॉट नंबर बी–286, शालीमार गार्डन मेन, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश | 21–08–2020 रू. 8,13,548/– | 30/11/2019 |
| 12 | राहुल मिश्रा, साहिल मिश्रा, के बी 52, कर्पूरीपुरम, निकट सीएनजी गैस पम्प, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश/एलबीएनओडी00002431624 | फ्लैट नंबर 1410, 14वां तल, टावर फीनिक्स ओससिस ग्रैण्ड, स्टैंड जीएच–01–टीएस–01 बी, सेक्टर–22 डी, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | 19–08–2020 रू. 12,51,091/– | 31/01/2020 |
| 13 | अखिल सिंह, सरोज सिंह, ई–18036, सिक्सटीन्थ एवेन्यू, गौड़ सिटी 2, सेक्टर–16सी, ग्रेटर नोएडा वेस्ट/एलबीएनओडी00004579246 | फ्लैट नंबर टी4–2005, 20वां तल, ब्लॉक बी, यूनीबेरा टावर्स, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, | 27–08–2020 रू. 33,06,838.94/– | 31/12/2019 |
| 14 | सुरेन्द्र प्रसाद पांडे, उर्मिला पांडे, ए–238, झिलमिल कालोनी, दिल्ली/एलबीएनओडी00004411847 | फ्लैट नंबर टी1–2101, 21वां तल, ब्लॉक ई, यूनीबेरा टावर्स, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा, | 27–08–2020 रू. 32,12,533.74/– | 31/12/2019 |
| 15 | गगन गौतम, लता रानी, एच–1001, आम्रपाली सैफायर, सेक्टर–45, नोएडा एलबीएनओडी00003067507 | फ्लैट नंबर ए120, यूजीएफ, वेव एग्जीकुटिव फ्लोर, एनएच–24, गाजियाबाद | 27–08–2020 रू. 16,05,087/– | 30/04/2019 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जैसा लागू है) को बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, अन्यथा आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।


तिथि : 17–10–2020 — प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर — आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 17 अक्टूबर, 2020



# ट्रंप और बाइडेन ने अलग-अलग टाउनहाल का आयोजन किया





**भाषा।** ग्रीनविले (अमेरिका),

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जो बाइडेन ने दूसरी राष्ट्रपति बहस रद्द होने के मद्देनजर एक ही समय पर अलग-अलग टाउन हॉल का आयोजन किया जिनका प्रसारण टीवी पर किया गया।

प्रमुख टीवी पत्रकारों द्वारा संचालित इस सत्र में उन्होंने पूर्व चयनित व्यक्तियों के सवालों का जवाब दिया। ट्रंप के टाउन हॉल की मेजबानी जहां फ्लोरिडा के मियामी में नेशनल ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (एनबीसी) ने की वहीं फिलाडेल्फिया के पेन्सिलवेनिया में बाइडेन के हाउन हॉल की मेजबानी अमेरिकन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी (एबीसी) न्यूज ने की।

राष्ट्रपति पद के लिए दूसरी बहस बृहस्पतिवार रात को होनी थी। राष्ट्रपति के कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने के बाद स्वतंत्र बहस आयोग ने संशोधित रूप से इस बहस का आयोजन डिजिटल तरीके से कराने की तैयारी की थी। हालांकि ट्रंप द्वारा इसमें हिस्सा लेने से इनकार किए जाने के बाद इसे रद्द कर दिया गया। अंतिम बहस फिलहाल टेनेसी के नैशविले में 22 अक्टूबर को निर्धारित है। पहली बहस ओहायो के क्लीवलैंड में 29 सितंबर को हुई थी। ट्रंप (74) और प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप (50) एक अक्टूबर को कोविड-19 महामारी से पीड़ित पाए जाने के बाद अब इससे उबर चुके हैं। ट्रंप के डॉक्टरों ने उन्हें चुनाव अभियान के लिए मंजूरी दे दी है। टाउन हॉल के दौरान ट्रंप ने कोरोना वायरस महामारी को संभालने के अपने तौर-तरीकों का बचाव किया। उन्होंने कर भुगतान को लेकर अपने रुख पर भी भरोसा जताया। ट्रंप ने हालांकि क्यूएनन साजिश के सिद्धांत की आलोचना से इनकार कर दिया। धुर-दक्षिणपंथी समूह क्यूएनन के मुताबिक डेमोक्रेट्स गोपनीय बाल यौनशोषण गिरोह चला रहे हैं। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने इस समूह को आतंकी खतरे के तौर पर चिन्हित किया है। बहस का संचालन कर रहीं सवाना गुथरी ने जब पूछा कि क्या वह क्यूएनन के सिद्धांत की आलोचना करेंगे और यह कहेंगे कि यह बकवास और असत्य है , ट्रंप ने कहा, मैं क्यूएनन के बारे में नहीं जानता। यह पूछे जाने पर कि क्या डेमोक्रेट्स द्वारा बाल यौन शोषण गिरोह चलाए जाने की बात पर वह यकीन करते हैं अथवा नहीं, उन्होंने कहा, मुझे इस बारे में कुछ नहीं पता। अपने टाउन हॉल के दौरान बाइडेन ने कहा कि वह न्यायिक प्रक्रिया सुधार विधेयक, 1937 (कोर्ट पैकिंग) पर जल्द ही अपनी राय देंगे, इस मुद्दे पर वह अब तक बोलने से बचते रहे हैं। डेमोक्रेट्कि पार्टी की तरफ से 77 वर्षीय राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के विस्तार को लेकर, उनकी क्या राय है, इस बारे में चुनाव के दिन से पहले वह स्पष्ट स्थिति पेश करेंगे जो इस बात पर निर्भर करेगी कि न्यायाधीश एमी कोनी बैरेट को स्थाई करने की अन्य प्रक्रियाएं किस तरह आकार लेती हैं।

सुप्रीम कोर्ट की दिवंगत न्यायाधीश रुथ बादर गिन्सबर्ग का स्थान लेने के लिए ट्रंप ने न्यायाधीश बैरेट का चयन किया था।बैरेट की स्थाई नियुक्ति को लेकर सीनेट की न्यायपालिका समिति ने बृहस्पतिवार को अपनी सुनवाई पूरी की है। न्यायपालिका समिति के अध्यक्ष लिंडसे ग्राहम ने कहा कि समिति बैरेट को नामित किए जाने के मामले में 22 अक्टूबर को मतदान करेगी और समिति अगर उनके नामांकन को मंजूर करती है तो उसे सीनेट के सदस्यों के समक्ष रखा जाएगा। एबीसी के जॉर्ज स्टीफनोपोलस के साथ बाइडेन ने कहा कि वह न्यायिक प्रक्रिया सुधार विधेयक, 1937 के प्रशंसक नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह उस स्थिति में अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने पर विचार करेंगे जब चुनाव से पहले बैरेट के नाम को मंजूरी मिल जाती है, बाइडेन ने कहा, मैं यह विचार करने का विकल्प खुला रखता हूं कि क्या किया जा सकता है।

कोर्ट पैकिंग पर स्पष्ट रूप से राय न व्यक्त करने को लेकर रिपब्लिकन, बाइडेन की आलोचना करते रहे हैं। बाइडेन के टाउन हॉल में उनके बेटे हंटर बाइडेन पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों से जुड़े कोई सवाल नहीं था।


## 'राष्ट्रपति चुनाव अच्छी बनाम बुरी नीतियों के बीच'

**ग्रीनविले ( अमेरिका )।** अमेरिका में उत्तरी कैरोलाइना के ग्रीनविले शहर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के समर्थक का मानना है कि 2020 का राष्ट्रपति चुनाव अच्छी और बुरी नीतियों के बीच चुनाव का मौका देता है। ट्रम्प के हजारों समर्थक अपने नेता को देखने और सुनने के लिए बृहस्पतिवार को उत्तरी कैरोलाइना में पिट-ग्रीनविले हवाई अड्डे पर एकत्र हुए थे। कोरोना वायरस के संक्रमण के बाद राज्य में ट्रम्प की यह पहली चुनावी रैली थी। रैली में आए लोगों में से कई ने गर्भपात, धार्मिक स्वतंत्रता, बंदूक रखने का अधिकार, अवैध आव्रजन और स्वास्थ्य देखभाल जैसे कई मुद्दों पर अपना पक्ष रखा और कहा कि इन्हीं कुछ प्रमुख मुद्दों को लेकर वे राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प का समर्थन कर रहे हैं। अंशकालिक तौर पर अकाउंटेंट की काम करने वाली ब्रांडी क्राउस ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमारे पास अच्छी नीतियां हैं और हमारे पास बुरी नीतियां भी हैं। इस वर्ष हमारे पास इसमें से चुनने का विकल्प है। उन्होंने एक बुरी नीति के रूप में गर्भपात पर डेमोक्रेटिक पार्टी के रुख का उदाहरण दिया।राष्ट्रपति पद के डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडेन ने हाइड संशोधन को निरस्त करने का समर्थन किया है, जिसमें गर्भपात के मेडिकल बीमे पर प्रतिबंध लगाया गया है। सीनेटर कमला हैरिस गर्भपात के अधिकारों की पक्षधर हैं। क्राउस ने कहा, यह इंसान की इरादतन हत्या है।

## मास्क पहनने वाले हमेशा ही संक्रमित रहते हैंः ट्रंप

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जो लोग चेहरे पर मास्क पहनते हैं वे हर समय कोरोना वायरस से संक्रमित रहते हैं। हालांकि उनके इस दावे के पीछे कोई साक्ष्य नहीं है। मियामी में बृहस्पतिवार को एनबीसी न्यूज के टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान ट्रंप ने यह दावा किया। राष्ट्रपति से 26 सितंबर को व्हाइट हाउस में बड़े पैमाने पर हुए एक कार्यक्रम के बारे में सवाल पूछा गया था जिसके बारे में माना जाता है कि वह संक्रमण का स्रोत रहा और उसमें शामिल होने वाले कई मेहमान कोविड-19 से पीड़ित हुए। कार्यक्रम में शामिल होने वाले ज्यादातर लोगों ने मास्क नहीं पहने थे। संक्रमित होने वाले लोगों में खुद राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया शामिल हैं। राष्ट्रपति स्वयं कभी-कभार ही मास्क पहनते हैं। ट्रंप ने कहा कि उन्हें मास्क से कोई दिक्कत नहीं हालांकि इसके बाद दावा किया कि मास्क पहनने वाले लोग इससे (संक्रमण) हर वक्त पीड़ित रहते हैं।

# सीबीआई और अमेरिकी अधिकारियों ने धोखाधड़ी की योजना का किया भंडाफोड़




**भाषा।** वाशिंगटन

**भारत** की जांच एजेंसी सीबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग ने अभूतपूर्व तालमेल का परिचय देते हुए अमेरिका में कथित रूप से सैंकड़ों बुजुर्गों और अरक्षित लोगों को धोखा देने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस गिरोह का सरगना एक अमेरिकी नागरिक है और यह भारत से कॉल सेंटरों के जरिए अपना काम कर रहा था। अमेरिका के न्याय विभाग ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि कैलिफोर्निया का निवासी माइकल ब्रायन कोटर (59) तकनीकी समर्थन प्रदान करने के नाम पर चलाए जाने वाली इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए भारत में अपने साथियों को मदद मुहैया कराता था। अमेरिका में एक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद एक संघीय अदालत ने कोटर और उसकी पांच कंपनियों को इस योजना को बंद करने का आदेश दिया है, जिसके तहत अमेरिका में कथित रूप से सैंकड़ों बुजुर्गों और अरक्षित वर्गों को धोखाधड़ी का शिकार बनाया जा चुका है। बयान में कहा गया है कि सीबीआई को जब यह पता चला कि ए कंपनियां भारत में विभिन्न स्थानों से अंतरराष्ट्रीय धोखाधड़ी योजना को अंजाम दे रही हैं, तो उसने इस योजना में शामिल पांच कंपनियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया और इससे जुड़े लोगों की पहचान करने तथा उनका पता लगाने की कवायद शुरू की।बयान के अनुसार इन कंपनियों के दफ्तरों और इनके निदेशकों के आवासों पर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया। विभाग के बयान में कहा गया है, सीबीआई ने अभूतपूर्व तालमेल का परिचय देते हुए भारत में दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव और जयपुर में इस योजना में शामिल कंपनियों और लोगों के खिलाफ कार्वाई की। न्याय विभाग ने कहा कि सीबीआई ने तलाशी अभियान के दौरान योजना से संबंधित डिजिटल सबूतों को एकत्रित कर उन्हें जब्त कर लिया।

## मेक्सिको के पूर्व रक्षा मंत्री गिरफ्तार

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के पूर्व रक्षा मंत्री जनरल सेल्वाडोर सीनफ्यूगोस को मादक पदार्थों की तस्करी और धनशोधन के आरोप में लॉस एंजिलिस में गिरफ्तार किया गया है। अमेरिकी और मेक्सिको के सूत्रों ने यह जानकारी दी। पूर्व रक्षा मंत्री की गिरफ्तारी की जानकारी रखने वाले दो लोगों ने बताया कि सीनफ्यूगोस को मादक पदार्थों की तस्करी और धन शोधन के आरोपों में अमेरिकी ड्रग प्रवर्तन निदेशालय (डीईए) के वारंट पर गिरफ्तार किया गया है। वहीं डीईए ने बृहस्पतिवार को इस संबंध में कुछ भी बताने से इनकार किया। मेक्सिको के विदेश मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने बृहस्पतिवार को अपने ट्विटर अकांउट से ट्वीट करके बताया कि अमेरिकी राजनयिक क्रिस्टोफर लानडाउ ने उन्हें सीनफ्यूगोस की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी दी।जनरल ने 2012 से 2018 के बीच राष्ट्रपति एनरिक पेटा नीटो के शासनकाल में रक्षा मंत्री के रूप में सेवाएं दी थीं।




बैंकॉक में प्रो-डेमोक्रेसी प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री जनरल चान ओ चा के खिलाफ सड़क पर उतरे

# ब्रिटेन में भारतीय छात्र बिठा रहे तालमेल

**भाषा।** लंदन

## कोविड-19 की पाबंदियों के बीच जारी है जीवन की जद्दोजहद

**भारत** के अनेक छात्र विभिन्न विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करने के लिए लिए कोविड-19 पाबंदियों के बावजूद ब्रिटेन आए हैं और कक्षाओं में ऑनलाइन तथा व्यक्तिगत उपस्थिति के शिक्षण के मिलेजुले तरीके के बीच तालमेल बैठा रहे हैं। नए अकादमिक सत्र के पहले कुछ हफ्तों के विश्लेषण में यह पता चला है। ब्रिटेन के 139 विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि संगठन यूनिवर्सिटीज यूके की ओर से जानकारी दी गई कि विश्वविद्यालयों से मिले ताजा आंकड़ों और जानकारी से पता चलता है कि ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में उम्मीद से कहीं अधिक संख्या में विदेशी छात्र अध्ययन के लिए आए हैं।

वर्ष 2020-21 का शरद सत्र इस महीने आरंभ हुआ, ऐसे में विश्वविद्यालयों द्वारा भारत समेत अन्य देशों से आने वाले छात्रों की मदद के लिए जो कदम उठाए गए हैं, उनके बारे में संगठन ने रिपोर्ट एकत्र की।

बर्मिंघम सिटी यूनिवर्सिटी में अध्ययन करने लौटे एक भारतीय छात्र रोहन ने कहा, ब्रिटेन तक कि मेरी यात्रा बहुत सुगम रही। कॉलेज प्रवेश सेवा (सीएएस), वीजा आवेदन प्रक्रिया आदि में कोई परेशानी नहीं आई। नेशनल इंडियन स्टुडेंट्स ऐंड एलुमनी यूनियन यूके ने कहा कि यह भारतीय छात्रों के अनुभवों की व्यापक समीक्षा करने की प्रक्रिया है जिसमें पता चला कि करीब 40 फीसदी छात्र शिक्षण के दोनों प्रकार से संतुष्ट हैं।

# पीएम बनने की कोशिश कर रहे अनवर से होगी पूछताछ

**एपी।** कुआलालंपुर

**मलेशिया** में मौजूदा सरकार गिराने के लिए सांसदों के समर्थन की एक सूची के विपक्षी नेता अनवर इब्राहीम के के दावे पर पुलिस उनसे शुक्रवार को पूछताछ करने वाली है।

उन्होंने ऐसा दावा किया है कि उनके पास ऐसे सांसदों की सूची है जो सरकार को अपदस्थ करने में उनकी कोशिश का समर्थन कर रहे हैं। अनवर ने प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन को अपदस्थ कर नई सरकार बनाने के लिए संसद में जरूरी समर्थन का सबूत दिखाने के लिए मंगलवार को देश के राजा से मुलाकात की थी। संसद में यासीन के पास सिर्फ दो सीटों का बहुमत है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उन्हें अनवर का कथित तौर पर समर्थन करने वाले 121 सांसदों की सूची को लेकर 113 शिकायतें मिली हैं। उन्होंने शिकायतों के संबंध में जानकारियां नहीं दी। यह सूची सोशल मीडिया पर घूम रही है। पुलिस ने कहा कि वे सार्वजनिक शरारत और किसी को परेशान करने के नेटवर्क सुविधाओं से संबंधित कानूनों के तहत शिकायतों की जांच कर रहे हैं। अनवर को पुलिस ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय आकर बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया है। अनवर ने कहा कि राजा उनके दावे की पुष्टि के लिए नेताओं से मिलेंगे। उन्होंने पुलिस जांच के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की। यासीन मार्च में अनवर के सुधारवादी गठबंधन टूटने के बाद सत्ता में आए थे। यासीन इससे पहले भी सरकार बनाने के लिए सांसदों के समर्थन के अनवर के दावे को खारिज करते रहे हैं लेकिन इस सप्ताह दबाव बढ़ गया है। अनवर के राजा से मिलने के बाद सरकार में यासीन के मुख्य सहयोगी ने सरकार से समर्थन हटाने की धमकी दी है और बड़ी पार्टी होने के बाद भी नजरअंदाज करने को लेकर गुस्सा जाहिर किया है। राजा ने बृहस्पतिवार को नेताओं को सलाह दी थी कि महामारी के बीच वे देश को दूसरे राजनीतिक संकट में ले जाने से बचें।



कुआललंपुर में विपक्षी नेता अनवर इब्राहीम पुलिस मुख्ययालय के बाहर मीडिया से बात करते हुए

# पाक की अदालत ने संघीय सरकार पर उठाए सवाल

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** की एक अदालत ने पंजाब प्रांत में करतारपुर गलियारा खोले जाने को लेकर संघीय सरकार से सवाल पूछा है। अदालत ने अधिकारियों से यह स्पष्ट करने को कहा है कि क्या यह परियोजना प्रांतीय सरकार के मामलों में हस्तक्षेप नहीं है। लाहौर-नरोवाल सड़क के निर्माण में हुई देरी के विरुद्ध दायर याचिका की सुनवाई के दौरान लाहौर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मुहम्मद कासिम खान ने बृहस्पतिवार को एक संघीय विधि अधिकारी से पूछा कि सड़क के निर्माण के लिए संघीय या प्रांतीय सरकार में से कौन जिम्मेदार था। इसके जवाब में विधि अधिकारी ने कहा कि सड़क के निर्माण के लिए धनराशि जारी किए जाने का मामला संघीय सरकार के अधीन नहीं आता। मुख्य न्यायाधीश खान ने कहा, यदि सड़क निर्माण प्रांतीय सरकार का विषय है तो संघीय सरकार ने करतारपुर गलियारे का निर्माण कैसे किया। सरकारें अपनी इच्छाओं पर काम कर रही हैं या कानून के तहत? न्यायाधीश ने विधि अधिकारी को निर्देश दिया कि वह अदालत को बताए कि क्या संघीय सरकार द्वारा लाई गई करतारपुर परियोजना पंजाब प्रांत के मामलों में हस्तक्षेप नहीं है। न्यायाधीश ने कहा कि यदि यह सिद्ध हो जाता है कि संघीय सरकार ने प्रांत के मामलों में हस्तक्षेप किया है तो अदालत प्रधानमंत्री को भी नोटिस भेज सकती है। उन्होंने कहा, आवश्यकता पड़ने पर हम प्रधानमंत्री को नोटिस भेज सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश ने दो सप्ताह के लिए सुनवाई टाल दी और मामले में जवाब देने के लिए अतिरिक्त महान्यायवादी इश्तियाक खान को निर्देश दिया।



सिडनी में आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन उत्तरी क्षेत्र के मुख्यमंत्री माइकल गनर के साथ

# अस्पताल की लापरवाही से संक्रमण में उछाल

**भाषा।** बीजिंग

**चीन** के चिंगदाओ में एक अस्पताल को सही ढंग से संक्रमण मुक्त नहीं किए जाने के चलते कोविड-19 के मामलों में तेज उछाल देखा गया था, जिसकी वजह से शहर में एक करोड़ से अधिक लोगों की जांच की जा रही है। स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शहर में जिन एक करोड़ से अधिक लोगों जांच की गई, उनमें से कोई भी कोरोना वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है। प्रांतीय स्वास्थ्य आयोग के एक दल के उप प्रमुख मा लिक्सिन ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, चिंगदाओ चेस्ट अस्पताल के सीटी कक्ष को सही ढंग से संक्रमण मुक्त नहीं किए जाने के चलते चिंगदाओ शहर में कोविड-19 के मामलो में तेज उछाल देखा गया था। सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने लिक्सिन के हवाले से कहा कि लोगों के एक-दूसरे से संपर्क में आने के चलते कोविड-19 के मामलो में तेजी आने की संभावना भी नहीं है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक संक्रमण नहीं फैला। चिंगदाओ में संक्रमण के मामलों में उछाल को लेकर देशभर में चिंताएं व्याप्त हो गई थीं क्योंकि हाल ही में राष्ट्रीय दिवस अवकाशों के दौरान हजारों पर्यटक इस शहर में आए थे।

सरकार द्वारा संचालित चाइना डेली की खबर के अनुसार बृहस्पतिवार तक। करोड़ 4 लाख लोगों के नमूनों की जांच की जा चुकी है, जिनमें से 88 लाख नमूनों की जांच के नतीजे जारी किए जा चुके हैं।

शहर के उप मेयर तथा जन सुरक्षा ब्यूरो के प्रमुख सुई रुवेन ने कहा कि पहले ही पृथक वास में भेजे जा चुके लोगों के अलावा और लोग संक्रमण की चपेट में नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 10 लाख लोगों की जांच की जानी है। शुक्रवार तक सभी लोगों की जांच हो जाने की संभावना है।

## जर्मनी में एक दिन में 7000 से अधिक मामले

**बर्लिन।** जर्मनी में पहली बार एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के सात हजार नए मामले सामने आए हैं। देश के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र रॉबर्ट कॉच संस्थान ने शुक्रवार को बताया कि पिछले चौबीस घंटे में संक्रमण के 7,334 नए मामले सामने आए। इससे एक दिन पहले कोविड-19 के 6,638 मामले सामने आए थे। जर्मनी में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 3,48,000 मामले सामने आ चुके हैं और इस महामारी से 9,734 लोगों की जान जा चुकी है।

## सिंगापुर में नौ नए मामले

**सिंगापुर।** सिंगापुर में शुक्रवार को कोविड-19 के नौ नए मामले सामने आए जिनमें से आठ लोग दूसरे देशों की यात्रा करके यहां लौटे थे। अब देश में संक्रमितों की संख्या बढ़कर 57,901 हो चुकी है जबकि महामारी से यहां 28 लोगों की जान जा चुकी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि शुक्रवार को स्थानीय स्तर पर सामने आया संक्रमण का एक मात्र मामला विदेशी कामगारों की डॉरमेट्री से है।

# चीन ने अब कनाडा को दी कड़ी चेतावनी

**एपी।** ओटावा

**कनाडा** में चीन के राजदूत ने प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार को बृहस्पतिवार को चेतावनी देते हुए कहा है कि वह हांगकांग में लागू किए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की वजह से वहां से भागकर यहां आने वालों को को शरण नहीं दें। चीन की ओर से हांगकांग में लागू किए गए इस कानून की खूब आलोचना हुई है।

राजदूत कोंग पियू ने हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिंसक अपराधी करार दिया है और कहा है कि अगर कनाडा उन्हें शरण देता है तो इसे चीन के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के रूप में देखा जाएगा। पिछले साल हांगकांग और चीन की सरकारों के खिलाफ शहर में प्रदर्शन तेज हो गए थे। सरकारों के खिलाफ लोगों की भावनाओं और गुस्से को दबाने के लिए चीन ने हांगकांग में एक नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू कर दिया जो 30 जून से प्रभावी है। इस कानून में अलगाववादी, विध्वंसक और आतंकवादी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने के साथ ही शहर के आतंरिक मामले में विदेशी ताकतों के साथ सांठगांठ पर भी रोक लगाई गई है। अमेरिका, ब्रिटेन और कनाडा ने चीन पर शहर की स्वतंत्रता में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। कोंग ने कहा, अगर कनाडा वास्तव में हांगकांग की समृद्धि और स्थिरता तथा हांगकांग में कनाडा का पासपोर्ट रखने वाले 300,000 लोगों और हांगकांग एसएआर में बड़ी संख्या में काम कर रही कनाडा की कंपनियों के कल्याण और सुरक्षा के बारे में सोचता है तो आपको हिंसा से लड़ने वाले प्रयासों में सहयोग करना होगा। दूसरी ओर अलायंस कनाडा हांगकांग की कार्यकारी निदेशक चेरी वांग ने बताया कि कोंग की टिप्पणी कनाडाई लोगों को सीधे तौर पर दी गई धमकी है।

## ट्रेंड बाजार

### कोई भी दो कलाकार समान नहीं हो सकतेः रसिका दुग्गल

**अभिनेत्री** रसिका दुग्गल का कहना है कि इस क्षेत्र में कोई भी दो अभिनेता समान नहीं हो सकते और इस पेषे में किन्हीं भी दो अभिनेता या अभिनेत्री के अनुभव भी एक जैसे नहीं हो सकते।



उन्होंने कहा कि उन्हें अपने ऊपर हर दिन संदेह रहता है, 'ऐसा मैं सोचती हूं कि चूंकि मैं इंडस्ट्री में इतने सालों से हूं तो मैं अपने अनुभव से जानती हूं कि दूसरों की अपेक्षा मैं अपनी किसी भी चीज के बारे में उपजी आषंकाओं को दूसरों की अपेक्षा अधिक अच्छे ढंग से संभाल सकती हूं। लेकिन जैसे जैसे समय बीतता है कॅरियर में परिवर्तन आने लगती हैं और हर दिन आपके समक्ष नई चुनौतियां आती रहती हैं।'


रसिका ने तहां, फिल्म के माध्यम से वर्ष 2008 में अपने कॅरियर का प्रारंभ किया था। इसके बाद उन्हें तू है मेरा संडे और हामिद नामक फिल्म में भी उन्हें देखा गया था।

### 'पृथ्वीराज' के सेट पर वापसी से उत्साहित हैं मानुषी छिल्लर



**नवोदित** अभिनेत्री मानुषी छिल्लर का कहना है कि 'मुझे फिल्म पृथ्वीराज के सेट पर वापस आते हुए रोमांच का अनुभव हो रहा है क्योंकि ये पिछले कुछ महीनों से मेरे जीवन में नहीं था। अब मैं हर दिन सेट पर आना चाहती हूं क्योंकि मुझे यहां हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है जो मुझे बहुत अच्छा लगता है। मैं अक्षय सर के साथ सेट पर आकर बहुत खुष हूं क्योंकि मुझे उनसे काफी कुछ सीखने को मिलता रहता है। मैं अपनी पूरी टीम के साथ काम करने को अपना सौभाग्य मानती हूं, वे सभी अद्भुत लोग हैं।'

### आयुष्मान खुराना संग सेट पर वापसी हेतु अधीर हैं वाणी कपूर



**अभिनेत्री** वाणी कपूर अभिनेता आयुष्मान खुराना के साथ एक प्रगतिषील कहानी पर बनने वाली फिल्म की शूटिंग प्रारंभ होने को लेकर अधीर हैं।

वो अभिषेक कपूर के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हैं उनके अनुसार वो मानवीय भावनाओं के विषेषज्ञ हैं।

उन्होंने बताया, 'अभिषेक भावनाओं का फिल्मांकन करने के विषेषज्ञ हैं। वो रॉक ऑन, काई पो चे, केदारनाथ जैसी फिल्मों में ऐसा पहले भी कर चुके हैं। वो संबंधों में छोटी-छोटी बातों का भी पूरा ध्यान रखते हैं। यही कारण है कि उनकी फिल्मों के प्रति मेरे भीतर एक आकर्षण है। जिस प्रकार से उन्होंने काई पो चे, फिल्म में तीन मित्रों की कहानी प्रस्तुत की थी वो अद्भुत था।'

### जैनुअरी जोन्स ने स्तन कैंसर के प्रति किया जागरूक



**अक्टूबर** माह स्तन कैंसर को समप्रित रहता है और यही कारण है कि हॉलिवुड अभिनेत्री जैनुअरी जोन्स ने अभिनेत्रियों से इसके प्रति जागरूक बने रहने का आह्वान किया है।

इंस्टाग्राम पर उन्होंने पिंक ब्रा में अपनी एक फोटो पोस्ट की जिसमें उन्होंने अपने परिवार में इस रोग के प्रति संघर्ष करने वालों का साथ देने का वादा किया। आगे उन्होने लिखा, 'अक्तूबर माह स्तन कैंसर को समर्प्रित माह है और आप सभी महिलाओं को अपने मैमोग्राम/अल्ट्रासाउंड विलंबित नहीं करना चाहिये।'

इसके बाद आगे उन्होंने लिखा, 'उन सभी को मेरा प्यार जो इस रोग से लड़ चुके हैं और जिनकी लड़ाई अब भी जारी है, मैं आप सभी को स्नेह करती हूं और आपके साथ खड़ी हूं।'

## होम थियेटर

# हंसी और मस्ती से भरपूर



**फिल्मः गिनी वेड्स सनी**
**प्लेटफॉर्म : नेटफ्लिक्स**
**कलाकारः यामी गौतम, विक्रांत मैसी, सुहेल नैयर, राजीव गुप्ता, आयषा रज़ा मिश्रा**
**रेटिंगः 5.5/10**

**यदि आप** किसी ऐसी फिल्म की खोज में हैं जो विचारोत्तेजक या अंतरावलोकन हेतु बाध्य करने वाली न हो तो आपके लिए फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' एक अच्छा विकल्प साबित हो सकती है। आप इसके हल्की-फुल्की कहानी और दृष्यों को बड़े सहज भाव से देखते हुए समय बिता सकते हैं। इसकी कहानी में प्रमुख चरित्र एक पंजाबी जोड़ी है जिनके अनुसार जीवन में केवल दो ही चीजें हैं जिन्हें वे अपना कह सकते हैं-भावनाएं और पनीर। इसका निर्देशन फिल्मों में निर्देशक के रूप में पदार्पण करने वाले पुनीत खन्ना ने किया है और ये फिल्म बहुत ही प्यारी बन पड़ी है। इसमें आपको अधिकांषतया हास्य ही देखने को मिलेगा। इसके अलावा इसमें भ्रम की स्थिति भी बनी रहती है कि विवाह करें तो किससे? विक्रांत मैसी इसमें सनी की भूमिका में हैं और उनके लिए ये विकट समस्या है। वो विवाह इसलिये करना चाहते हैं ताकि वो रेस्तरां खोल सकें। अब वो ऐसा क्यों करना चाहता है ये जानने के लिए तो आपको फिल्म ही देखनी पड़ेगी। फिल्म की पृष्ठभूमि दिल्ली-एनसीआर का क्षेत्र रखा गया है और दिल्ली में रहने वाले लोग उसकी दुविधा को ठीक से समझ पाएंगे।


फिल्म में कुछ कमियां भी हैं, लेकिन इसमें हंसी भरपूर है। एक उदाहरण देते हैं। गिन्नी का वास्तविक नाम हे प्रिंसेस सिमरन है-ऐसा नहीं है कि वो किसी राजसी परिवार की हो। लेकिन वे पंजाबी हैं और आप उनसे और क्या अपेक्षा रख सकते हैं। एक संकेत भी इसमें है जिसमें लिखा है - जॉटीं वेड्स रिंपी, या फिर राजीव गुप्ता जो सनी के पिता हैं तथा गिनी की मां बनी आयषा रज़ा मिश्रा के बीच के संवाद भी अत्यंत मनोरंजक बन पड़े हैं। लेकिन वो परदे पर कम ही दिखाए गए हैं यही कारण है कि उनके बीच के मनोरंजक वार्तालाप को दर्षक अधिक इंज्वॉय नहीं कर सके हैं। मैसी और यामी गौतम ने सुंदर और परिपक्व अभिनय किया है। स्पष्ट दिखाई देता है कि गिन्नी का चरित्र में आत्मविष्वास की कमीं दिखती है उसका कहना है कि उसके जीवन में किसी पुरुष के लिए कोई स्थान नहीं है लेकिन फिर वो विवाह भी करना चाहती है। वो सनी से गुस्सा है कि सनी ने उसे धोखा दिया लेकिन जब सनी किसी और के साथ विवाह करना चाहता है तो वो उसी से विवाह करना चाहती है। ऐसा कौन सा पुरुष होगा जो अगले दिन किसी अन्य से विवाह से पहले एक दूसरी स्त्री के साथ पूरा दिन बिताता होगा? लेकिन फिल्म का शीर्षक पूरी कहानी स्पष्ट कर देता है। अब आपको ये नहीं बताने वाले कि इसका अंत कैसा होता है, लेकिन इसमें कई रोचक मोड़ अवश्य हैं। इसके सभी गाने जोरदार हैं और इनमें से कुछ तो आप कई सप्ताह तक गुनगुनाते रह सकते हैं। मीका और बादशाह का गाया हुआ 'सावन में लग गई आग' तो आने वाले दिनों में हर डीजे में गूंजता दिखेगा। कुल मिलाकर फिल्म मनोरंजक और हास्यपूर्ण है।

# अच्छी और मनोरंजक कहानी

**फिल्मः हबी हैलावीन**
**प्लेटफॉर्म : नेटफ्लिक्स**
**कलाकारः एडम सैंडलर, केविन जेम्स, जूली बोवेन, रे लायोटा, रॉब स्नीडर तथा जुन स्क्रिब**
**रेटिंगः 5/10**

**सैंडलर के बोलने का ढंग ऐसा है कि कई बार तो बात समझ में ही नहीं आती जो काफी मनोरंजक लगता है। जिस प्रकार से वो सलेम की सड़कों पर उसपर बच्चों और बड़ों द्वारा फेंकी जा रही वस्तुओं से बचते हुए चलता है, देखते ही बनता है।**

**अब चूंकि** हैलोवीन की अवधारणा ही विदेषी है तो हमें पता ही नहीं चलता कि ये हल्ला-गुल्ला क्यों मचा है। लेकिन इतना तो हमें भी पता ही रहता है कि ये एक वैश्विक अवधारणा है और इसे दुनिया भर में माना जाता है। कहानियों से हमें पता ही है कि कैसे दुनिया में 15वीं और 18वीं शताब्दी के बीच लोगों को मारा जाता था। हमने अमेरिका के मैसाचुसेट्स नगर के सलेम के बारे में भी सुना है जहां जादुई प्रयोग किये जाते हैं। अब आप इन दोनों तथ्यों को मिला दीजिये और आपके सामने है हबी हैलोवीन की कहानी। जबकि ये रिलीज ही 31 अक्तूबर



को होनी थी लेकिन अब इसके निर्माता क्यों इसे तीन सप्ताह पहले रिलीज़ करना चाहते हैं, इस बारे में तो केवल कयास ही लगाए जा सकते हैं। बुरी बात ये लगती है कि इसकी कहानी प्रारंभ से ही दुखांतक है। आप 40 साल के एक मध्यआयु के व्यक्ति के बारे में सोचिये जिसे उसकी आयु के ही नहीं बल्कि बच्चे भी डराते हैं। क्यों है ऐसा? क्यों है ऐसा? क्या उसके बोलने की शैली के कारण? या फिर वो बहुत अच्छा और सीधा है? लेकिन वास्तव में इसके तीनों ही कारण हैं। लेकिन यदि आप इन बातों से सामंजस्य स्थापित कर लें तो फिर ये देखने के लिए एक अच्छी फिल्म साबित हो सकती है। सैंडलर के बोलने का ढंग ऐसा है कि कई बार तो बात समझ में ही नहीं आती जो काफी मनोरंजक लगता है। जिस प्रकार से वो सलेम की सड़कों पर उसपर बच्चों और बड़ों द्वारा फेंकी जा रही वस्तुओं से बचते हुए चलता है, देखते ही बनता है। फिल्म में अधिकतर तो आप हंसते ही रहते है लेकिन बीच बीच में आपका मन दुखी भी हो जाता है। लेकिन कुल मिलाकर आप इस फिल्म को हल्के मनोरंजन के लिए अवश्य देख सकते हैं। इसमें प्रामाणिक कुछ भी नहीं है लेकिन मूर्खता भी तो किसी को हंसा सकती है।

### बिग मैजिक के शो त्योहारों के मौके पर परिवार के हर सदस्य के चेहरे पर मुस्कुराहट बिखेरने को तैयार




**त्योहार** हमारी संस्कृति का हिस्सा हैं और हमारे जीवन में इस प्रकार रचे बसे हैं कि हम हर साल उनके आने का बेसब्री से इंतजार करते हैं। त्यौहार हमें एक दूसरे के साथ अच्छा समय बितानेए दोस्तों और उनके परिवार की मेजबानी का मौका देते हैं। हमारे जीवन में त्यौहारों के उत्साह की जड़ बहुत गहरी हैए वे हमारी परंपरा और संस्कृति में समा चुके हैं और हमें अपने पूर्वजों के पाठ पढ़ाते हैं। इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए और परिवारों को टेलीविजन देखने का संपूर्ण अनुभव देने के लिये बिग मैजिक चार नई पेशकशों से जश्न की शुरुआत कर रहा है। इन नए शोज का प्रसारण 17 अक्टूबर से सोमवार से रविवार शाम 6 से रात 8 बजे के बीच किया जाएगा। यह नये शो हैं शाकालाका बूम बूम, एक से भले दो, सीजन 2, माँ शक्ति और अफ्सर बिटिया। यह शोज दर्शकों के लिये मनोरंजन को बढ़ाने के साथ उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण सीख भी देंगे।

शाम को रोमांच से भरने के लिए इस लाइन अप की शुरुआत शाकालाका बूम बूम से होगी। यह एक फैंटेसी शो है जो नन्हे दर्शकों को शाम 6 बजे जादू, रोमांच और नई चुनौतियों की दुनिया में ले जाएगा। शाम 6.30 बजे लोकप्रिय शो एक से भले दो के दूसरे सीजन की बारी आएगी जिसे अपने दमदार कथानक के लिये दर्शकों से बहुत प्यार मिला है। इसमें दर्पण नाम की एक बच्ची और उसके पाले हुए हाथी गणेश की कहानी है जिसे वह अपना भाई मानती है। सीजन 2 में शो 10 साल आगे बढ़ जाएगा और दर्पण ऊर्फ रिया एक नये अवतार में नजर आयेंगी जो किसी कारण से अपना अतीत भूल चुकी है। रिया और गणेश के खूबसूरत रिश्ते को दिखाते हुए यह शो एक बार फिर दर्शकों को आकर्षित करेगा। इसके बाद भक्तगण माँ शक्ति शो के साथ माँ दुर्गा की भक्ति में खो सकते हैं जिसका प्रसारण शाम 7 बजे होगा। इस शो में दिखाया गया है कि देवी दुर्गा अपने भक्तों को कैसे बुराइयों से बचाती हैं और उनकी आस्था को मजबूत बनाती हैं। आखिर में नया शो अफसर बिटिया इस लाइन अप की चौथी पेशकश है जिसका प्रसारण शाम 7.30 बजे होगा। यह एक पिता के सपने और बेटी की लगन की कहानी है जो हर चुनौती से

**यह चार नये शो हैं शाकालाका बूम बूम, एक से भले दो, सीजन 2, माँ शक्ति और अफसर बिटिया। ये शो सभी उम्र के दर्शकों का पूरे सप्ताह मनोरंजन करेंगे**

जूझते हुए बीडीओ ऑफिसर बनकर अपने पिता का सिर गर्व से ऊंचा करती है। बाप बेटी का यह रिश्ता दिल से जुड़ा है और प्रासंगिक भी है इसलिये इस शो को पूरा परिवार साथ बैठकर देख सकता है और आनंद ले सकता है। मनोरंजन यहीं खत्म नहीं होगा क्योंकि इस लाइन.अप के बाद मौजूदा लोकप्रिय शोज जोधा अकबर 2 घंटे के महाएपिसोड्स और पृथ्वीराज चौहान भी हैं। इस प्रकार बिग मैजिक पर दर्शकों के लिये शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक असीमित मनोरंजन के 5 घंटे होंगे। अपने वादे को निभाते हुए इस चैनल के पास सभी उम्र के अपने दर्शकों के लिये कुछ न कुछ जरूर है और इस तरह यह एक संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन चैनल है। यह नई पेशकशें त्यौहारों से पहले ही शुरू हो जाएंगी और बिग मैजिक की कंटेन्ट लाइब्रेरी को मजबूत करेंगी। इस प्रकार दर्शकों के लिये रोमांचक और मजेदार अनुभव सुनिश्चित किया जाएगा। 17 अक्टूबर से प्रत्येक सोमवार से रविवार शाम 6 बजे से यह चार नये कार्यक्रम देखिये, केवल बिग मैजिक पर।

### नवाजुद्दीन सिद्दिकी की पत्नी ने कोर्ट में अपने पति के विरुद्ध बयान दर्ज कराया



**मुजफ्फरनगर।** अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दिकी से अलग रह रही उनकी पत्नी आलिया ने यहां मजिस्ट्रेट के सामने अपना बयान दर्ज कराया है और इस आरोप को दोहराया है कि 2012 में अभिनेता के भाई ने उनके एक परिजन के साथ छेड़खानी की थी।

क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने पीटीआई भाषा को बताया कि आलिया पोक्सो (बाल यौन अपराध सुरक्षा अधिनियम) अदालत में पेश हुईं और उन्होंने सीआरपीसी की धारा 164 के तहत अपने पति और उनके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ अपना बयान दर्ज कराया। नवाजुद्दीन से इस संबंध में टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हो पाया है जबकि उनके भाई सैफुद्दीन सिद्दिकी ने आरोप लगाया कि आलिया अभिनेता को ब्लैकमेल करने और उनसे पैसे ऐंठने का प्रयास कर रही हैं।

### कुमार सानू कोविड-19 से संक्रमित



**मुंबई।** लोकप्रिय बॉलीवुड गायक कुमार सानू को कोरोना वायरस से संक्रमित पाया गया है। पार्श्व गायक की टीम ने बृहस्पतिवार शाम को सोशल मीडिया पर यह खबर साझा की। सानू की टीम ने अपने फेसबुक पेज पर लिखा, दुर्भाग्य से सानू दा के कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है, कृपया उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करें। धन्यवाद। सानू लॉस एंजिलिस में 20 अक्टूबर को अपना 63 वां जन्मदिन मनाने के लिए 14 अक्टूबर को अमेरिका जाने की योजना बना रहे थे, लेकिन उनके संक्रमित पाए जाने के बाद उनकी योजना अब निरस्त हो गई है। किंग ऑफ मेलोडी के नाम से मशहूर गायक ने विभिन्न भाषाओं में हजारों गाने गाए हैं। सानू के बेटे जान, बिग बॉस 14 के प्रतियोगियों में से एक हैं, जिसकी मेजबानी सलमान खान कर रहे हैं।

## डीडीएलजे को हुए 25 सालः अब भी उतनी ही रूमानी, जादू बरकरार

**नई दिल्ली।** पंजाब के सरसों के खेतों में और स्विट्जरलैंड के घास के मैदानों में प्यार की कहानियां दर्शाने वाली फिल्म दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे 25 साल पहले आई थी और सिनेमा के इतिहास की शानदार फिल्म बन गई।



भारत की सबसे सफल फिल्मों में गिनी जाने वाली इस फिल्म में पिछले कुछ दशकों की सिनेमा की सबसे लोकप्रिय शाहरुख खान और काजोल की जोड़ी का जादू दर्शकों पर जमकर चला। समय के साथ भी इस फिल्म का जादू कम नहीं हुआ और अनेक दर्शकों ने इसे कई बार देखा है। फिल्म की प्रेम कहानी आज भी ताजा है। हालांकि कुछ लोग मानते हैं कि यह समकालिक हकीकतों से मेल नहीं खाती।

राज-सिमरन के रोमांस की कहानी वाली यह फिल्म 20 अक्टूबर 1995 को रिलीज हुई थी। फिल्म विदेशों में रहने वाले भारतीयों के अंदर बसी भारतीयता को भी छूती है। मुंबई के मराठा मंदिर में फिल्म 25 साल से लगी हुई है और इस साल मार्च में कोविड-19 लॉकडाउन लगने से पहले तक दर्शक इसे देखने आते रहे।

वरिष्ठ फिल्म समीक्षक सैबाल चटर्जी के मुताबिक, इस फिल्म ने एनआरआई लोगों के लिए डिजाइनर फिल्म के युग की शुरुआत की थी।

मशहूर फिल्मकार यश चोपड़ा के बेटे आदित्य चोपड़ा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म में अमरीश पुरी, फरीदा जलाल और अनुपम खेर के भी प्रमुख किरदार थे। फिल्म उस समय रिलीज हुई जब भारत ने उदारीकरण को अपनाया था। चटर्जी ने कहा कि फिल्म ताजातरीन दिखी लेकिन इसमें नई चमक-दमक के साथ जीने के पुराने तौर-तरीकों को शामिल किया गया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, कहानी एक एनआरआई दंपती की है जो अपनी शर्तो पर जीते हैं लेकिन दिल से पूरी तरह भारतीय हैं।

चटर्जी के अनुसार डीडीएलजे हिंदी सिनेमा पर अपना असर दिखाने के मामले में 1975 में आई शोले के बाद दूसरी फिल्म है। पिछले दो दशक में दर्शकों की पूरी पीढ़ी उम्र में आगे निकल चुकी है लेकिन कुछ के लिए फिल्म की प्रासंगिकता पहली बार उनके फिल्म देखने के अनुभव से ही जुड़ी है। मथुरा निवासी पूर्व स्कूल प्राचार्य 84 वर्षीय प्रेमा महर्षि जब फिल्म को याद करती हैं तो उन्हें इसका सबसे लोकप्रिय संवाद जा सिमरन जा, जी ले अपनी जिंदगी सबसे पहले याद आता है।

वह हल्के-फुल्के अंदाज में कहती हैं, एक बात मुझे तब भी सोचने पर मजबूर कर देती थी कि शाहरुख ने ट्रेन रोकने के लिए चेन क्यों नहीं खींची। अगर ट्रेन काजोल को लिए बगैर स्टेशन से चली जाती तो क्या होता? काजोल को कितना भागना पड़ता।

सरकारी अधिकारी रोहित सागर के अनुसार यह फिल्म वास्तविक जीवन और काल्पनिकता का अनोखा मिश्रण है। कोलकाता के रहने वाले सागर कहते हैं कि वह डीडीएलजे को 1995 में 20 साल पुराना और आज 45 साल पुराना मानते हैं। उन्होंने कहा, नई पीढ़ी इस फिल्म को थोड़ी पुरानी सोच वाली मान सकती है। हालांकि कुछ बातें आज के समय में प्रासंगिक हैं।